डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-31, मूल्य ₹10.00

www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 03.08.2020 से 09.08.2020

नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में लीड ले मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में कक्षा छठवीं से ही प्रारंभ की जाये व्यावसायिक शिक्षा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा विभाग की गतिविधियों तथा नई शिक्षा नीति के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, केंद्र सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति देश में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इसके क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश लीड ले। इसके सभी प्रावधानों पर राज्य की परिस्थितियों के अनुसार तत्परता के साथ अमल किया जाए। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान न देकर उनका कौशल विकसित करने के लिए प्रदेश में कक्षा छठवीं से ही व्यावसायिक शिक्षा दिए जाने के प्रावधान को जल्द से जल्द लागू किया जायेगा। स्कूली पाठ्यक्रम में संगीत, दर्शन, कला, नृत्य के साथ ही योग का भी समावेश किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा विभाग की गतिविधियों तथा नई शिक्षा नीति के संबंध में प्रदेश में की जाने वाली कार्रवाइयों संबंधी बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में नई शिक्षा नीति के प्रावधानों को तत्परता के साथ लागू करने के लिए शिक्षा मंत्री एक टीम गठित करें जो इस संबंध में कार्रवाई के लिए रूपरेखा बनाए। प्रदेश में विशेष रूप से व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाना है, जिससे विद्यार्थी शुरू से ही अपने क्षेत्र में दक्षता हासिल कर ले तथा उसे भावी जीवन में एक अच्छी आजीविका प्राप्त हो सके।

कर्मयोग एवं नैतिक शिक्षा का समावेश

श्री चौहान ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत स्कूली पाठ्यक्रम में योग एवं नैतिक शिक्षा को विशेष महत्व दिया जाए। इसके साथ ही संगीत, दर्शन, कला, नृत्य आदि विषय भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे।

उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल विकसित किए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में गांवों के क्लस्टर में उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल विकसित किए जाएंगे। इस संबंध में भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि प्रदेश में इस प्रकार के 10 हजार स्कूल विकसित किए जाने की योजना बनाई जा रही है।

निजी स्कूल किसी विद्यार्थी का नाम नहीं काट सकेंगे

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संकट के चलते निजी विद्यालय विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस के अलावा अन्य शुल्क वसूल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित करे कि यदि कोई अभिभावक बच्चे की फीस नहीं चुका पा रहा है तो भी उसका नाम विद्यालय से किसी भी हालत में नहीं कटना चाहिए। कोरोना संकटकाल में निजी विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री चौहान ने स्कूल शिक्षा मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार से कहा कि वे प्रदेश के स्कूल संचालकों एवं अभिभावकों से बातचीत कर हल निकालें।

कोविड-19 में डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था

प्रदेश में कोविड-19 काल में डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए भी डिजिटल शिक्षा प्रारंभ होगी जो उन्हें प्रत्येक सप्ताह 3 दिन दी जाएगी तथा प्रतिदिन 30 मिनट का समय निर्धारित होगा। इसके अलावा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं में सप्ताह में 5 दिन तथा हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में सप्ताह में 6 दिन डिजिटल शिक्षा दी जाएगी।

लैपटॉप वितरण के लिए रूपरेखा बनाएं

श्री चौहान ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि प्रदेश में कक्षा बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण के लिए रूपरेखा बनाई जाए। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि इस कार्य में लगभग 40 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

328 शाला भवनों का होगा लोकार्पण

बैठक में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने बताया कि प्रदेश में 328 स्कूल भवन पूर्ण हो गए हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनके लोकार्पण के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायकों, सांसदों आदि के माध्यम से लोकार्पण कराए जाने की रूपरेखा बनाई जाए।

गांवों में टीवी के माध्यम से शिक्षा

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कोरोना संकटकाल में गांवों में टीवी के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने एवं शिक्षा देने की व्यवस्था की जाए। इससे विद्यार्थी घर बैठे ही टीवी पर शैक्षणिक सामग्री प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस कार्य को अभियान के रूप में जन सहयोग से किया जाए। ग्राम पंचायत आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने जानकारी दी कि कक्षा 10वीं के परिणाम में इस वर्ष सुधार हुआ है, जबकि कोरोना संक्रमण की वजह कक्षा 12वीं के परिणाम में मामूली गिरावट आई है।

उन्होंने कोरोना संक्रमण के दौरान 'अब पढ़ाई नहीं रुकेगी' की थीम पर विभाग द्वारा किये गये नवाचारों जैसे- रेडियो स्कूल कार्यक्रम, डिजिटल लर्निंग इनहैंसमेंट कार्यक्रम, टीवी/केबल प्रसारण, वर्कबुक एवं पाठ्यपुस्तक वितरण, शिक्षक- छात्र संवाद, लॉकडाउन का अनुभव साझा करने वाली बहुभाषायी लॉकडाउन प्रतियोगिता और हमारा घर-हमारा विद्यालय प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी दी।

सीएम राइज-शिक्षक प्रशिक्षण

सीएम राइज कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन एवं कौशल विकास के लिये कुल 15 लाख कोर्स पूर्ण किये गये हैं, जिनमें 3 लाख 50 हजार यूजर्स ने लगभग 18 लाख घंटे प्रशिक्षण लिया। राजस्थान और हरियाणा सरकार द्वारा भी सीएम राइज के कोर्स का अनुसरण किया जा रहा है। दस हजार शिक्षकों को आनन्दम संस्थान में 'अलोहा हैप्पीनेस' कार्यक्रम के तहत 'खुशहाल और सन्तुष्ट जीवन' के तहत प्रशिक्षित किया गया। ब्रिटिश काउंसिल के साथ कक्षा 6वीं से कक्षा 12वीं कक्षा के 7 हजार अंग्रेजी भाषा शिक्षकों को एमओओसी (मूक) कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया।

कॅरियर पोर्टल

विद्यार्थियों के कॅरियर काउंसिलिंग के लिये यूनिसेफ के सहयोग से 'एमपी एस्पायर पोर्टल' तैयार किया गया है, जिसमें 550 से अधिक कॅरियर एवं 1150 से अधिक परीक्षाओं एवं व्यावसायिक कोर्स तथा 1120 से अधिक छात्रवृत्ति की जानकारी दी जाती है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

पंद्रह अगस्त को जनता के सामने रखा जाएगा रोडमैप

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसे आगामी 15 अगस्त को प्रदेश की जनता के सामने रखा जाएगा। इसके अंतर्गत उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जिनमें मध्यप्रदेश लीडर की भांति उभर सकता है। प्रदेश के प्रत्येक जिले की एक विशिष्टता की पहचान कर उसे विकसित किया जाएगा तथा विश्व स्तर पर लाने का प्रयास किया जाएगा। स्व-सहायता समूहों एवं लघु, कुटीर उद्योगों के माध्यम से 'लोकल को वोकल' बनाया जाएगा।

ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान कहीं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्राप्त सुझावों के आधार पर यह प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया है।

कच्चे माल की उपलब्धता एवं स्थानीय संसाधन आधारित उद्यम

श्री चौहान ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश योजना का एक प्रमुख बिन्दु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल एवं संसाधनों के आधार पर लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना होगा। इस कार्य में स्व-सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हर जिले को अलग पहचान दिलाने में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान होगा।

गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देंगे

श्री चौहान ने कहा कि गारमेंट उद्योग में रोज़गार की संभावनाएं बहुत अधिक हैं, इसे मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। गारमेंट उद्योग स्थापित करने के लिए सरकार की तरफ से निवेशकों को विभिन्न सहूलियतें दी जाएंगी।

फूड प्रोसेसिंग में एग्रेसिव एप्रोच अपनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जिन फसलों का उत्पादन अधिक है, उनकी प्रोसेसिंग, ग्रेडिंग, पैकेजिंग आदि के लिए एग्रेसिव एप्रोच अपनाई जाएगी। मध्यप्रदेश में फूड प्रोसेसिंग को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाएगा।

वन नेशन-वन मार्केट

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'वन नेशन वन मार्केट' की अवधारणा को मध्यप्रदेश में फलीभूत करने के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। इसके माध्यम से किसानों को उनकी फसल का अधिक से अधिक मूल्य मिल पाएगा।

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के वेबीनार में शामिल हुए मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के क्रियान्वयन के प्रत्येक चरण में देश में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर है। पीएम स्वनिधि योजना के पोर्टल पर 18 हजार 533 यानि देश के 56 प्रतिशत प्रकरणों की स्वीकृति में मध्यप्रदेश शीर्ष पर है। बैंक को 82 हजार 652 आवेदन यानि देश के 27 प्रतिशत प्रकरणों को प्रस्तुत करने में भी प्रदेश अग्रणी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि के वेबीनार में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी दी। वेबीनार में शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप पुरी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए।

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप पुरी ने पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के सभी पैरामीटर में मध्यप्रदेश के अग्रणी रहने पर मध्यप्रदेश की सराहना की। उन्होंने वेबीनार में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सेहत की जानकारी ली और उनके जज्बे की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने वेबीनार में कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत गत 6 जून को मुख्यमंत्री शहरी असंगठित कामगार एकीकृत पोर्टल को लॉन्च किया था। अब तक पोर्टल पर 8 लाख 70 हजार 330 पथ विक्रेताओं का पंजीयन कराया गया है। इन विक्रेताओं में से 3 लाख 14 हजार 455 को वेंडर प्रमाण-पत्र के साथ ही परिचय पत्र भी उपलब्ध कराए गए हैं। पंजीकृत विक्रेताओं को भारत सरकार के पोर्टल में पंजीकृत किया जा रहा है। पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत पीएम निधि पोर्टल पर मध्यप्रदेश के 18 हजार 533 ऋण प्रकरणों की स्वीकृति हो चुकी है। जो कि देश के कुल स्वीकृत प्रकरणों का 56 प्रतिशत है। पीएम स्वनिधि पोर्टल पर ऋण स्वीकृति में भी मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थी देंगे ऑनलाइन परीक्षा

भोपाल, तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 अगस्त से ऑनलाइन मोड पर प्रारंभ होंगी। इसमें बी.ई., बी.आर्क तथा बी.फॉर्मेसी के लगभग 36 हजार 962 विद्यार्थी शामिल होंगे।

इस वर्ष बी.आर्क के अंतिम सेमेस्टर के 242 छात्र, बी.फार्मेसी के 4 हजार 240, बी.ई. कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के 8 हजार 571 छात्र, सिविल इंजीनियरिंग के 6 हजार 601, इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 3 हजार 528, मेकेनिकल इंजीनियरिंग के 7 हजार 312, एग्रीकल्चर टेक्नालॉजी के पांच, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के 125, केमिकल इंजीनियरिंग के 98, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के एक हजार 943, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 857, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्स्ट्रूमेन्टेशन इंजीनियरिंग के 40 और फायर टेक्नोलॉजी एवं सेफ्टी इंजीनियरिंग के 197 छात्र इस वर्ष ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होंगे।

इसी प्रकार इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के एक हजार 724 छात्र, माइनिंग इंजीनियरिंग के 154 छात्र, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के सात छात्र, इण्डस्ट्रियल इंजीनियरिंग मैनेजमेंट का एक तथा एमसीए के एक हजार 312 छात्र अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं देंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

25 जुलाई

रेलवे जारी करेगा क्यूआर कोड वाली टिकट

● कोरोना महामारी के संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुये भारतीय रेलवे अब ट्रेन

के टिकट के स्वरूप में बदलाव करने जा रहा है। रेलवे अगले महीने से टिकट की जगह क्यूआर कोड जारी करेगा। इस क्यूआर कोड में यात्री की सभी जानकारी उपलब्ध होगी। टीटीई प्लेटफॉर्म पर तथा रेल यात्रा के दौरान क्यूआर कोड स्कैन कर टिकट की जांच करेगा। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन वी.के. यादव ने बताया कि अगले माह से विंडो टिकट बुक कराते समय बुकिंग कर्मचारी पैसेंजर से मोबाइल नंबर पूछेगा, जिसे कम्प्यूटर सिस्टम में दर्ज किया जायेगा। टिकट बुक होते ही संबंधित व्यक्ति के पास मैसेज आयेगा। मैसेज में एक लिंक होगा, जिस पर क्लिक करते ही क्यूआर कोड दिखने लगेगा। स्टेशन के एंट्री गेट और ट्रेन में टीटीई के पास इस कोड को स्कैन किया जा सकेगा। यह सुविधा अगस्त माह से देश के चुनिंदा रेलवे स्टेशनों पर शुरू होगी। फिलहाल ऑनलाइन टिकट लेने पर यह सुविधा मिल रही है।

● केंद्र सरकार ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) सहित केंद्रीय सहायता प्राप्त तकनीकी संस्थानों के प्रवेश नियमों को शिथिल कर दिया है। इन संस्थानों में अब शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिये बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत या फिर टॉप-20 परसेंटाइल मापदंड की अनिवार्यता नहीं होगी। छात्रों को जेईई मेंस की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। हालांकि छात्रों को बारहवीं कक्षा पास करना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि आईआईटी में भी प्रवेश नियमों में बदलाव किया गया है।

● स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) के सेलम प्लांट ने एक ऐसा स्टेनलेस स्टील तैयार किया है, जो अत्यधिक क्षय प्रतिरोधक है। यह स्टेनलेस स्टील एसएस 32205 श्रेणी का है। इसके साथ ही सेल हाईली कोरोजन रेसिस्टेंट सुपर डुप्लेक्स स्टेनलेस स्टील विकसित करने वाली देश की चुनिंदा कंपनियों की श्रेणी में शामिल हो गया है। यह स्टेनलेस स्टील बेहद मजबूत और टिकाऊ है। इस स्टील का उपयोग कोरोजन प्रभावित क्षेत्रों की विभिन्न जरूरतों और निर्माण कार्य जैसे केमिकल प्रोसेसिंग इक्विपमेंट में किया जा सकता है।

26 जुलाई

सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन को मिली मंजूरी

● केंद्र सरकार ने भारतीय सेना में महिलाओं के स्थायी कमीशन को आधिकारिक तौर पर स्वीकृति प्रदान की है। सरकार द्वारा इस संबंध में जारी आदेश

के बाद सेना में अब विभिन्न शीर्ष पदों पर महिला अधिकारियों की तैनाती भी हो सकेगी। इस आदेश के अनुसार शॉर्ट सर्विस कमीशन की महिला अधिकारियों को भारतीय सेना के सभी दस हिस्सों में स्थायी कमीशन मिलेगा। अब महिला अधिकारियों को सेना में एयर डिफेंस, सिग्नल, इंजीनियरिंग, आर्मी ऐविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ईएमई), आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आयुध कोर और इंटेलिजेंस कोर के अलावा जज एंड एडवोकेट जनरल तथा सैन्य शिक्षा कोर में स्थायी कमीशन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के लिए फरवरी 2020 में निर्णय सुनाया था। इस निर्देश का पालन करते हुए केंद्र सरकार ने यह आदेश जारी किया है।

● देश में हरित ईंधन (ग्रीन फ्यूल) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने हाइड्रोजन मिश्रित सीएनजी ईंधन के लिए इस्तेमाल पर सुझाव मांगे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन में हाइड्रोजन मिश्रित सीएनजी को वाहन ईंधन के रूप में शामिल करने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम-1979 में बदलावों पर सुझाव मांगे गए हैं। उल्लेखनीय है कि सीएनजी से पेट्रोल और डीजल की तुलना में कम प्रदूषण होता है। एक रिसर्च के अनुसार सीएनजी में हाइड्रोजन मिलाने से वायु प्रदूषण की मात्रा बहुत कम हो जाती है।

27 जुलाई

ट्राई ने ब्रॉडकास्टर्स को नेशनल टैरिफ ऑर्डर लागू करने के दिए निर्देश

● भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सभी टीवी ब्रॉडकास्टर कंपनियों को नेशनल टैरिफ ऑर्डर (NTO

TRAI
Telecom Regulatory Authority of India

2.0) हर हाल में 10 अगस्त तक लागू करने का निर्देश दिया है। ट्राई ने कहा कि सभी ब्रॉडकास्टर्स नेशनल टैरिफ ऑर्डर के तहत अपने यूजर्स को अपने चैनल्स ऑफर करें। नए टैरिफ ऑर्डर के तहत ब्रॉडकास्टर्स को अपने चैनल्स की अधिकतम मासिक दरें, बुके और इंटरकनेक्टेड पैक्स या ऑफर्स को पब्लिश करना होगा। इससे यूजर्स को चैनल्स सब्सक्राइब करने में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि ट्राई ने 1 जनवरी 2020 को डीटीएच और केबल ऑपरेटर्स के लिए नेशनल टैरिफ ऑर्डर जारी किया था।

● अमेरिका और चीन के बीच दक्षिण चीन सागर को लेकर तनातनी बढ़ गई है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा कि दक्षिण चीन सागर चीन की सम्पत्ति नहीं है। दक्षिण चीन सागर को लेकर अमेरिका की नीति स्पष्ट है। अगर चीन अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करता है तथा अन्य राष्ट्र इसका विरोध नहीं करेंगे तो चीन इस क्षेत्र पर कब्जा कर लेगा। दक्षिण चीन सागर का विवाद अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार हल किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि चीन सम्पूर्ण दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। अमेरिका ने कुछ सप्ताह पहले आधिकारिक तौर पर दक्षिण चीन सागर के तटीय संसाधनों पर चीन के अवैध कब्जे को पूरी तहर गैर कानूनी करार दिया था।

● मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में प्रसिद्ध पाकाया ज्वालामुखी एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी ग्वाटेमाला से लगभग 55 किलोमीटर दूर स्थित इस ज्वालामुखी से भीषण लावा और राख निकल रही है। लावा की ऊंचाई 20 से 25 मीटर तक बताई जा रही है। स्थानीय सरकार के अनुसार इस जवालामुखी में पहली बार विस्फोट लगभग 23 हजार वर्ष पहले हुआ था। यह ज्वालामुखी अब तक 23 बार सक्रिय हो चुका है।

28 जुलाई

एसबीआई ने लॉन्च किया पेंशन सेवा पोर्टल

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने बैंक में पेंशन अकाउंट रखने वाले पेंशनरों

State Bank of India

के लिए एक पोर्टल लॉन्च किया है। इसे एसबीआई पेंशन सेवा नाम दिया गया है। इस पोर्टल पर लॉग इन कर खाताधारक अपनी पेंशन संबंधी जानकारियां चेक कर सकता है। इस सुविधा के बाद अब खाताधारक को पेंशन प्रोफाइल और ट्रांजेक्शन डिटेल्स पता करने के लिए बैंक नहीं जाना पड़ेगा। इस सुविधा से एसबीआई से जुड़े लगभग 54 लाख पेंशनरों को फायदा मिलेगा।

● विश्व अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनी गूगल ने वैश्विक कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए दुनियाभर में अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम (घर से काम) करने की मंजूरी दी है। गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई ने सभी कर्मचारियों को भेजे गए ई-मेल में कहा कि कर्मचारियों को आगे की योजना तैयार करने का मौका देते हुए हम पूरी दुनिया में अपने कर्मचारियों को घर से काम करने का विकल्प 30 जून 2021 तक बढ़ा रहे हैं। गूगल ने मई में कहा था कि वह अपने वैश्विक कार्यालयों को इस वर्ष जून से खोलना शुरू कर देगा, लेकिन ज्यादातर कर्मचारियों ने इस वर्ष के अंत तक वर्क फ्रॉम होम का विकल्प अपनाया था। इसके बाद गूगल ने वर्क फ्राम होम को 30 जून 2021 तक बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि गूगल में 2 लाख से ज्यादा कर्मचारी और कॉन्ट्रेक्टर्स कार्यरत हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

● फिलीपींस में लागू किए गए नए आतंक रोधी कानून का विरोध शुरू हो गया है। नए कानून के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने दुतेर्ते के सालाना संबोधन का भी विरोध किया और दतेर्ते की तुलना कोरोना वायरस से की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कोरोना महामारी के कारण फिलीपींस के आर्थिक हालात खस्ता हैं और राष्ट्रपति दुतेर्ते इससे निपटने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

29 जुलाई

आईआरसीटीसी ने लॉन्च किया क्रेडिट कार्ड

● इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ मिलकर एक क्रेडिट कार्ड जारी किया है। इस कार्ड

IRCTC

के आने के बाद रेलवे के टिकट बुक कराना आसान हो जाएगा। रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने इस कार्ड को लॉन्च करते हुए कहा कि इस कार्ड के लॉन्च होने के साथ ही अब रेल यात्रियों के लिए नई सुविधाओं के दरवाजे खोल दिए गये हैं। इस कार्ड से आईआरसीटीसी वेबसाइट के माध्यम से की गई टिकट बुकिंग पर कई लाभ मिलेंगे। इस कार्ड का प्रयोग करने पर यात्रियों को रेल टिकट के फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी, थर्ड एसी, एग्जीक्यूटिव चेयर कार और एसी चेयरकार के टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत वैल्यू बैक मिलेगा।

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अप्रैल से जून के बीच 73.58 लाख उपभोक्ताओं की ग्राहक को जाने (केवाईसी) जानकारी अद्यतन की है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार इससे ईपीएफओ के लाखों सदस्यों को ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। केवाईसी जानकारी अद्यतन करने से सदस्य ईपीएफओ के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि कोरोना के हालातों को देखते हुए लोगों की ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच बनाना अहम हो गया है।

● केंद्र सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। नोटिफिकेशन के तहत इस प्रोजेक्ट की मियाद 2020-21 से 2024-25 तक होगी। इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार राज्यों को 90 प्रतिशत अनुदान देगी। यह बजट 4 किश्तों में जारी होगा। पहली तीन किश्तों में 30-30 प्रतिशत तथा चौथी किश्त में 10 प्रतिशत बजट जारी होगा। बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सहित सभी पहाड़ी राज्यों, उत्तरपूर्वी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 700 एकड़ भूमि की शर्त रखी है, वहीं अन्य राज्यों के लिए 1 हजार एकड़ जमीन उपलब्ध कराना जरूरी होगा।

30 जुलाई

सीबीडीटी ने आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाई

● देश में लगातार बढ़ते कोरोना संकट को देखते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

The Central Board of Direct Taxes (CBDT)
सत्यमेव जयते

(सीबीडीटी) ने करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की समय सीमा आगे बढ़ा दी है। सीबीडीटी ने वित्त वर्ष 2018-19 (कर निर्धारण वर्ष 2019-20) के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से बढ़ाकर 30 सितंबर 2020 तक कर दी है। आयकर विभाग ने कहा कि कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए करदाताओं के लिए अधिक आसानी से अनुपालन के लिए यह समय सीमा आगे बढ़ाई गई है। उल्लेखनीय है कि सीबीडीटी ने तीसरी बार रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाई है।

● अमेरिका जर्मनी में तैनात अपने सैनिकों की संख्या में कमी करेगा। जर्मनी में अभी अमेरिका के 36 हजार सैनिक तैनात हैं, इनमें से एक-तिहाई यानी 12 हजार सैनिकों को वापस बुलाया जाएगा। माना जा रहा है कि इनमें से 6 हजार सैनिकों को रूस की चुनौती के मद्देनजर यूरोप के ही अन्य सैन्य ठिकानों पर तैनात किया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जून माह में जर्मनी से सैनिकों की एक-तिहाई संख्या कम करने के संकेत दे दिए थे।

● भारत द्वारा चीनी एप्स पर कार्रवाई के बाद अमेरिका भी चीनी एप्स पर कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार चीन के एप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही है। ट्रंप ने कहा कि हम टिकटॉक को देख रहे हैं। हम निर्णय लेने के बारे में विचार कर रहे हैं। अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्टीव म्नुचिन ने कहा कि अमेरिकी सरकार टिकटॉक पर एक राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा कर रही है। समीक्षा के बाद राष्ट्रपति ट्रंप इसके खिलाफ कार्रवाई का आदेश दे सकते हैं।

31 जुलाई

बार काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षाएं हुई स्थगित

● बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 16 अगस्त से प्रस्तावित ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (एआईबीई) को स्थगित कर दिया है। बार काउंसिल ने कहा कि ये परीक्षाएं स्थगित करने का फैसला विश्वव्यापी कोरोना महामारी के संक्रमण के हालात तथा इसके चलते देश के कई क्षेत्रों में लगी आवागमन की रोक को देखते हुये लिया गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा में पूरे देश में कानून की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र भाग लेते हैं। यह परीक्षा 16 अगस्त को प्रस्तावित थी, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुये इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने उम्मीदवारों से आवेदन स्वीकार करने की तिथि भी 31 अगस्त तक बढ़ा दी है।

● केंद्र सरकार ने विदेशों से आयात होने वाले रंगीन टीवी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के तहत 36 से 105 सेंटीमीटर स्क्रीन साइज वाली टीवी के साथ-साथ एलसीडी टीवी के आयात पर भी रोक होगी। सरकार के इस कदम का उद्देश्य घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विदेशों से गैर-जरूरी सामान के आयात में कमी लाना है। उल्लेखनीय है कि भारत में रंगीन टीवी का सर्वाधिक आयात चीन से किया जाता है। चीन के अलावा वियतनाम, मलेशिया, हांगकांग, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड तथा जर्मनी से भी रंगीन टीवी का आयात होता है।

● देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी ने एक एंड्रॉयड मैलवेयर 'ब्लैकरॉक' को लेकर चेतावनी जारी की है। यह बायरस बैंकिंग एवं फायनेंशियल एप सहित 300 से ज्यादा ई-मेल, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया एप से बैंकिंग एवं अन्य गोपनीय जानकारियां चुरा सकता है। यह बायरस क्रेडिट कार्ड की जानकारियां चुराने में भी सक्षम है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 31, 03.08.2020 से 09.08.2020

● **प्रबंध संचालक** - डॉ. सुदाम खाड़े ● **कार्यकारी सम्पादक** - राजीव तिवारी ● **सम्पादक** - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● **प्रभारी अधिकारी** - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● **प्रबंधक** - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार) ● **आकल्पन** - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● **वेबसाइट** - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

आत्मनिर्भर भारत पैकेज-3

मध्यप्रदेश को केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में नम्बर-1 रहना है। यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि योजना को सबसे पहले क्रियान्वित किया गया। अब हमें आत्मनिर्भर भारत योजना को भी मध्यप्रदेश में सबसे पहले क्रियान्वित करना है। इसे सबसे पहले मूर्तरूप देना है। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज-3 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत तत्परता से कार्यवाही प्रकरण बनाए जाएं। हमें इन योजनाओं का लाभ गरीबों, किसानों एवं संबंधित हितग्राहियों को देना है। मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर पैकेज के अंतर्गत सम्मिलित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजना के संबंध में कोई स्थिति स्पष्ट न होने अथवा इनके संबंध में केंद्र सरकार की अन्य किसी सहायता के लिए प्रारूप बनाकर प्रस्तुत करें। प्रधानमंत्री जी को पत्र भिजवाया जाएगा। प्रधानमंत्री राज्यों की मदद करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के लिए वर्ष 2023-24 तक के लिए 7440 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें इस वित्तीय वर्ष में 744 करोड़ रुपये का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रति प्रकरण 2 करोड़ की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी तथा ब्याज में 3 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कृषि अधोसंचरना के विकास के लिए इस फंड का पूरा-पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इस फंड से प्रदेश में कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाउस, साइलो फूड प्रोसेसिंग यूनिट, ई-ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, राइपनिंग चेम्बर, स्मार्ट एग्रीकल्चर ऑर्गेनिक आदान तथा सप्लाई चेन संबंधी अधोसंरचना का निर्माण किया जा सकता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में इस वित्तीय वर्ष में दो-दो प्रकरणों का लक्ष्य दिया जा रहा है। केन्द्र की इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष में एक हजार कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन किया जाएगा। सरकार की ओर से एफपीओ के प्रत्येक सदस्य को दो हजार रुपये तथा प्रत्येक एफपीओ को अधिकतम 15 लाख रुपये तक बराबर मैचिंग इक्विटी ग्रांट प्रदान की जाएगी। प्रत्येक एफपीओ को दो करोड़ रुपये तक क्रेडिट गारंटी फैसिलिटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में एफपीओ का गठन कार्य तत्परता के साथ किया जाए, साथ ही पुराने कृषक उत्पादक संघों को भी मजबूत बनाया जाए। किसानों को क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान योजना में प्रदेश के 9 लाख 87 हजार किसानों को बैंकों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाने हैं। इनमें से 9 लाख 3 हजार किसानों को कार्ड जारी किए जा चुके हैं। शेष 63 हजार 526 किसान पात्र हैं, जिनको किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की कार्यवाही की जानी है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा 334.71 करोड़ रुपये की लिमिट राशि स्वीकृत की गयी है। इसके साथ ही प्रदेश के 2 लाख 68 हजार दुग्ध उत्पादकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर किसान को किसान क्रेडिट कार्ड आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाएं। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर वह स्वयं बैंक के अधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय बैठक करेंगे। आत्मनिर्भर भारत पैकेज-3 एक ऐसा पैकेज है, जिससे प्रदेश के हर वर्ग को खुशहाली मिलेगी और इसके बेहतर परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

पर्वत - पर्वतों को पारंपरिक ढंग से उनकी उत्पत्ति की रीति के अनुसार चार प्रकारों में विभाजित किया जाता है : वलित पर्वत, ब्लॉक पर्वत, ज्वालामुखीय पर्वत और अवशिष्ट पर्वत। वलित पर्वतों के उठने का कारण यह है कि प्लेटों के दबाव के जरिए उनके भीतर की चट्टानें मुड़ गईं और सिलवटदार हो गईं। जिस प्रकार के एक मेजपोश को जब मेज के साथ-साथ खींचा जाता है तो उसमें सिलवटें पड़कर तटें बन जाती हैं, उसी प्रकार पृथ्वी की पपड़ी की चट्टानें पार्श्विक दबाव पड़ने पर वलित पर्वत बन जाती हैं। जब दबाव अत्यधिक होता है तो तहें कठोरता से सिकुड़कर लहरदार हो जाती हैं। इसके आगे भी दबाव पड़ने की स्थिति में वे लहरें एक-दूसरे पर चढ़ जाती हैं। जब लहरें एक-दूसरे पर चढ़ती हैं तो उत्तुंग होती जाती हैं। एक-दूसरे से टकराती पट्टियों के दबावों से ही चट्टानें मुड़कर पर्वत के रूप में ढल सकती हैं। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि हमारी समस्त बड़ी पर्वत प्रणालियां प्लेटों के संघटन से ही निर्मित हुई हैं। ऐसे ही संघटन क्षेत्र के कारण हिमालय पर्वत का आविर्भाव हुआ। इसी प्रकार ऐंडीज (दक्षिण अमेरिका), राकी पर्वत (उत्तरी अमेरिका) और आल्प्स (यूरोप) का उदय हुआ। हिमालय, ऐंडीज, राकी और आल्प्स कम उम्र के पर्वत हैं और इन्हें नव वलित पर्वतों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। महाद्वीपीय विस्थापन से ये पर्वत अस्तित्व में आये। जिन पर्वतों को प्राचीन वलित पर्वत कहा जाता है, वे महाद्वीपीय राशियों के एकत्रित होने के काफी पहले विस्थापन-पूर्व युग में निर्मित हुए थे। प्राचीन वलित पर्वतों में यूरोप का पैनाइन्स, अमेरिका का अपालचिपन्स और भारत के अरावली पर्वत बहुत पहले ही जलवायु से प्रभावित होकर ठूंठ बनकर रह गये हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

हिरोशिमा और नागासाकी परमाणु हमला 6 एवं 9 अगस्त

त्रासदी का पुनर्स्मरण और एक संकल्प कि उसकी कभी पुनरावृत्ति न हो

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहरों पर 06 और 09 अगस्त 1945 को अमेरिका द्वारा किये गये परमाणु हमले से पूरी दुनिया दहल गई थी। इस एक भीषण सामरिक त्रासदी की प्रतिवर्ष विश्व के लगभग सभी देशों में वर्षगांठ मनाई जाती है और इस मौके पर जापान सहित समूचा विश्व संवेदना व्यक्त करता है और विश्व समुदाय की आँखें नम हो जाती हैं। जापान के पीस मेमोरियल पार्क, हिरोशिमा में प्रतिवर्ष 06 अगस्त को हजारों लोग एकत्रित होते हैं और हिरोशिमा और नागासाकी हमले में मारे गए अपने प्रियजन को भारी मन से मार्मिक श्रद्धांजलि देते हैं। विश्व भर में इस हमले को बीसवीं सदी की सबसे बड़ी घटना बताते हुए दुख जताया जाता है और इस त्रासदी का पुनर्स्मरण इस एक संकल्प के साथ किया जाता है कि ऐसी त्रासदी की कभी पुनरावृत्ति न हो। जापान में 06 अगस्त को हिरोशिमा दिवस को शांति दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस उम्मीद में यह आयोजन होता है कि दुनिया में अब कभी इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं होगा। बीसवीं सदी की इस सबसे दर्दनाक घटना का अपराधी देश अमेरिका था और उसके तत्कालीन राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन ने यह कहकर इस विनाशलीला का बचाव किया था कि मानव इतिहास के सबसे खूनी द्वितीय विश्व युद्ध को खत्म कराने के लिए ऐसा करना जरूरी था, जो उस कालखण्ड का सबसे शर्मनाक कथन था।

युद्ध की विभीषिका का चरम था हिरोशिमा पर परमाणु बम से हमला

प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में भीषण संघर्ष में लाखों लोग हताहत हुए और इन दो विश्वयुद्धों के बाद भी विभिन्न देशों के बीच जो द्विपक्षीय युद्ध हुए उसमें भी हज़ारों लोग मारे गये मगर द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका द्वारा जापान के दो शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम से किया गया हमला युद्ध की विभीषिका का चरम था। दो दिनों के अंतराल पर हुए इन हमलों से बसे बसाए दो शहर पूरी तरह नष्ट हो गए। हिरोशिमा पर हुए हमले में करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत हुई थी, जबकि नागासाकी पर हुए हमले में करीब अस्सी हजार लोग मारे गए थे। अमेरिका के इन दो हमलों ने द्वितीय विश्वयुद्ध की सूरत बदल कर रख दी थी। हमले के बाद जापान ने तुरंत युद्धविराम की घोषणा कर दी थी। अमेरिका द्वारा किए गए यह दोनों हमले ऐसी जगह किए गए थे जहाँ न तो कोई बड़ा सैन्य अड्डा था न वहाँ कोई बड़ी सैन्य गतिविधि चल रही थी। यह इलाके पूरी तरह से रिहायशी थे। आँकड़ों के मुताबिक हिरोशिमा पर हुए परमाणु हमले में करीब साठ प्रतिशत लोगों की मौत तुरंत हो गई थी, जबकि करीब तीस प्रतिशत लोगों की मौत अगले एक माह के अंदर भयंकर जख्मों के बाद हुई। इसके अलावा करीब दस फीसदी लोग यहां पर मलबे में दबने और अन्य कारणों से मारे गए थे। इस हमले का सबसे दुखद पहलू यह था कि हमले के सोलह घंटे के बाद राष्ट्रपति ट्रूमैन ने जब घोषणा की, तब पहली बार जापान को पता लगा कि हिरोशिमा में हुआ क्या है? उस समय अमेरिकी राष्ट्रपति

हैरी ट्रूमैन के शब्द थे, सोलह घंटे पहले एक अमेरिकी विमान ने हिरोशिमा पर एक परमाणु बम गिराया है।

हिरोशिमा की विभीषिका के बाद ही संयुक्त राष्ट्र अस्तित्व में आया था

द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका का खास तौर पर जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमेरिका द्वारा हुए परमाणु हमले के बाद विश्व के कई राष्ट्रों द्वारा विश्व शान्ति स्थापित करने के संबंध में एक बैठक बुलाई गई। इस पहल से ही 24 अक्टूबर, 1945 को विश्व में शान्ति स्थापना की पहल करने वाली सबसे बड़ी और सर्वमान्य संस्था 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यू.एन.ओ.) जो अब केवल संयुक्त राष्ट्र के नाम से जानी जाती है, की स्थापना हुई थी। प्रारम्भ में केवल इक्यावन देशों ने ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर हस्ताक्षर किये थे। आज 193 देश इसके पूर्ण सदस्य हैं व दो देश संयुक्त राष्ट्र के अवलोकन देश (ऑब्जर्वर) हैं। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के साथ ही हिरोशिमा पर परमाणु बम से हमले पर इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, हेग के पूर्व उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति सी.जी. वीरामंत्री, श्रीलंका जो दुनिया में प्रख्यात न्यायविदों में गिने जाते हैं, उन्होंने भी विश्व शान्ति के लिये परमाणु निरस्त्रीकरण अभियान की अगुवाई की। उनका तर्क है कि परमाणु हथियार अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून व तमाम धर्मों के सिद्धांतों के खिलाफ हैं और बौद्ध, ईसाई, हिंदू या इस्लामी धर्मग्रंथों में भी जन-संहारक हथियारों का विरोध किया गया है।

परमाणु आयुध हैं चिन्ता का विषय

हिरोशिमा नागासाकी पर परमाणु बम से हमले के बाद भी विश्व में परमाणु हथियारों की जमा करने की स्थिति चिन्ताजनक है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार वर्तमान में विश्व के नौ देशों ने ऐसे परमाणु हथियार विकसित कर लिए हैं, जिनसे मिनटों में यह दुनिया खत्म हो जाए। इन 9 देशों के पास कुल मिलाकर 16,445 परमाणु हथियार हैं। बेशक स्टार्ट समझौते के तहत रूस और अमेरिका ने अपने भंडार घटाए हैं, मगर तैयार परमाणु हथियारों का 93 फीसदी हिस्सा आज भी इन दो देशों के पास है। यह भी चिन्ता का विषय है।

भारत के प्रधानमंत्री ने हिंसामुक्त विश्व का आह्वान किया

वर्ष 2015 में भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराये जाने को मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध निरूपित करते हुए कहा था कि यह त्रासद घटना युद्ध की भयावहता की याद दिलाती है। उन्होंने हिंसा मुक्त विश्व के निर्माण पर जोर दिया और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने भी इस भावना को साझा किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता की समस्याओं के समाधान शांति और प्रगति में निहित हैं। बम गिराये जाने की घटना हमें युद्ध की भयावहता और मानवता पर उसके असर की याद दिलाती है। उन्होंने कहा मानवता की समस्याओं के समाधान शांति और प्रगति में निहित हैं। आइए, एक शांतिपूर्ण और हिंसा से मुक्त दुनिया के निर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलें।

विश्व शान्ति के लिये गाँधी दर्शन आज भी प्रासंगिक है

भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का भी मानना था कि जब तक विश्व में हिरोशिमा जैसे परमाणु हमले का खतरा रहेगा विश्व शांति का सपना कभी पूरा नहीं हो पायेगा। महात्मा गाँधी यह भी मानते थे कि विश्व में वास्तविक शांति लाने के लिए बच्चे ही सबसे सशक्त माध्यम हैं। उनका कहना था कि यदि हम इस विश्व को वास्तविक शान्ति की सीख देना चाहते हैं और यदि हम युद्ध के विरुद्ध वास्तविक युद्ध छेड़ना चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत हमें बच्चों से करनी होगी। यदि महात्मा गाँधी इस युग में जीते होते तो वह हमारे विश्व को गरीबी, अशिक्षा, आतंक, एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र को परमाणु शस्त्रों के प्रयोग की धमकियों तथा विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए जूझ रहे होते। महात्मा गाँधी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में सारे विश्व में मनाया जाता है और आज जब हम हिरोशिमा दिवस के माध्यम से युद्ध की विभीषिका की बात कर रहे हैं तो महात्मा गाँधी का दर्शन सर्वथा प्रासंगिक है।

अमेरीका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी 27 मई 2016 को जापान की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यात्रा के दौरान उन्होंने हिरोशिमा परमाणु हमले के पीड़ितों को जापान के हिरोशिमा में स्थित पीस मेमोरियल पार्क में जाकर श्रद्धांजलि दी थी। हिरोशिमा में दुनिया के पहले परमाणु हमले के करीब इकहत्तर साल बाद पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने उस स्थल का दौरा किया। इस दौरान ओबामा ने कहा कि इकहत्तर साल पहले आसमान से मौत गिरी थी और दुनिया बदल गई थी। ओबामा के बयानों में हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम हमलों के लिए दुख और पछतावा साफ दिखा मगर उसे नाकाफी बताया गया।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जापान के हिरोशिमा, नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बम की त्रासदी पर 'हिरोशिमा की पीड़ा' नामक कविता लिखी थी। इस घटना पर लिखी गई सुप्रसिद्ध कवि अज्ञेय की कविता - 'हिरोशिमा' भी चर्चित रही है।

(फोटो गूगल से साभार)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan
Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

NOTICE INVITING BIDs FOR DPR PREPARATION

(E-Procuremnet Notice)

No./10897/22/D-12/DPR-Cons./WB/MPRRDA/20
Bhopal, Date : 30.07.2020

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR undertake construction of Rural Roads under World Bank financed MP Rural Connectivity Project as per details given below :-

- **District – Betul, Bhopal, Harda, Hoshangabad, Sehore, Raisen, Rajgarh, Vidisha, Ashok Nagar, Datia, Guna, Bhind, Gwalior, Morena, Sheopur, Shivpuri, Alirajpur, Dhar, Indore, Khandwa, Balaghat, Chhindwara, Jabalpur, Seoni, Dindori, Katni, Mandla, Narsinghpur, Rewa, Satna, Sidhi, Shahdol, Chhatarpur, Damoh, Panna, Sagar, Agar, Dewas, Mandsaur, Neemuch, Ratlam, Shajapur, Ujjain.**
  Total - Length- 1044.36

1. Last date of Submission of bid is 24.08.2020 upto 17:30 hrs.
2. Other details may be seen in the RFP document for (preparation of detailed project report for construction/up-gradation of roads/CDs World Bank financed MPRCP–Nov. 2016. updated upto July 2020) on our website **https://www.mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/98066/44188/2020 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)-482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.- 02 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य (08+12+48) आवासगृह, माधव नगर, कटनी हेतु ऑनलाइन निविदा क्र. 2020_MPPHC_99671 (आइटम दर प्रपत्र "ब") निविदा क्रमांक 08/2020-21 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.07.2020 को खरीद कर **दिनांक 10.08.2020 को सायं 18:00 बजे तक** सब्मिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98057/44187/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन बालाघाट (म.प्र.) - 481001
फोन : 07632-247289 ई-मेल : mpphcbalaghat01@gmail.com

प्रेस-विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग बालाघाट में "बाह्य विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत 36वीं भारत रक्षित वाहिनी विसबल ग्राम कनकी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में 33KV/11KV, उच्च दाब लाइन एवं (1x3.15MVA) उपकेन्द्र का निर्माण कार्य" हेतु निविदा क्रमांक 09/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. – 2020_MPPHC_99697_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 17.08.2020 तक ऑनलाइन खरीद कर समय 18:00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98048/44186/2020 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, ओबेदुल्लागंज

जिला रायसेन (म.प्र.)
क्र./मंडी/निर्माण/20-21/452 ओबेदुल्लागंज, दिनांक 28.07.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक **2020_MPSAM_99605, 2020_MPSAM_99606, 2020_MPSAM_99607, 2020_MPSAM_99611, 2020_MPSAM_99613, 2020_MPSAM_99614** के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 25.08.2020 को शाम 5.30 बजे तक** एवं भौतिक रूप से **दिनांक 01.09.2020 को शाम 5.30 बजे तक** जरिये स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी। **नोट** :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/98043/44185/2020 **सचिव**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in फोन : 0734-2527715 मोबा. : 9406808103
क्र. 629 /पयं/मप्रपुहाइडेकालि/20 उज्जैन, दिनांक : 27.7.2020

निविदा सूचना क्र. 05/2020-21

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा सूचना क्रमांक 05/2020-21 दिनांक 29.07.2020 के अंतर्गत जिला आगर-मालवा, शाजापुर, उज्जैन एवं मंदसौर में महिला डेस्क एवं दूसरे विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_99375, 2020_MPPHC_99376, 2020_MPPHC_99377, 2020_MPPHC_99379, 2020_MPPHC_99380, 2020_MPPHC_99381, 2020_MPPHC_99382, 2020_MPPHC_99383, 2020_MPPHC_99384, 2020_MPPHC_99385, 2020_MPPHC_99387 कुल 11 निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 29.07.2020 17.00 बजे से** क्रय किये जा सकते हैं एवं **दिनांक 13.08.2020 18.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/98038/44184/2020 **परियोजना यंत्री**

APPOINTMENTS

ACADEMIC POSITIONS

The Institute is looking for suitable candidates for the following posts

PRINCIPAL (DEPT. OF LAW) • PROFESSOR • ASSOCIATE PROFESSOR • ASSISTANT PROFESSOR

- **DEPARTMENT OF LAW:** Intellectual Property Rights, Public & Private International Law, International Trade Law, Mergers & Acquisitions, International Commercial Arbitration, Commercial Law, Taxation Laws, Business Law, Cyber Law, Criminal Law, Civil Procedure Code and Human Rights Law.
- **DEPARTMENT OF MANAGEMENT: Marketing-** Marketing Analytics, Retail Marketing, Brand Mgmt., Digital & Social Media Marketing, Service Marketing **Finance-** Credit Research & Analysist, Foreign Exchange Mgmt., Banking, Business Costing, Management Information System, Financial Accounting, Corporate Finance **Human Resource-** HR Analytics, Employee Counseling, Strategic Human Resource Management **International Business-** Supply Chain Mgmt., Documentation, Procurement & Inventory Mgmt. **Foundation of Business Management**
- **DEPARTMENT OF IT:** Advanced Java, Android, C ++, Oracle, PHP, Data Analytics, ERP
- **DEPARTMENT OF COMMERCE:** Foreign Trade and Logistics, Accounting, Finance & Tax-Economics
- **DEPARTMENT OF HUMANITIES:** Mass Communication, Public Relations, English.
- **DEPARTMENT OF MATHEMATICS AND STATISTICS:** Operational Research, Brand Management, Operations Management, Statistics and Mathematics.

OTHER POSITIONS: RESEARCH ASSOCIATE / CORPORATE RELATION/ PLACEMENT OFFICER

- **Qualifications / Salary / Perks will be as per AICTE / UGC / BCI Norms.**
- **For Law, preference to candidates from National Law Universities.**
- **Weightage will be given to candidates with industry experience.**

Apply with detailed CV and passport size photo, supporting documents, Phone / Mobile number & Email-id within 10 days to the **Vice Chairman, Prestige Education Society C/o Prestige Institute of Management & Research,** 2 , Education and Health Sector , Scheme 54 , Indore - 452 010 or Email CV to **hr@pimrindore.ac.in**

-Director

PRESTIGE INSTITUTE OF MANAGEMENT & RESEARCH, INDORE

An Autonomous Institution Established in 1994, Accredited Twice Consecutively with Grade "A" NAAC, UGC

Secheme 54, Indore. Ph. 0731 4012222, 2557510, 2557510

R-44189/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY

(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)

PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC

Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh,
Director of Medical Education and Higher Education Department

ADMISSION OPEN 2020-21

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

***Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology**

Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.

Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com

Shreeram

R-44190/2020

पुलिस कर्मचारियों के लिये बनेंगे बहुमंजिला आवासीय परिसर

भोपाल, गृह, जेल, विधि विधायी और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि पुलिस कर्मचारियों की आवासीय समस्या का जल्द ही हल निकाला जाएगा। उन्होंने एक बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड के महानिदेशक श्री अजय शर्मा को पुलिस कर्मचारियों के लिये बहुमंजिला आवासीय परिसरों के निर्माण की कार्ययोजना को शीघ्र मूर्त रूप देने के निर्देश दिए।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि छोटे और मध्यम जिलों में अराजपत्रित अधिकारी और कर्मचारियों को आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनकी आवास संबंधी समस्याओं का निराकरण बहुमंजिला आवासीय परिसरों के निर्माण से हो जाएगा। प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर छोटे जिलों में इन सर्वसुविधा युक्त आवासीय परिसरों का निर्माण करेगी। इसमें लिफ्ट का प्रावधान भी होगा। सामुदायिक भवन का निर्माण भी होगा, जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियां भी हो सकेंगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (योजना) श्री अनिल कुमार भी मौजूद थे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, ग्वालियर (म.प्र.)

निविदा सूचना : 03/एस.ए.सी./सेतु/ग्वालियर/2020-21 ग्वालियर, दिनांक : 29.07.2020

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की श्रेणी	भौतिक रूप से एनक्लप प्रस्तुत करने का कार्यालयीन पता (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_99783_1	अशोकनगर	भारौली अजलेश्वर मार्ग के कि.मी. 6/8 में बानेट नदी पर सीमेंट कांक्रीट पहुँच मार्ग निर्माण।	44.59 लाख	50000/-	5000/-	06 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल
2.	2020_PWDRB_99781_1	भिण्ड	वार्षिक मरम्मत कार्य पुल एवं पहुँच मार्ग।	15.00 लाख	30000/-	2000/-	12 माह वर्षाकाल रहित	केन्द्रीयकृत पंजीयन ठेकेदार	कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग, ग्वालियर

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 19.08.2020 समय 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
सेतु निर्माण संभाग, ग्वालियर

जी-12854/44178/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail :- eepwd1chhind@mp.nic.in, Phone :- 07162-248978

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.नि./2020-21/ छिन्दवाड़ा, दिनांक : 21.07.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा जमा करने का कार्यालय
1.	97664	छिन्दवाड़ा	सड़क कार्य	खैरीपैका दाढीमेटा करवार रेल्वे स्टेशन मार्ग के कि.मी. 1/2 4-6 (130) = 0.53 कि.मी. एवं मारूड से इटावा मार्ग के कि.मी. 1/8 (100), 10, 2, 3 = 2.30 कि.मी. कुल लं. 2.83 कि.मी. में विशेष मरम्मत का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	73.46	10000/-	73500/-	04 माह वर्षाऋतु सहित	मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. (म.क्षे.) जबलपुर
2.	97665	छिन्दवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 01 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी. रिनिवल का कार्य। कुल लंबाई 6.10 कि.मी. (तृतीय आमंत्रण)। 1) जामई बस्ती मार्ग कि.मी. 1/2 से 8 = 0.80 कि.मी. 2) जामई अलीवाडा केवलारी मार्ग कि.मी. 1, 2, 3 = 3.00 कि.मी. 3) जामई चिखलमउ मार्ग कि.मी. 2 = 1.00 कि.मी. 4) जामई तहसील पहुंच मार्ग कि.मी. 1 = 1.00 कि.मी. 5) जामई रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग कि.मी. 1/2-4 (100) = 0.30 कि.मी.	42.37	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
3.	97666	छिन्दवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 02 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर बी.टी. रिनिवल का शेष कार्य। कुल लंबाई 5.10 कि.मी. (पांचवां आमंत्रण)। 1) करेर पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी. 2) वारेघाट देवगढ़ मार्ग लं. 1.00 कि.मी. 3) काराघाट कामठी वारेघाट मार्ग लं. 1.60 कि.मी. 4) लावाघोघरी रेस्ट हाउस मार्ग लं. 100 मीटर 5) उमरनाला रेस्ट हाउस मार्ग लं. 200 मीटर	37.20	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
4.	97667	छिन्दवाड़ा	बी.टी. रिनिवल	उपसंभाग तामिया अंतर्गत छिन्दीजोगी मुआर मार्ग लं. 3.00 कि.मी. पर बी.टी. रिनिवल का कार्य। (पांचवां आमंत्रण)।	21.11	5000/-	42,300/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
5.	97668	छिन्दवाड़ा	भवन कार्य	वार्षिक संधारण मद अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग अमरवाडा अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।	5.00	2000/-	10000/-	02 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिंदवाड़ा
17. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अमिलिया ब्लॉक सिंहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99786_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

18. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बहरी ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99787_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

19. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तरका ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99788_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

20. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सपही ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99789_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

21. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पोखरा ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99790_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

22. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अमरपुर ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99852_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

23. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हटवाखास ब्लॉक सिहावल में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99834_1.	सीधी	62.02	62020/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

24. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय आदर्श कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सीधी ब्लॉक सीधी में फिजिक्स लेबोरेटरी, कैमिस्ट्री लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99883_1.	सीधी	76.54	76540/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

25. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जोगीपुर ब्लॉक सीधी में फिजिक्स लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99892_1.	सीधी	76.54	76540/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

26. जिला सीधी में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सरदा, ब्लॉक सीधी में फिजिक्स लेबोरेटरी, बायोलॉजी लेबोरेटरी 2 क्लास रूम स्टेयर केस के साथ (सिर्फ भूतल) का निर्माण कार्य वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99898_1.	सीधी	76.54	76540/-	10000/-	8 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

27. जिला सीधी में पी.आई.यू. अंतर्गत चल रहा विभिन्न भवनों में सुपरवीजन क्वॉलिटी कन्ट्रोल सर्विस का कार्य (प्रथम आमंत्रण)

2020_PWPIU_ 99901_1.	सीधी	222.03	222030/-	15000/-	24 माह वर्षाकाल सहित	-

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.07.2020 समय 09.00 AM से **दिनांक 04.08.2020** समय 6.00 PM तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सीधी (म.प्र.)

जी-12865/44182/2020

शासकीय अमले को नियत समय से ही मिलेगा वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ

वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर चिंतित न हों कर्मचारी – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों से वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर चिंतित न होने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि हर अधिकारी और कर्मचारी को नियत समय से ही वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा। यद्यपि इस समय कोविड संकट के चलते जनहित में वेतन वृद्धि का वास्तविक लाभ स्थितियां सामान्य होने पर ही मिल सकेगा। श्री चौहान ने विश्वास प्रकट किया है कि प्रदेश को कोरोना संकट से बाहर निकालने के उद्देश्य से सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकार के इस निर्णय का समर्थन और सहयोग करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय मध्यप्रदेश कोरोना संक्रमण के चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है।

सरकार ने कोविड-19 से बचाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एक ओर राज्य के बजट का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य कोविड कार्यों पर खर्च हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक गतिविधियों में कमी के कारण राज्य की आय में कमी आई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अधिकारी और कर्मचारी शासन व्यवस्था की रीढ़ हैं, जिन्होंने हर कठिन समय में सरकार का हमेशा साथ दिया है। सरकार भी अपने कर्मचारियों का वाजिब हक और हित दोनों सुनिश्चित करने के लिए ना कभी पीछे हटी है और ना कभी पीछे हटेगी।

तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 24 अगस्त से ऑनलाइन होंगी

भोपाल, तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षाएं ऑनलाइन मोड पर 24 अगस्त से आयोजित होंगी। तकनीकी-शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितयों और छात्रों के सर्वव्यापी हितों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सेमेस्टर 2 से 7 तक के विद्यार्थियों को अंतरिक मुल्यांकन एवं गत वर्ष में उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी कक्षा में प्रोन्नत करने का भी निर्णय लिया गया है। श्रीमती सिंधिया ने बताया कि जो छात्र ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे उनके लिए बाद में विशेष परीक्षा 15 से 23 सितम्बर के मध्य आयोजित की जायेगी।

प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास श्रीमती कोरोलिन खोंगवार देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि बी.ई. की सैद्धांतिक परीक्षाएं 24,26,28 एवं 31 अगस्त को आयोजित होंगी। बी. फार्मेसी की सैद्धांतिक परीक्षाएं 24,26,28 एवं 31 अगस्त एवं 2 सितम्बर को होंगी। इन विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं 4 सितम्बर से 9 सितम्बर के मध्य होंगी। डिप्लोमा कोर्सेस की सैद्धांतिक परीक्षाएं 27 अगस्त से 7 सितम्बर और प्रायोगिक परीक्षाएं 8 सितम्बर से 14 सितम्बर तक होंगी।

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के सेमेस्टर 3,5 एवं 7 तक के विद्यार्थियों की नियमित ऑनलाइन कक्षाएं 17 अगस्त 2020 तथा सत्र 2021 के प्रथम सेमेस्टर के छात्रों की कक्षाएं 15 अक्टूबर 2020 से प्रारम्भ होंगी।

भांडेर में स्थापित होगा सोलर प्लांट

दतिया, गृह, जेल, विधि-विधायी एवं संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भांडेर क्षेत्र में करीब लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले सोलर प्लांट के लिये चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इसकी स्थापना एस.आर. कंपनी द्वारा की जा रही है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सोलर प्लांट करीब 105 हेक्टेयर में स्थापित होगा और इस प्लांट से करीब 90 से 100 मेगावॉट बिजली का उत्पादन होगा। सोलर प्लांट की स्थापना हेतु भूमि परीक्षण संबंधी अन्य कार्य प्रारंभ हो गए हैं।

वर्चुअल कैबिनेट बैठक

चंबल प्रोग्रेस-वे के नाम से जाना जायेगा चंबल एक्सप्रेस-वे

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में देश की पहली वर्चुअल कैबिनेट की बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों से भागीदारी की।

मंत्रिपरिषद की बैठक में 'चंबल एक्सप्रेस-वे' का नाम बदलकर 'चंबल प्रोग्रेस-वे' करने का निर्णय लिया गया। साथ ही भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत चंबल प्रोग्रेस-वे के निर्माण की स्वीकृति दी गयी। योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा से मुरैना होते हुए भिण्ड जिले तक 309 किलोमीटर की फोरलेन ग्रीन फील्ड सड़क के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाएगी। अर्जित की जाने वाली निजी भूमि को यथासंभव शासकीय भूमि से अदला-बदली के माध्यम से किया जायेगा।

कोविड संक्रमित व्यक्तियों के इलाज की व्यवस्था का अनुसमर्थन

मंत्रिपरिषद ने कोविड संक्रमित व्यक्तियों के इलाज की व्यवस्थाओं का अनुसमर्थन किया, जिसमें जन आरोग्य योजना के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में कोविड का इलाज कराने पर निर्धारित पैकेज के मान से आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश द्वारा 40 प्रतिशत व्यय भार राज्य वहन करेगा। इसी प्रकार जन आरोग्य योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में कोविड का इलाज कराने पर निर्धारित पैकेज के मान से आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश द्वारा शत-प्रतिशत व्यय भार राज्य वहन करेगा। जो व्यक्ति उपरोक्त दोनों श्रेणियों में पात्रता नहीं रखते हैं उनका शासकीय अस्पतालों और अनुबंधित निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज होगा।

कोविड अस्पताल और कोविड हेल्थ केयर सेंटर के लिए निजी चिकित्सालयों के साथ राज्य स्तरीय समिति की उपसमिति के अनुमोदन के बाद अनुबंध निष्पादन किया जायेगा। अस्पतालों को देय राशि का भुगतान जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निर्धारित बेड्स की संख्या के आधार पर होगा।

देय राशि का 60 प्रतिशत मासिक स्थाई लागत के रूप में और 40 प्रतिशत परिवर्तनशील लागत के रूप में देय होगा। कोविड अस्पताल और कोविड हेल्थ केयर सेंटर में जन आरोग्य योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों के इलाज पर होने वाले व्यय के 60 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना में लगभग 14 करोड़ रुपये व्यय होंगे

मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना को अनुसमर्थन प्रदान किया। योजना के तहत 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों को व्यवसाय के लिए 10 हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी बैंक से ऋण के रूप से उपलब्ध करायी जायेगी।

जुलाई 2020 से मार्च 2022 तक लागू इस योजना में एक लाख ग्रामीण गरीबों को लाभांवित करने का लक्ष्य है।

फसल बीमा योजना के लिए 12 हजार 799 करोड़ रुपये से अधिक की राशि

मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को खरीफ 2020-21 से रबी 2020-22 तक लागू किए जाने के प्रस्ताव को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया। योजना में तीन वर्ष के प्रीमियम के लिए राज्य सरकार पर 6494 करोड़ 15 लाख रुपये का वित्तीय भार आएगा। केंद्र सरकार से योजना में 6305 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना है। इस प्रकार योजना 12 हजार 799 करोड़ रुपये से अधिक की होगी। खुली निविदा के माध्यम से बीमा कंपनी का चयन किया जायेगा।

मध्यप्रदेश में 36 लाख 86 हजार हितग्राहियों की बनेगी खाद्यान्न पर्ची

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह भोपाल में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये।

भोपाल, निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के लिये प्रदेश के 36 लाख 86 हजार मजदूरों के लिये अगस्त माह से खाद्यान्न पर्ची बनाई जाएगी। ये हितग्राही निःशुल्क राशन प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं, परन्तु खाद्यान्न पर्ची न होने के कारण वे इस सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे थे। ये बातें खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह ने भोपाल स्थित मंत्रालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहीं।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों का सत्यापन अभियान चलाया गया है। सत्यापन में अपात्र पाये गये लोगों के नाम काटने और पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची जारी कर खाद्यान्न वितरित किया जायेगा।

श्री सिंह ने कहा है कि वर्तमान समय में सम्मिलित हितग्राहियों में से 1 करोड़ 37 लाख हितग्राहियों के डेटा में आधार नंबर सीडिंग कर दिये गये हैं। विगत दिनों में लगभग 25 लाख हितग्राहियों के डाटा बेस में आधार सीडिंग का कार्य किया गया है। शेष हितग्राहियों का डाटा बेस माह जुलाई एवं अगस्त में आधार सीडिंग का कार्य पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के आत्मनिर्भर अभियान अंतर्गत प्रवासी श्रमिक यदि किसी दूसरे राज्य में जाता है तो श्रमिक द्वारा कलेक्टर को जानकारी देनी होगी तथा जिलों में उनका पंजीयन होगा। पंजीयन के उपरांत अगर कोई श्रमिक राज्य से बाहर किसी भी प्रदेश में कार्य करने जाता है तो उन्हें उसी राज्य में राशन उपलब्ध कराया जायेगा।

प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में कुल 25 हजार 119 उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, जिसमें से शहरी क्षेत्र में 4 हजार 188 और ग्रामीण क्षेत्र में 20 हजार 937 संचालित हैं। शहरी क्षेत्र में संचालित दुकानें प्राथमिक उपभोक्ता भंडारों एवं ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य रूप से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की संस्थाओं द्वारा 15 हजार 500 दुकानों का संचालन किया जा रहा है।

मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप प्रदाय की योजना फिर शुरू होगी - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदाय की योजना पुनः प्रारंभ की जा रही है। इसके अंतर्गत सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25 हज़ार की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की मुख्य परीक्षा में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना का लाभ नियमित एवं स्वाध्यायी दोनों प्रकार के विद्यार्थियों को दिया जाएगा।

स्वच्छता कार्य की लगातार की जाये मॉनीटरिंग - ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर, शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन की सतत मॉनीटरिंग हो और शहर साफ-सुथरा रहे, इसके लिये अधिकारी विशेष निगरानी करें। ये बातें ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कलेक्ट्रेट परिसर ग्वालियर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए कहीं।

श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर विकास के लिये सभी को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि शहर में स्वच्छता के कार्य में लगी कंपनी अपनी पूरी क्षमता के साथ स्वच्छता का कार्य करे। शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा वाहन के माध्यम से प्रतिदिन कचरे का कलेक्शन और निष्पादन हो। श्री तोमर ने यह भी स्पष्ट किया कि कंपनी अगर कार्य नहीं कर रही है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

ऊर्जा मंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि शहर की स्वच्छता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वच्छता के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

श्री तोमर ने कहा कि कोविड-19 के कारण छोटे व्यवसाय करने वाले दुकानदार परेशान हैं। शासन द्वारा इनकी मदद के लिये 10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त ऋण प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में दिया जा रहा है। उन्होंने ग्वालियर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से कहा कि विभिन्न बैंकों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसाइयों के ऋण प्रकरण तत्परता से स्वीकृत हों।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में अपराधियों से सख्ती के साथ निपटा जाये - मुख्यमंत्री

कोरोना नियंत्रण के लिये जन-आंदोलन चलाना जरूरी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानून व्यवस्था एवं कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, अपराधियों में खौफ होना जरूरी है। उनसे सख्ती से निपटा जाये, किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाये। प्रदेश में अपराधी तत्वों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को निरंतर जारी रखें। इस अभियान को प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से गति दें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून-व्यवस्था एवं कोरोना नियंत्रण की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये जरूरी है कि इसे जन-आंदोलन का रूप दिया जाये। इसमें शासन-प्रशासन के साथ ही सभी आमजन, समाज और स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। साथ ही नागरिकों को जागरुक करने के लिये विभिन्न समुदायों के संत और समाज के प्रमुख लोगों से अपील करवायें। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग आवश्यक है। लोग इसे अपनायें और जो लोग गाइड-लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्ती से पेश आयें। उन्होंने कहा कि कोरोना की टेस्टिंग की संख्या भी बढ़ाई जाये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि रिकवरी की दिशा में बढ़ते कदम की आशा को तोड़ना नहीं है, विश्वास में बदलना है।

मुख्यमंत्री ने सागर, दमोह और टीकमगढ़ में कोरोना मरीजों के उपचार के लिये किये गये प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने सागर मेडिकल कॉलेज में उपचार संबंधी व्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यवस्थाएं बेहतर नहीं हो पा रही हैं। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा द्वारा मेडिकल कॉलेज के पूर्व डीन को ही पुनः व्यवस्थाएं सौंपे जाने का प्रस्ताव रखा गया। मुख्यमंत्री ने सहमति व्यक्त करते हुए निर्णय लेने के निर्देश चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के मद्देनजर सभी जेलों में ध्यान देने की जरूरत है। कैदी की रिहाई के पहले उसकी टेस्टिंग अवश्य करें, उसके बाद ही उसे घर भेजें। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कैदियों को कोरोना टेस्टिंग के बाद ही जेल में रखा जा रहा है। जेल विभाग और स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में संयुक्त निर्देश जारी कर दिये हैं।

श्री चौहान ने लोगों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण-काल में कूलर और एयर कंडीशनर का प्रयोग न करें। इसे अपनाने से बचें। कोविड नियंत्रण के लिये हमें अपने और अपने परिवार के लिये यह सुरक्षित उपाय अपनाने होंगे।

श्री चौहान ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा में विगत एक सप्ताह में गृह विभाग द्वारा की गई कार्यवाही पर संतोष जताते हुए बेहतर कार्य के लिये विभाग और अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में बताया गया कि गत सप्ताह में 332 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आगर-मालवा में एक हजार बीघा शासकीय जमीन अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई गई। पुलिस द्वारा 27 चिटफंड कम्पनियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किये गये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चिटफंड कम्पनियों से गरीबों को पैसा भी वापस दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिये अभियान लगातार जारी रखें। श्री चौहान ने कहा कि कानून-व्यवस्था को बनाये रखते हुए यह भी ध्यान रखें कि नौजवान पीढ़ी नशे की गिरफ्त में न फंसे। गृह मंत्री ने कहा कि चिटफंड कम्पनियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

ओपन बुक प्रणाली से

स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा है कि कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और उनके कैरियर एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। स्नातक प्रथम, द्वितीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को गत वर्ष के परीक्षा परिणाम तथा वर्तमान सत्र के आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर आगामी कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसी प्रकार स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए कोरोना के संक्रमण से बचाव एवं शारीरिक दूरी को ध्यान में रखते हुए उनकी परीक्षाएं निवास में ही रहकर ओपन बुक प्रणाली से करवाई जाएंगी। श्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को जनरल प्रमोशन देने पर उनकी फायनल डिग्री पर हमेशा सवाल उठाये जाते हैं, इसलिये ओपन बुक प्रणाली से परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया है।

स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को उनके लॉगिन आईडी तथा निर्धारित वेबसाइट पर प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाये जाएंगे। ओपन बुक परीक्षा प्रणाली में परीक्षार्थी अपने निवास में ही रहकर उत्तर पुस्तिका लिख सकेंगे। परीक्षार्थी को अपनी उत्तर पुस्तिका संग्रहण केन्द्र में जमा करनी होगी। इसके लिये हजारों की संख्या में संग्रहण केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

उत्तर पुस्तिका जमा करने के लिये परीक्षार्थी के पास दो विकल्प और होंगे, जिसमें डाक द्वारा और ई-मेल द्वारा भी उत्तर पुस्तिका भेजने की सुविधा होगी। इन छात्र-छात्राओं को गत वर्षों के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत वेटेज तथा ओपन बुक परीक्षा के प्राप्तांकों का 50 प्रतिशत वेटेज देते हुए स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में 5.71 लाख छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विश्वविद्यालयीन परीक्षाएं सितम्बर माह में आयोजित की जाएंगी, जिसके परीक्षा परिणाम माह अक्टूबर में घोषित होंगे।

एफएआर से अधिक किये गए निर्माण के नियमितीकरण की करें कार्यवाही

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने ई.डब्ल्यू.एस./एलआईजी भवन स्वामियों द्वारा एफ.ए.आर. (फ्लोर एरिया रेशियो) से अधिक किये गये निर्माण के नियमितीकरण/कंपाउंडिंग की कार्यवाही जल्द करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में बताया गया कि दिल्ली/एनसीआर मास्टर प्लान अनुसार एफ.ए.आर. अनुज्ञा देने की कार्यवाही की जा रही है।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम-2012 में संशोधन कर बड़े भवनों के लिए फायर एनओसी देने और फायर कंसलटेंट की नियुक्ति के संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही कहा कि लिफ्ट, एस्केलेटर, मूविंग वॉक की अनुज्ञा देने और लिफ्ट कंसल्टेंट की नियुक्ति के संबंध में जल्द दिशा-निर्देश जारी किये जायें। श्री सिंह ने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मैरिज गार्डन के संचालन के लिए भी गाइड लाइन्स (उप विधि) समय-सीमा में बनायें।

नगरीय निकायों में लंबित सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करें

भोपाल, नगरीय निकायों में लंबित सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने सभी नगर निगम आयुक्तों, मुख्य नगरपालिका अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को शिकायतों के निराकरण से संतुष्ट भी होना चाहिए। सौ दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का अंतिम निराकरण कर प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज करें। आयुक्त ने कहा कि जो शिकायतें आपके निकाय/विभाग से संबंधित नहीं हैं, उन्हें समय-सीमा में संबंधित विभाग या नगरीय निकाय को स्थानांतरित करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निराकरण संचालनालय या विभाग द्वारा किया जाना है, उन्हें जल्द संबंधित शाखा को भेजें। किसी भी शिकायत को नॉट अटेंडेंट नहीं होने दें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल पर

शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों को पंजीयन कराना होगा अनिवार्य

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राइवेट क्षेत्र में पूर्व से संचालित एवं नवीन संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों को विभागीय पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। राष्ट्रीय ईसीसीई पॉलिसी 2013 एवं राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के निर्देशानुसार प्राइवेट क्षेत्र में पूर्व से संचालित एवं नए संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों के नियमन एवं निगरानी के लिए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों की पंजीकरण की सुविधा 4 अगस्त 2020 से प्रारंभ की जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के पोर्टल पर पूर्व से संचालित एवं नवीन संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक होगा। बिना पंजीकरण के संचालित पाए जाने पर संबंधित शाला पूर्व शिक्षा केंद्र (नर्सरी स्कूल, प्ले स्कूल, किंडर गार्डन) पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बाल अधिकारों के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा नीति) 2013 का निर्माण किया था। इस नीति में 3 से 6 वर्ष के बच्चों को शैक्षणिक आवश्यकताओं एवं इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल पूर्व शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है। भारत में शाला पूर्व शिक्षा सेवाएं शासकीय निजी एवं अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से प्रदाय की जा रही हैं। शासकीय क्षेत्र में शाला पूर्व शिक्षा सेवा का प्रदाय आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अशासकीय क्षेत्रों में नर्सरी स्कूल, प्ले स्कूल, किंडर गार्डन जैसे नामों से संचालित शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। वर्तमान में प्राइवेट क्षेत्र में संचालित प्ले स्कूल बिना किसी नियमन, मान्यता एवं पंजीकरण के संचालित हो रहे हैं, जिससे इन शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों में बाल अधिकारों के संरक्षण की सुनिश्चितता प्रभावित होती है।

नगरीय निकायों की आय बढ़ाने संबंधी सुझाव देने के लिये समिति गठित

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह भोपाल में विभागीय बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों की आय बढ़ाने के सुझाव देने के लिये आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास की अध्यक्षता में समिति गठित करें। समिति में भोपाल और इंदौर नगर निगम के कमिश्नर सहित अन्य सदस्य होंगे। श्री सिंह ने 15 दिन में सुझाव संबंधी रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरीय निकायों के मास्टर प्लान में सुधार करने के संबंध में विचार के लिये नगर एवं ग्राम निवेश के अधिकारियों की एक समिति बनाने के निर्देश भी दिये। श्री सिंह ने कहा कि यह समिति नगरीय क्षेत्रों में आने वाली कृषि भूमि सहित अन्य विषयों पर विचार कर रिपोर्ट देगी।

नगरीय निकायों की ग्रेडिंग

श्री सिंह ने कहा कि पथ-विक्रेताओं को लोन देने के संबंध में नगरीय निकायों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रति सप्ताह ग्रेडिंग करें। लगातार पीछे रहने वाले नगरीय निकायों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें।

एक से 15 अगस्त तक चलेगा मास्क लगाने के लिये जागरूकता अभियान

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि एक अगस्त से 15 अगस्त तक सभी नगरीय निकायों में नागरिकों को मास्क लगाने के लिये प्रेरित करने के लिये जागरूकता अभियान चलायें। अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाये। श्री सिंह ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों पर स्टाल लगाकर वालेंटियर्स की मदद से मास्क नहीं लगाने वालों को रोककर समझाइश दें।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि नवगठित 30 नगरीय निकायों में भी विकास कार्य प्रारंभ किये जायें। उन्होंने अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की कार्यवाही समय-सीमा में करने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि सीवरेज सिस्टम के सभी कार्यों की मॉनीटरिंग कर इन्हें समय-सीमा में पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में रुके हुए कार्य शुरू कराए जाएं। श्री सिंह ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों की सतत समीक्षा की जरूरत है।

समिति का किया गया गठन

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के आदेशानुसार विभाग द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों की स्वयं की आय में वृद्धि किये जाने के उद्देश्य से आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री निकुंज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया है। श्री मयंक वर्मा संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास समिति के संयोजक होंगे।

समिति में आयुक्त नगरपालिक निगम भोपाल श्री के.वी.एस. चौधरी, आयुक्त नगरपालिक निगम इंदौर श्रीमती प्रतिभा पाल, उप सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री राजीव निगम एवं डॉ. शुभाशीष बैनर्जी और संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास संभागीय कार्यालय इंदौर श्री अभय राजनगांवकर सदस्य होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री को एग्रो निगम द्वारा भेंट किया गया लाभांश चेक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को भोपाल मंत्रालय में एग्रो इंडस्ट्रीज निगम द्वारा 2 करोड़ 64 लाख 85 हजार 618 रुपये का लाभांश चेक भेंट किया गया। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने एमपी स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से लाभांश का चेक भेंट किया। राज्य सरकार के इस सरकारी उपक्रम की कुल प्रदत्त समता अंश पूंजी 3 करोड़ 29 लाख 49 हजार 800 रुपये है।

इसमें राज्य शासन की अंशदान राशि दो करोड़ 9 लाख 49 हजार 800 रुपये है और भारत शासन की अंशदान राशि 1 करोड़ 20 लाख रुपये है। निगम ने वर्ष 2017-18 में 966.68 करोड़ रुपये का व्यवसाय किया है। एग्रो निगम द्वारा निरंतर डिविडेंड का भुगतान राज्य सरकार को किया जा रहा है।

इसके साथ ही राज्य शासन से प्राप्त ऋण और ब्याज का पूर्ण भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन वर्ष 2017 - 18 की स्थिति में 188.46 करोड़ रुपये के संचित लाभ में है। मुख्यमंत्री को निगम की गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

फेल विद्यार्थी "रुक जाना नहीं" योजना का उठायें लाभ

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 2020 परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी निराश न हों। उनके लिये 'रुक जाना नहीं' योजना लागू की गई है। इस योजना में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा देने का अवसर दिया जाएगा। योजनान्तर्गत पात्र विद्यार्थी कक्षा 12 के लिये 5 अगस्त तक एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से अथवा स्वयं ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कर परीक्षा के लिये पंजीयन करा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2018 की 'रुक जाना नहीं' योजना के अंतर्गत कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है परंतु वह कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके हैं, वे भी योजना का लाभ उठाकर अगस्त माह में होने वाली परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा प्रश्न-पत्र मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के पाठ्यक्रम अनुसार ही होंगे तथा केवल अनुत्तीर्ण विषयों की ही परीक्षा देनी होगी।

'रुक जाना नहीं' योजना में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी कारणवश परीक्षार्थी माह अगस्त 2020 की परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाते तो वे शेष अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा माह दिसम्बर 2020 में दे सकते हैं।

इसके लिये उन्हें पुनः अपना पंजीयन एम.पी. ऑनलाइन पर करवाना होगा। इस प्रकार विद्यार्थियों को दूसरा अवसर भी प्रदान किया जायेगा।

गांवों में रोज़गार देने वाले क्षेत्रों में अनुसंधान करें वैज्ञानिक

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा भोपाल में वैज्ञानिकों की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकॉस्ट) में हुई बैठक में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि वैज्ञानिकों को ऐसे विषयों और क्षेत्रों में अनुसंधान करना चाहिए जिससे गांव में रहने वाले लोगों तक रोज़गार के अवसर पहुंचें और वे आत्मनिर्भर बन सकें। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के जरिए ग्रामीण इलाकों में छोटे-छोटे नए केंद्र बनाकर ग्रामीणों को रोज़गार के अवसरों से परिचित कराने की आवश्यकता है।

श्री सकलेचा ने कहा कि देश में चीन में बने सामान का विरोध जारी है। हमारे यहां स्वदेशी उत्पादों को महत्व देने और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच विज्ञान की शोध परियोजनाओं की सही और उपयोगी जानकारियां पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को गलत अथवा भ्रामक सूचनाओं से दूरी बनाना चाहिए।

श्री सकलेचा ने औषधीय और आयुर्वेदिक वनस्पतियों को उगाने वाली वैज्ञानिक तकनीक टिश्यू कल्चर में विशेष रुचि दिखाते हुए कहा कि प्रदेश में इसकी व्यवसायिक संभावनाओं का पता लगाने की दिशा में अनुसंधान करना चाहिए।

बैठक में परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग करके सामाजिक और आर्थिक विकास के अनेक कार्य किए जा सकते हैं। डॉ. कोठारी ने कहा कि परिषद ने प्रदेश में अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिक जागरूकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में योगदान किया है।

श्री सकलेचा ने किया अर्बन सर्वे प्रभाग की प्रयोगशाला का अवलोकन

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार विज्ञान भवन में जलवायु परिवर्तन, अनुसंधान केंद्र में स्थापित ओएसएल रिसर्च लैब, जैव प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र प्लांट, टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला और सुदूर संवेदन उपयोग केंद्र की भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं इमेज प्रोसेसिंग लैंड यूज एवं अर्बन सर्वे प्रभाग की प्रयोगशाला की विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन भी किया।

अधिक से अधिक लोगों को सार्थक लाइट एप से जोड़ें - चिकित्सा शिक्षा मंत्री

चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भोपाल में कोरोना नियंत्रण रोडमैप की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना नियंत्रण के लिये रोडमैप की समीक्षा के दौरान कहा है कि 'सार्थक लाइट' एप से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। यह एप कोरोना संक्रमण और नियंत्रण की मॉनीटरिंग में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कोविड संक्रमण से निपटने के लिये भविष्य की कार्ययोजना पर मंथन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि हर हाल में कोरोना संक्रमण को रोकना है।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने लॉकडाउन में सरकारी अमले के साथ क्षेत्र के प्रमुख लोगों को भी जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि भोपाल सर्किल, जोन, वार्ड में राजस्व, जोनल अधिकारी और वार्ड प्रभारी क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों को कोरोना के प्रति सजग करते हुए जागरूक भी करें। साथ ही थाना प्रभारी और नगर निगम के अधिकारी मिलकर जनता से रू-ब-रू होकर कोरोना रोकने के लिये चर्चा करें। उन्होंने विभिन्न धर्मगुरुओं को भी कोरोना से बचाव के उपायों और सार्थक लाइट एप से लोगों को जोड़ने के लिये आग्रह करने की बात कही।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिये कि कंट्रोल-रूम बनाकर कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों को घर से अस्पताल पहुंचाने की मॉनीटरिंग की जाये। मरीज से जानकारी ली जाये कि वह स्वयं या अन्य किस साधन से किस अस्पताल में जाने का इच्छुक है। साथ ही उन्हें पेड-क्वारेंटाइन की व्यवस्था से भी अवगत करवाया जाये। श्री सारंग ने कहा कि यह जानकारी एक निर्धारित प्रारूप में भरकर मॉनीटरिंग की जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन डेटा-शेयर कर आकलन भी किया जाये।

स्वाधीनता संग्राम पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में भाग लेंगे नागरिक

भोपाल, प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों एवं बच्चों में स्वाधीनता संग्राम के प्रति जागरूकता लाने के लिये संस्कृति विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यालयीन एवं स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये फोटो क्विज एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार दो अन्य श्रेणी कविता लेखन एवं देशभक्तिपूर्ण रचना की संगीतमय प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के लिये ऑनलाइन प्रविष्टि **mp.mygov.in** पर 10 अगस्त तक भेजी जा सकेंगी।

संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं में 48 विजेताओं को एक लाख 79 हजार रुपये के पुरस्कार वितरित किये जाएंगे। चित्र पहचानो प्रतियोगिता में क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और एक हजार रुपये के एक-एक और 5 पुरस्कार 500-500 रुपये के दिये जायेंगे। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये 8 और विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये 8, कुल 16 पुरस्कार दिये जायेंगे। स्वाधीनता पर केन्द्रित प्रेरक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भी क्रमशः 5 हजार, 3 हजार और एक हजार के एक-एक और 500-500 रुपये के 5 पुरस्कार दिये जायेंगे। महाविद्यालयीन और स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये 8-8 पुरस्कार होंगे।

इसी क्रम में देशभक्ति पूर्ण कविता लेखन प्रतियोगिता विजेताओं को क्रमशः 10 हजार, पांच हजार और तीन हजार के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार एवं एक-एक हजार के पांच पुरस्कार प्रमाण-पत्र के साथ दिये जाएंगे। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के एक जनवरी 2020 की स्थिति में 35 वर्ष तक की आयु के निवासी भाग ले सकते हैं। एकल एवं समूह स्वर में 1947 से पूर्व की देश भक्ति पूर्ण रचना या स्वयं की मौलिक रचना की एकल या समूह स्वर में संगीतमय प्रस्तुति के लिये क्रमशः 50 हजार, 25 हजार और 10 हजार रुपये के एक-एक और पांच पुरस्कार 5-5 हजार रुपये के दिये जाएंगे। उक्त सभी श्रेणी के विजेताओं को स्वाधीनता संग्राम पर केन्द्रित पुस्तकें और देशभक्ति गीतों की ऑडियो सीडी भी प्रदान की जाएगी।

उज्जैन के ग्राम डोंगला की वेधशाला का किया जायेगा विस्तारीकरण

उज्जैन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने उज्जैन के महिदपुर तहसील के ग्राम डोंगला में अत्याधुनिक वेधशाला का भ्रमण किया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने सम्बन्धित वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर उज्जैन एवं डोंगला को विज्ञान और धर्म की नगरी बनाने पर जोर दिया।

श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि डोंगला की वेधशाला में क्या-क्या विस्तारीकरण किया जा सकता है, इसकी विस्तृत योजना तैयार की जाये, ताकि वेधशाला को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मंत्रीद्वय ने डोंगला में स्थित कर्क रेखा एवं यामोत्तर रेखा के मिलन बिन्दु पर स्थापित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला परिसर में ऑप्टिकल टेलीस्कोप, शंकु यंत्र, भास्कर यंत्र एवं भित्ति यंत्र का अवलोकन किया। निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर सम्बन्धित एजेन्सी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने अवगत कराया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के ग्राम डोंगला में प्रदेश की प्रथम अत्याधुनिक वेधशाला की स्थापना का उद्देश्य डोंगला को खगोल विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के रूप में विकसित करना है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी बैंक खाते संबंधी जानकारी किसी को न दें

भोपाल, आयुक्त कोष एवं लेखा ने सेवानिवृत्त कर्मियों से आग्रह किया है कि वे अपने बैंक खाता और एम्प्लाई डाटाबेस संबंधी जानकारी मोबाइल अथवा दूरभाष पर किसी को भी नहीं दें। उल्लेखनीय है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टेलीफोन पर कथित रूप से उनके बैंक खाते और एम्प्लाई डाटाबेस अपडेट करने के लिये जानकारी मांगी तब मामले सामने आये हैं।

उन्होंने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को आगाह किया है कि वे इस प्रकार की कोई जानकारी किसी को न दें। यह स्पष्ट किया गया है कि संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा तथा संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा किसी भी सेवानिवृत्त शासकीय कर्मी से इस प्रकार की कोई जानकारी व्यक्तिशः या टेलीफोन पर नहीं मांगी जा रही है।

इस प्रकार की मांग टेलीफोन पर या व्यक्तिगत रूप से की जाने पर संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देकर वैधानिक कार्यवाही करायें।

पेंशन प्राधिकार-पत्र जारी होने के बाद पेंशन से संबंधित किसी भी जानकारी के अपडेशन का कार्य संबंधित बैंक द्वारा ही किया जाता है। कोष एवं लेखा संचालनालय एवं पेंशन संचालनालय द्वारा अपडेशन संबंधी कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती है।

चर्चा में

कश्मीरी केसर को

जीआई टैग मिला

कश्मीर घाटी में उगाए जाने वाले केसर को जीआई

प्रमाण-पत्र दे दिया गया है। उप-राज्यपाल जीसी मुर्मू ने यह जानकारी दी है। कश्मीरी केसर दुनिया का एकमात्र केसर है, जो 1600 मीटर ऊँचाई पर उगाया जाता है। कश्मीरी केसर को जीआई-635 टैग मिला है।

विद्युत जामवाल

'10 पीपल यू डोंट वांट मेस विथ' सूची में शामिल

अभिनेता विद्युत जामवाल को '10 पीपल यू डोंट वांट

मेस विथ' लिस्ट में शामिल किया गया है। इस लिस्ट में साहसी लोगों के नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और मैन वर्सेस वाइल्ड के होस्ट बेयर ग्रिल्स का नाम भी है। विद्युत, भारत से एकमात्र चयनित व्यक्ति हैं।

आदित्य पुरी

वित्त वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक सैलरी पाने वाले बैंकर

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक

आदित्य पुरी वित्त वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक सैलरी पाने वाले बैंकर रहे हैं। इस दौरान उन्हें वेतन और भत्तों के रूप में 18.92 करोड़ रुपये मिले, जो पिछले वर्ष की तुलना में 38 फीसदी अधिक हैं। पुरी को इसके अलावा शेयर विकल्प से 161.56 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्राप्त हुए। वे इसी साल सेवानिवृत्ति ले रहे हैं।

तियानवेन-1

मिशन मंगल की तैयारी में जुटा चीन

कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के बीच चीन अब

मंगल ग्रह पर अपने रोवर को भेजने की तैयारी में जुटा हुआ है। तियानवेन-1 नाम के इस मिशन को चीन जल्द ही लॉन्च करने वाला है। चीन के अलावा अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात भी मंगल ग्रह को लेकर अपने मिशन की घोषणा कर चुके हैं। तियानवेन-1 मिशन को चीन अपने शक्तिशाली रॉकेट लांग मार्च-5 से मंगल पर भेजेगा। इस रॉकेट का तीन बार सफल परीक्षण हो चुका है।

लेब्रॉन जेम्स

पहले सीजन का ट्रेडिंग कार्ड 13.8 करोड़ रुपये में बिका

अमेरिका के बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रॉन जेम्स का ट्रेडिंग कार्ड नीलामी में रिकॉर्ड 1.8 मिलियन डॉलर में बिका। जेम्स का यह ट्रेडिंग कार्ड उनके पहले सीजन यानि 2003-04 का है। यह अब तक का सबसे मंहगा खरीदा गया कार्ड है। इससे पहले बेसबॉल टीम लॉस एंजेलिस एंजिल्स के

सेंटर फील्डर माइक ट्राउट से जुड़ा कार्ड 6.9 करोड़ रुपये में बिका था। इसकी नीलामी इसी साल मई में हुई थी। जेम्स के ट्रेडिंग कार्ड की नीलामी 26 दिन चली। इसे खरीदने के लिए 34 लोगों ने बोली लगाई थी।

माइक टायसन

पंद्रह साल बाद रिंग में उतरेंगे

पूर्व हैवीवेट चैंपियन माइक टायसन 15 साल बाद रिंग

में वापसी करेंगे। वे 12 सितंबर को लॉस एंजेलिस में हो रही एग्जिबिशन फाइट में रॉय जोंस जूनियर से भिड़ेंगे। 54 साल के टायसन अंतिम फाइट में 2005 में केविन मैकब्राइड से हार गए थे। अपने कॅरियर के 58 मुकाबलों में से टायसन 6 में हारे हैं।

हागिया सोफिया में

86 साल बाद जुमे की नमाज पढ़ी गई

तुर्की के इस्तांबुल में 86 साल बाद म्यूजियम से

मस्जिद बनी हागिया सोफिया में पहली बार नमाज अदा की गई है। राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन के साथ हजारों लोगों ने नमाज अदा की। कोरोना संक्रमण के बीच कई शहरों से पहुँचे लोग मस्जिद में घुसना चाह रहे थे, लेकिन किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया गया। इस दौरान मस्जिद के आसपास कड़ी सुरक्षा रखी गयी थी। 1500 साल पुरानी यूनेस्को की ये विश्व विरासत मस्जिद बनने से पहले चर्च थी।

प्रिंस मुकर्रम जह

हैदराबाद के आठवें निजाम ने ब्रिटेन में जमा धन पर अधिकार छोड़ा

हैदराबाद के आठवें निजाम प्रिंस मुकर्रम जह ने इंग्लैंड

के हाईकोर्ट में लंबे चले कानूनी विवाद से बची कुछ राशि पर अपना अधिकार छोड़ने का फैसला लिया है। लंदन के बैंक खाते में जमा करीब 3.5 करोड़ पाउंड की राशि पर उनके परिवार के सदस्यों का दावा विफल हो जाने के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान उन्होंने यह फैसला लिया।

डॉल्फिन आर्मी

रूस ने बनाई डॉल्फिन मछलियों की सेना

रूस ने समुद्र के अंदर अपने शत्रुओं से निपटने के

लिए डॉल्फिन मछलियों की सेना बनाई है। सैटेलाइट से मिली ताजा तस्वीरों में यह खुलासा हुआ कि रूस ने गृह युद्ध से जूझ रहे सीरिया में अपनी पनडुब्बियों के साथ प्रशिक्षित डॉल्फिन मछलियों को भी तैनात किया है। मछलियों की सेना को वर्ष 2018 के अंत में टार्टस नेवल बेस पर तैनात किया गया था। इसी नेवल बेस पर सीरिया में युद्ध के लिए रूस ने अपनी पनडुब्बियां तैनात कर रखी हैं।

'भारत' ड्रोन

डीआरडीओ ने किये विकसित

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सेना को स्वदेश में विकसित 'भारत' ड्रोन दिए हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर ये ड्रोन सटीक निगरानी करेंगे।

डीआरडीओ की चंडीगढ़ प्रयोगशाला में बने ये ड्रोन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस हैं। नाइट विजन वाले ये ड्रोन रडार की पकड़ में नहीं आते हैं।

इवान कुपाला फेस्टिवल

बेलारूस में मनाया गया

बेलारूस की राजधानी मिन्स्क में इवान कुपाला

फेस्टिवल मनाया गया। इसे इवान कुपाला नाइट के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर लोग पारंपरिक परिधान पहनकर जलती हुई आग के ऊपर से कूदते हैं और फिर नदी में स्नान करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके दु:ख-दर्द दूर होते हैं और वे पूरे साल भर स्वस्थ रहते हैं। यह फेस्टिवल सदियों पुराना है।

अर्चना सोरेंग

यूएन के सलाहकार समूह के लिए नामित

भारत की जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता अर्चना

सोरेंग को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने नए सलाहकार समूह में शामिल करने के लिए नामित किया है। इस समूह में शामिल युवा बिगड़ते जलवायु संकट से निपटने के लिए समाधान एवं दृष्टिकोण उपलब्ध कराएंगे। सोरेंग वकालत एवं अनुसंधान में अनुभवी हैं तथा स्वदेशी समुदायों के सांस्कृतिक चलन और पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण, संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए काम कर रही हैं।

नौका 'आदित्य'

'गुस्ताव ट्रूव' अवॉर्ड से सम्मानित

भारत की पहली सौर-ऊर्जा संचालित फेरी (नौका)

'आदित्य' को इलेक्ट्रिक बोट्स और बोटिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित 'गुस्ताव ट्रूव' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस नौका को शुल्क यात्री सेवा के लिए तैयार की जाने वाली नौकाओं की श्रेणी में दुनिया की सबसे अच्छी इलेक्ट्रिक बोट घोषित किया गया। यह एक साल में 5.8 लाख लोगों को ले जाती है। इसकी एक दिन की चार्जिंग लागत 2.60 डॉलर है। इससे एक साल में 58,000 लीटर डीज़ल की बचत होती है।

भारत ने

बांग्लादेश को दिए दस ब्रॉडगेज डीजल इंजन

भारत ने बांग्लादेश को 10 ब्रॉडगेज डीजल इंजन दिए

हैं। इन इंजनों को भारत के गेदे रेलवे स्टेशन से बांग्लादेश के दर्शना रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इन 3300 हॉर्स पावर वाले डब्लूडीएम 3डी लोको इंजनों की उम्र 28 साल से अधिक है। इन्हें 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के लिये डिजाइन किया गया है। ये माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री गाड़ियों के लिये भी उपयुक्त हैं। इनमें माइक्रो प्रोसेसर आधारित नियंत्रण प्रणाली लगी है।

स्कल्प्चर पार्क में

आकर्षण का केंद्र बनी अंगूठी

इंग्लैंड के पश्चिमी यार्कशॉयर स्थित मशहूर स्कल्प्चर पार्क को लंबे समय बाद पर्यटकों के लिये खोल दिया गया है। यह कोरोना वायरस की महामारी के कारण बंद

था। पार्क में पुर्तगाली आर्टिस्ट जोआना वास्कोंसलोस की कृति खास आकर्षण का केंद्र है। अंगूठी जैसा यह स्कल्प्चर पुराने पहियों के रिम और उस पर लगा नग बोतलों से बना है। 'सालिटेर' नाम की इस कृति की ऊंचाई सात मीटर है। जोआना अपनी कला में सेरेमिक, धातु और फैब्रिक से बनी पुरानी वस्तुओं के इस्तेमाल के लिये जानी जाती हैं।

स्मृति शेष

ओडिया अभिनेता विजय मोहंती का निधन

ओडिया फिल्मों के मशहूर अभिनेता विजय

मोहंती का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। विजय मोहंती ने 1977 में अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। उन्हें 'चिलिका टायर' फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।

नृत्यांगना अमला शंकर का निधन

जानी-मानी नृत्यांगना अमला शंकर का 101 वर्ष

की उम्र में निधन हो गया। वे प्रख्यात कोरियोग्राफर स्वर्गीय उदय शंकर की पत्नी थीं। उन्होंने उदय शंकर की फिल्म कल्पना में अभिनय किया था। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2011 में उन्हें 'बंग विभूषण' सम्मान से नवाजा था।

नैसकार 'हॉल ऑफ फेम' मौरिस पेटी का निधन

नैसकार 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किए गए

'इंजन विल्डर' मौरिस पेटी का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उन्हें गैराज में द चीफ के नाम से पुकारा जाता था। वे कार में अपनी बेहतरीन इंजन संबंधित समझ के लिए मशहूर थे।

मशहूर टेलीविजन प्रेजेंटर रेगिस फिलबिन का निधन

मशहूर टेलीविजन प्रेजेंटर रेगिस फिलबिन का

88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने क्विज शो 'हू वांट्स टू बी ए मिलेनियर' से दुनिया भर में नाम कमाया। इसी शो के आधार पर भारत में 'कौन बनेगा करोड़पति' बनाया गया है।

हॉलीवुड अभिनेत्री ओलिविया का निधन

हॉलीवुड अभिनेत्री ओलिविया डी हेविलैंड का

104 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 1939 में आई फिल्म 'गॉन विद द विंड' से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली ओलिविया को 1946 और 1949 में ऑस्कर पुरस्कार से नवाजा गया था। उनका जन्म 1916 में जापान में हुआ था और कुछ समय बाद उनका परिवार कैलिफोर्निया में बस गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

महान काम करने का सबसे अच्छा तरीका है, अपने काम से प्यार करें – जोया अरविक

आयुक्त आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश

क्रमांक/MP-SARAS/AUD/E-Tender/514/938 भोपाल, दिनांक 29.07.2020

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

सचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेन्सियल एकेडमिक सोसाइटी (MP-SARAS) द्वारा ऑनलाइन निविदा के माध्यम से लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई मध्यप्रदेश भोपाल के S.O.R. (01/08/2014 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था अंतर्गत सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा क्रमांक	ऑनलाइन निविदा का क्रमांक	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्णता का समय
1.	अलीराजपुर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोंडवा, चन्द्रशेखर आजाद नगर एवं अलीराजपुर (कुल 03 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	859	2020_TAD 99421	521.55 लाख	5.2155 लाख	20,000 रुपये	12 माह
2.	बड़वानी जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सेंधवा एवं राजपुर (कुल 02 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	860	2020_TAD 99432	347.70 लाख	3.477 लाख	15,000 रुपये	12 माह
3.	छिंदवाड़ा जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगारदीप, हर्रई एवं तामिया (कुल 03 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	861	2020_TAD 99439	521.55 लाख	5.2155 लाख	20,000 रुपये	12 माह
4.	धार जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय धार एवं गंधवानी (कुल 02 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	862	2020_TAD 99440	347.70 लाख	3.477 लाख	15,000 रुपये	12 माह
5.	झाबुआ जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटलावद, मोरडुंडिया एवं मेघनगर (कुल 03 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	863	2020_TAD 99442	521.55 लाख	5.2155 लाख	20,000 रुपये	12 माह
6.	खरगोन जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय खरगोन एवं झिरन्या (कुल 02 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	864	2020_TAD 99444	347.70 लाख	3.477 लाख	15,000 रुपये	12 माह
7.	सतना जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चित्रकूट एवं मैहर (कुल 02 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	865	2020_TAD 99445	347.70 लाख	3.477 लाख	15,000 रुपये	12 माह
8.	डिंडौरी जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शाहपुर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	866	2020_TAD 99459	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
9.	गुना जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय गुना में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	866 A	2020_TAD 99460	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
10.	होशंगाबाद जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	868	2020_TAD 99461	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
11.	इंदौर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय इंदौर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	869	2020_TAD 99462	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
12.	जबलपुर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जबलपुर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	870	2020_TAD 99465	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
13.	खण्डवा जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय आशापुर रोशनी में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	871	2020_TAD 99467	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
14.	मण्डला जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मण्डला में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	872	2020_TAD 99468	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
15.	शहडोल जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोहागपुर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	873	2020_TAD 99473	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
16.	सीहोर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बुदनी में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	874	2020_TAD 99470	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
17.	सिंगरौली जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सिंगरौली में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	875	2020_TAD 99511	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
18.	श्योपुर जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय श्योपुर में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	876	2020_TAD 99501	173.85 लाख	1.7385 लाख	12,500 रुपये	12 माह
19.	बालाघाट जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा एवं बैहर (कुल 2 कार्य) में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य।	877	2020_TAD 99438	347.70 लाख	3.477 लाख	12,500 रुपये	12 माह

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **mptenders.mp.gov.in** पोर्टल पर दर्शित तिथि तक क्रय की जा सकती है।
2. निविदा का विस्तृत विवरण पोर्टल पर देखा जा सकता है।
3. निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

आयुक्त
जी-12866/44183/2020 आदिवासी विकास, मध्यप्रदेश

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-गुना

क्रमांक 2496/व.ले.लि./2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./ गुना, दिनांक 29.07.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 12/व.ले.लि./2020-21

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र के दस्तावेज एवं निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम दिनांक 11.08.2020 को सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 11.08.2020 को सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन दर प्रस्तुत की जा सकती है।
निविदा प्रपत्र की दर दिनांक 13.08.2020 को खोली जायेगी। निविदा में धरोहर राशि ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। इन्हें भौतिक रूप से जमा नहीं किया जावेगा।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	99873	Survey, Investigation, Design and Construction of Retrofitting Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village - BANYANI, SOOJAKHEDI, JAGESHWARI Block-Bamori Distt. GUNA based on tube well including installation of electric submersible water motor pump, construction of KL R.C.C. Sump well, laying & Jointing of rising main, feeder main and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at tube well and sump well including cost of all material & labour with 45 to 90 Days Trial Run/ Commissioning period and 06 to 09 Months Operation and Maintenance of entire scheme.	71.32 Lakh	71320/-	रु. 10000/-	3 माह वर्षाकाल सहित
2.	99889	Survey, Investigation, Design and Construction of Retrofitting Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village - SONKHARA BAGHERI GWARKHEDA Block BAMORI Distt. GUNA based on tubel well including installation of electric submersible water motor pump, construction of 40 KL R.C.C. Sump well, laying & Jointing of rising main, feeder main and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at tube well and sump well including cost of all material labour with 45 to 90 Days Trial Run/ Commissioning period and 06 to 09 Months Operation and Maintenance of entire scheme.	63.94 Lakh	63940/-	रु. 10000/-	3 माह वर्षाकाल सहित

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-12861/44179/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-गुना, जिला-गुना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-गुना

क्रमांक 2493/व.ले.लि./2020-21/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./ गुना, दिनांक 29.07.2020

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 11/व.ले.लि./2020-21

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र के दस्तावेज एवं निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम दिनांक 11.08.2020 को सायं 5.30 बजे तक क्रय तथा दिनांक 11.08.2020 को सायं 5.30 बजे तक ऑनलाइन दर प्रस्तुत की जा सकती है।
निविदा प्रपत्र की दर दिनांक 13.08.2020 को खोली जायेगी। निविदा में धरोहर राशि ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। इन्हें भौतिक रूप से जमा नहीं किया जावेगा।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (PAC)	धरोहर राशि (EMD)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	99743	Survey, Investigation, Design and Construction of Retrofitting Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at Village - Beejnipura Kainkadiya Kalan, Block-Chachoda distt. GUNA based on tube well including installation of electric submersible water motor pump, construction of KL R.C.C. Sump well, laying & Jointing of rising main, feeder main and distribution pipe line system, household tap connections, construction of pump house and electric power connections at tube well and sump well including cost of all material & labour with 45 to 90 Days Trial Run/ Commissioning period and 06 to 09 Months Operation and Maintenance of entire scheme.	48.10 Lakh	50000/-	रु. 5000/-	3 माह वर्षाकाल सहित

सदस्य, सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
जी-12862/44180/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड-गुना, जिला-गुना

स्मृति शेष : राज्यपाल श्री लालजी टंडन

मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के लिये दृढ़ संकल्पित थे श्री लालजी टंडन

मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री लालजी टंडन का लंबी बीमारी के बाद 21 जुलाई को लखनऊ में निधन हो गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और बुखार जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 85 वर्षीय श्री लालजी टंडन में प्रखर राजनेता, कुशल प्रशासक, लोकप्रिय जनसेवक, कानून के ज्ञाता और सहृदय व्यक्तित्व वाले तमाम गुण थे। उनको राजनीति का अच्छा-खासा अनुभव था, उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन को सीढ़ी दर सीढ़ी जिया। पार्षद से लेकर सांसद तक बनने के सफर में उनकी छवि हमेशा बेदाग रही है। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, स्वभाव की सरलता और कार्यशैली की पारदर्शिता ने सभी को प्रभावित किया। उन्होंने संविधान और विधि विशेषज्ञों की राय के साथ अपने लंबे अनुभव के आधार पर कई न्याय संगत फैसले लिए।

पार्षद से सांसद और राज्यपाल बनने तक का सफर

उत्तरप्रदेश के लखनऊ में 12 अप्रैल 1935 को जन्में श्री लालजी टंडन की प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा-दीक्षा लखनऊ में ही हुई। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री ली थी। शुरुआती जीवन से ही उनका जुड़ाव राजनीति से हो गया था। उनका राजनीतिक सफर 1960 से शुरू हुआ। लखनऊ महानगरपालिका में 2 बार पार्षद रहे श्री टंडन 1978 से 1984 तक और फिर 1990 से 96 तक दो बार उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सदस्य रहे। 1991 में श्री टंडन उत्तरप्रदेश सरकार की कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री के पद पर भी रहे। उन्होंने 1996 से 2009 तक लगातार तीन बार उत्तरप्रदेश विधानसभा सदस्य का चुनाव जीता, 1997-99 में श्री टंडन उत्तरप्रदेश सरकार में अर्बन डेवलपमेंड एंड वाटर सप्लाई मिनिस्टर रहे। 1997 से 2002 तक वे उत्तरप्रदेश विधान परिषद के लीडर ऑफ हाउस रहे। श्री टंडन 1999 से 2002 तक दो बार उत्तरप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। श्री टंडन 2003 से 2007 तक उत्तरप्रदेश विधानसभा में नेता विपक्ष भी रहे और 2009 में वे 15वीं लोकसभा के लिये लखनऊ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी संसदीय क्षेत्र रहा है। 2018 में श्री टंडन बिहार के राज्यपाल बने, इसके अगले साल 2019 में उन्हें मध्यप्रदेश का राज्यपाल बनाया गया।

मध्यप्रदेश के 28वें राज्यपाल श्री टंडन ने प्रस्तुत किया आत्मनिर्भरता का मॉडल

श्री लालजी टंडन मध्यप्रदेश के 28वें राज्यपाल थे। उनके 11 महीने के कार्यकाल में ही लोगों ने राजभवन को अलग तरह से जाना। वे जब से मध्यप्रदेश के राज्यपाल बने तब से उन्होंने प्रदेश को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने के लिये प्रोत्साहित करने का काम किया। मध्यप्रदेश के राजभवन को उन्होंने आत्मनिर्भरता का मॉडल बनाया, उनका मानना था कि इस मॉडल से प्रदेशवासियों में आत्मनिर्भरता को अपनाने की प्रेरणा मिलेगी और लोग इसके प्रति प्रोत्साहित होंगे। उनके निर्देशन में राजभवन जैविक सब्जी, दूध, खाद और अन्य मामलों में आत्मनिर्भर बना। राजभवन द्वारा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की गई है। अब राजभवन की दुग्ध, सब्जी, खाद और कीटनाशक उत्पादों की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति राजभवन

के परिसर के उत्पादनों से ही होने लगी है। राजभवन में कचरे का उपयोग कर कई तरह की जैविक खाद और कीटनाशक तैयार कर उनका उपयोग खेती में हो रहा है। राजभवन में रासायनिक कीटनाशक और खाद का उपयोग प्रतिबंधित हो गया है। राजभवन भोपाल और पंचमढ़ी में आकर्षक और आत्मनिर्भर उद्यानों को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की उनकी मंशा थी। उनकी चाह थी कि राजभवन के आगंतुकों को मध्यप्रदेश की जैव विविधता, आधुनिक जैविक पद्धति से बागवानी और फल एवं पुष्प उद्यान की लाभकारी और आत्मनिर्भर खेती की जानकारी और प्रेरणा प्राप्त हो सके। उनके निर्देश में राजभवन की गौशाला में देशी उन्नत नस्लों की गायों का पालन किया गया और देशी गाय की नस्ल सुधार का कार्यक्रम भी शुरू किया गया।

कोरोना संकट में कई पहल शुरू कीं

कोरोना वायरस संकट के दौरान श्री लालजी टंडन ने घर से बाहर रह कर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की आवश्यक सहायता करने के लिये सभी कुलपतियों को निर्देशित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को सभी विद्यार्थियों से संचार माध्यमों से सम्पर्क स्थापित करने, बाहर से आए छात्र-छात्राओं की भोजन इत्यादि की व्यवस्थाओं में मदद करने जैसे प्रबंध करने को निर्देशित किया। श्री टंडन के निर्देश पर राजभवन द्वारा लॉकडाउन के दौरान गरीबों को नगर निगम के माध्यम से भोजन वितरण किया गया। राज्यपाल श्री टंडन ने 25 मार्च को विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लॉकडाउन के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जनजागृति के कार्य करने को निर्देशित किया, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालयों द्वारा 48 घंटे के अन्दर 17 लाख 55 हजार 39 संदेश छात्र-छात्राओं को भेजे गये थे।

गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिये प्रयासरत श्री टंडन

श्री लालजी टंडन का मानना था कि देशी गौवंश नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन और अन्य गौ-उत्पादों की वाणिज्यिक उपयोगिता आदि विभिन्न तथ्यों को सम्मिलित कर एकीकृत कार्य योजना बनाकर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। गौवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए नई दिशा और नई दृष्टि के साथ कार्य करने पर उनका जोर था। उनके अनुसार घुमंतु और अनुपयोगी देशी नस्ल के गौवंश का उपयोग नस्ल सुधार कार्य में किया जाना समस्या को संसाधन में बदलने की पहल है। सरोगेटेड मदर के रूप में इनका उपयोग कर देशी नस्ल की गायों में उन्नत नस्लों के भ्रूण प्रत्यारोपण कर देशी नस्ल से दुधारु उन्नत गायें तैयार की जा सकती हैं। इसी तरह सह गौ-उत्पादों के विपणन की उचित और बाजार की मांग के अनुसार आपूर्ति कर गौ-पालन से अतिरिक्त आय प्राप्त की जा सकती है।

नवाचार और स्वदेशी को प्रोत्साहित करते थे श्री टंडन

प्रदेश की शिक्षा को लेकर श्री लालजी टंडन का खास नजरिया था, वे आधुनिक तकनीक के साथ-साथ प्राचीन मूल्यों को भी छात्रों तक पहुंचाना चाहते थे। उनका कहना था कि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में बढ़ते आर्थिक दखल पर नियंत्रण किया जाना बहुत जरूरी है। श्री टंडन स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की चेतना को प्रोत्साहन देते थे। जन कल्याण के लिये आयुर्वेदिक ज्ञान, मानव मूल्य आधारित पत्रकारिता, स्वदेशी की राह पर नये भारत का निर्माण जैसे विषय उनके हृदय के काफी करीब थे। आज हमारे बीच श्री लालजी टंडन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और कार्य हमारे बीच हैं। उनके द्वारा दी गई समझाइश, उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग और उनकी सोच हमें आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामियक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

दसवीं कक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची के शीर्ष छात्र मेहगांव के अभिनव शर्मा का साक्षात्कार

कहते हैं कि भारत एक ऐसा देश है, जो गांवों में बसता है। भारत के गांव-गांव में देश की प्रतिभाएं भरी हुई हैं। इस बात को साकार किया है भिण्ड जिले के मेहगांव कस्बे के होनहार छात्र अभिनव शर्मा ने। मेहगांव के टीडीएस अकादमी हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र अभिनव शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की हाईस्कूल परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान लाकर चंबल का गौरव बढ़ाने वाले अभिनव कहते हैं कि सतत अध्ययन और खुद पर आत्मविश्वास ने उनको मंजिल तक पहुंचाया। "रोज़गार और निर्माण" के इस अंक में अभिनव शर्मा से लिए गए साक्षात्कार के चुनिंदा अंश प्रकाशित किए जा रहे हैं।

प्रश्न- आपने परीक्षा के लिए कौनसी किताबें पढ़ीं?

उत्तर- मैंने इस परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम से निर्धारित सभी पुस्तकों का अध्ययन किया। पुस्तकों को पढ़ने से मेरे कॉन्सेप्ट क्लीयर होते गए। इसके साथ ही परीक्षा के लिहाज से उपयोगी अन्य सहायक परीक्षा सामग्रियों का भी अध्ययन किया।

प्रश्न- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है?

उत्तर- मेरे पिताजी श्री नीरज शर्मा एक बिजनेसमैन हैं एवं मेरी माताजी गृहणी हैं। मेरे पिता मेरी प्रेरणा हैं, वहीं मेरी माताजी श्रीमती अर्पणा शर्मा हमारे परिवार की धुरी हैं। वे सबका आत्मीयता से ध्यान रखती हैं। माता-पिता और परिवार का संबल ही मेरी ऊर्जा का स्रोत है।

प्रश्न- इस परीक्षा की प्रावीण्य सूची में आने के लिए आपको खुद पर कितना भरोसा था?

उत्तर- मेहगांव से पिछले दो सालों से छात्र प्रावीण्य सूची में आते रहे हैं। इससे मेरा हौसला बढ़ा कि मैं भी प्रावीण्य सूची में स्थान पा सकता हूं। मेरे माता-पिता व परिवार के सभी सदस्य भी मेरी लगन को देखते हुए हमेशा मुझे इसके लिए प्रेरित करते रहे। मेरे शिक्षकों को भी पूरा विश्वास था कि मैं मेरिट में आकर मेहगांव का नाम रोशन करूंगा।

प्रश्न- आप प्रत्येक दिन कितना समय पढ़ाई के लिए देते थे?

उत्तर- मैं नियमित रूप से विद्यालय जाता रहा जिससे मेरे अध्ययन में निरंतरता रही। स्कूल के अलावा मैं रोज 5 से 6 घंटे का समय अपनी पढ़ाई के लिए देता रहा। कभी-कभी समय में अंतराल हो जाता तो मैं पढ़ाई की पूर्ति अन्य दिनों में शीघ्र ही कर लेता था।

प्रश्न- आपने किस विषय को सबसे ज्यादा समय दिया?

उत्तर- मैंने गणित का निरंतर अभ्यास किया, जिससे यह विषय मुझे अच्छा लगने लगा। इसके साथ ही विज्ञान को भी अतिरिक्त समय देकर अपनी तैयारी को मजबूत किया। शेष विषयों को भी नियमित समय देकर अपनी तैयारी को मजबूत किया।

प्रश्न- आपने अपने नोट्स कैसे तैयार किए?

उत्तर- मैंने विषय का नियमित रूप से और गहराई से अध्ययन किया। कक्षा में जाते हुए हर विषय के प्रश्नों पर अपनी पुस्तिकाएं तैयार कीं, जिनका निरंतर अध्ययन करते हुए मैंने अपनी तैयारी की। स्वयं के द्वारा अध्ययन करके लिखे गए उत्तरों से मुझे अच्छे अंक मिले।

प्रश्न- कठिन और अक्सर भूल जाने वाले तथ्यों को कैसे याद करते थे?

उत्तर- मैंने तथ्यों को कंठस्थ करने के लिए संक्षिप्त नोट्स बनाए, जिनको समय मिलते ही मैं रोज ही पढ़ता था। इससे कम समय में पूरा विषय एक नजर में आ जाता था। इससे दिमाग में विषय निरंतर बना रहा ऐसे में भूलने का सवाल ही नहीं उठता।

प्रश्न- क्या मेहगांव जैसे छोटे कस्बे में पढ़ाई में किसी तरह की समस्या का सामना किया?

उत्तर- जी नहीं। आजकल इंटरनेट ने बहुत सी चीजों को आसान बना दिया है। कभी किसी विषय से सामग्री की कमी लगी तो मैंने इंटरनेट का निसंकोच प्रयोग कर विषय क्लीयर किया। इसके अलावा पुस्तकें आदि अब हर जगह उपलब्ध हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी मेहनती शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। देश भर में नाम रोशन करने वाले गांव के बच्चे यह बात प्रमाणित भी कर रहे हैं।

प्रश्न- आप भविष्य में क्या करना चाहते हैं?

उत्तर- दसवीं पास होने के बाद अब मैं आगे गणित विषय लेना चाहता हूं। आगे आईएएस अफसर बनना मेरा सपना है। मैं सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना चाहता हूं। आम जनता के काम आना चाहता हूं। मैं कलेक्टर बनूं यह मेरा, मेरे माता-पिता और मेरे सभी आत्मीय-जनों का सपना है।

प्रश्न- "रोज़गार और निर्माण" के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

उत्तर- मैं अपने साथी विद्यार्थियों से सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि आप सब खुद पर विश्वास रखें और लगन और मेहनत से अपना अध्ययन करते रहें। आपका किया गया परिश्रम आपको सफलता जरूर दिलाएगा।

- विवेक पाठक
(साक्षात्कारकर्ता स्वतंत्र पत्रकार हैं)

यूजीसी नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

1. 'चितवन की छाँह' के रचयिता कौन हैं?
A) बालकृष्ण भट्ट
B) हरिशंकर परसाई
C) विद्यानिवास मिश्र
D) हजारी प्रसाद द्विवेदी।

2. भारत में प्रयोगवाद का आरम्भ होने का मूल कारण क्या है?
A) प्रथम-द्वितीय विश्व युद्ध का विनाश
B) रूस में सर्वहारा वर्ग की क्रांति
C) भारत में मजदूरों का शोषण
D) द्वितीय विश्व युद्ध का नरसंहार।

3. नलिन विलोचन शर्मा, केसरी कुमार तथा नरेश ने मिलकर एक नए 'वाद' का सूत्रपात किया, इसका नाम क्या था?
A) मार्क्सवाद
B) प्रगतिवाद
C) नकेनवाद
D) व्यक्तिवाद।

4. 'देश काल के तार से बिन्धकर यह जागा कवि अशेष छविधर' यह किस कवि की पंक्तियां हैं।
A) जयशंकर प्रसाद
B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
C) महादेवी वर्मा
D) सुमित्रानंदन पंत।

5. छायावाद के समर्थन में सबसे पहला निबंध किसका है?
A) आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी
B) महादेवी वर्मा
C) मुकुटधर पाण्डेय
D) नागार्जुन।

6. किसका कथन है कि 'नाटक के लिए रंगमंच का होना जरूरी है, रंगमंच के लिए नाटक नहीं'?
A) भारतेन्दु
B) जयशंकर प्रसाद
C) मोहन राकेश
D) नमीचन्द्र जैन।

7. 'रक्त है या नसों में क्षुद्र पानी जांच कर तू सीस दे देकर जवानी' उपरोक्त पंक्तियां किस कवि की हैं?
A) सुभद्राकुमारी चौहान
B) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
C) माखनलाल चतुर्वेदी
D) रामधारी सिंह दिनकर।

8. 'ज्ञान राशि के संचित कोश का नाम साहित्य है' यह कथन है?
A) महावीर प्रसाद
B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
C) श्याम सुन्दर दास
D) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'।

9. 'हरि गीतिका' किसका प्रिय छंद है?
A) हरि औध
B) निराला
C) मैथलीशरण गुप्त
D) जयशंकर प्रसाद।

10. 'कामायनी' में सर्गो की संख्या है?
A) 11
B) 12
C) 13
D) 15

11. 'झरना' को छायावाद की प्रयोगशाला किस आलोचक ने माना है?
A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
B) डॉ. नामवर सिंह
C) डॉ. नागेन्द्र
D) आचार्य नंददुलारे वाजपेयी।

12. 'महिषादल' में किस छायावादी कवि का जन्म हुआ था?
A) जयशंकर प्रसाद
B) सुमित्रानंदन पंत
C) सूर्यकांत त्रिपाठी
D) महादेवी वर्मा।

13. 'जयद्रथ वध' की कथा किस महाकाव्य से ली गई है?
A) रामायण
B) पद्मावत
C) प्रियप्रवास
D) महाभारत।

14. 'एक भारतीय आत्मा' नाम से निम्नलिखित किस कवि को याद किया जाता है?
A) रामनरेश त्रिपाठी
B) माखनलाल चतुर्वेदी
C) मैथलीशरण गुप्त
D) सियारामशरण गुप्त।

15. 'बन्दना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला हो' प्रस्तुत काव्य पंक्ति किस कवि द्वारा रचित है?
A) बालकृष्ण शर्मा
B) सोहनलाल द्विवेदी
C) श्याम नारायण पाण्डेय
D) रामधारी सिंह दिनकर।

16. छायावादी युग का प्रवर्तक किसे कहा जाता है?
A) जयशंकर प्रसाद
B) सुमित्रानंदन पंत
C) रामकुमार वर्मा
D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

17. हिन्दी काव्य में स्वछन्द छन्द में कविता का सूत्रपात किस कवि ने किया?
A) जयशंकर प्रसाद
B) मैथलीशरण गुप्त
C) महादेवी वर्मा
D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

18. निम्नलिखित हिन्दी कवियों में 'महाप्राण' किस कवि के लिए प्रयुक्त होता है?
A) सुमित्रानंदन पंत
B) मैथलीशरण गुप्त
C) भारतेन्दु हरिशचन्द्र
D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

19. हिन्दी काव्य की आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है?
A) महादेवी वर्मा
B) कीर्ति चौधरी
C) सुभद्राकुमारी चौहान
D) वन्दना वाजपेयी।

20. पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' का सम्पादक भार कब सम्भाला?
A) 1903 ई.
B) 1900 ई.
C) 1907 ई.
D) 1901 ई.।

21. मैथलीशरण गुप्त की कौन-सी कृति प्रकाशन क्रम में पहले आती है?
A) भारत-भारती
B) विकट भट्ट
C) जयद्रथ वध
D) पंचवटी।

22. छायावाद की मूल चेतना किस शब्द समूह से अधिक व्यक्त होती है?
A) प्रकृति का मानवीकरण
B) स्वानुभूति की विवृत्ति
C) अत्यक्त सत्ता का प्रत्यक्षीकरण
D) सौन्दर्य का साधन।

23. सुमित्रानंदन पंत की उत्तरवर्ती रचना कौन-सी है?
A) ग्राम्या - 1920
B) स्वर्ण धूलि - 1947
C) युगान्त - 1936
D) ज्योत्सना - 1934

24. 'ले चल भुलावा देकर मेरे नाविक' छायावाद की पलायनवादी प्रवृत्ति की सूचक उक्त पंक्ति किस कृति में आई है?
A) लहर
B) झरना
C) पल्लव
D) परियल।

25. निराला की किस कविता को महाकाव्यात्मक रचना की संज्ञा दी गई है?
A) सरोज स्मृति
B) यमुना के प्रति
C) बादल राग
D) राम की शक्ति पूजा।

26. कौन-सा कवि उत्तर छायावादी कवि नहीं है?
A) नरेन्द्र शर्मा
B) रामकुमार वर्मा
C) हरिवंशराय बच्चन
D) रामेश्वर शुक्ल।

27. आधुनिक काल में हिन्दी गद्य व पद्य की भाषा के परिमार्जन थे?
A) भारतेन्दु हरिशचन्द्र
B) श्याम सुन्दर दास
C) बालमुकुन्द गुप्त
D) महावीर प्रसाद द्विवेदी।

28. मैथलीशरण गुप्त ने इतिहास के उपेक्षित नारी पात्र को निम्न में से किस पुस्तक में प्रतिष्ठित किया।
A) भारत-भारती
B) रंग में भंग
C) द्वापर
D) साकेत।

29. प्रगतिवादी काव्य सृष्टि है?
A) दार्शनिक
B) वर्ग चेतना प्रधान
C) वैयक्तिक यथार्थ
D) यथास्थिति वादी।

30. 'बरगद की छाया' उपन्यास के लेखक हैं?
A) डॉ. सत्य प्रकाश सेंगर
B) मुंशी प्रेमचंद
C) जयशंकर प्रसाद
D) मोहन राकेश।

31. 'जुगलबंदी' के लेखक कौन हैं?
A) राजकमल चौधरी
B) गिरिराज किशोर
C) विवेकी राय
D) काशीनाथ सिंह।

32. 'अंतिम आकांक्षा' उपन्यास के उपन्यासकार हैं?
A) सियाराम शरण गुप्त
B) डॉ. सत्य प्रकाश सेंगर
C) जैनेन्द्र
D) प्रताप नारायण मिश्र।

33. 'न हन्यते' उपन्यास की लेखिका हैं?
A) मैत्रेयी देवी
B) कृष्णा सोबती
C) चित्रा मुदगल
D) मृणाल पाण्डेय।

34. 'निशानियां' कहानी किस कहानीकार ने लिखी है?
A) चन्द्रधर विद्यालंकार
B) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
C) इलाचन्द्र जोशी
D) जैनेन्द्र।

35. निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित नहीं है?
A) ममता
B) सुजान भगत
C) सालवती
D) छाया।

36. 'मलबे का आदमी' के लेखक हैं?
A) जैनेन्द्र
B) मोहन राकेश
C) अज्ञेय
D) शिवप्रसाद सिंह।

37. असत्य को चुनें?
A) शरणार्थी - अज्ञेय
B) एक और जिंदगी - मोहन राकेश
C) इंद्रजाल - जयशंकर प्रसाद
D) टूटना - निर्मल वर्मा।

38. 'धर्म और मर्म' कहानी के कहानीकार हैं?
A) राधिका रमण
B) भगवती प्रसाद वाजपेयी
C) उपेन्द्रनाथ अश्क
D) इनमें से कोई नहीं।

39. 'स्वर्ग की झलक' व अंधी गली के नाटककार हैं?
A) उदय शंकर भट्ट
B) उपेन्द्रनाथ अश्क
C) वृन्दावन लाल वर्मा
D) मोहन राकेश।

40. प्रसादोत्तर हिंदी नाटकों का प्रारम्भ कब से हुआ?
A) 1950 ईस्वी
B) 1960 ईस्वी
C) 1945 ईस्वी
D) 1962 ईस्वी।

41. 'पेपर वेट' नामक प्रसिद्ध नाटक की रचना किसने की है?
A) रमेश उपाध्याय
B) भीष्म साहनी
C) अमृत राय
D) मोहन राकेश।

42. 'समाधि' नाटक किसके द्वारा लिखा गया है?
A) विष्णु प्रभाकर
B) उदयशंकर भट्ट
C) वृन्दावन लाल वर्मा
D) भारतेंदु हरिशचंद्र।

43. शिवदान सिंह चौहान के अनुसार हिंदी का प्रथम नाटक है?
A) आनन्द रघुनंदन
B) वैदिकी हिंसा-हिंसा न भवति
C) नहुष
D) करुणाभरण।

44. डॉ. नागेंद्र के अनुसार हिंदी एकांकी के विकास का श्रेय किसे है?
A) निराला
B) दिनकर
C) भारतेंदु
D) जयशंकर प्रसाद।

45. 'कावेरी में कमल' एकांकी के लेखक हैं?
A) रामकुमार वर्मा
B) लक्ष्मी नारायण मिश्र
C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
D) रामधारी सिंह दिनकर।

46. निम्नलिखित में से कौन-सा एकांकी मनोवैज्ञानिक है?
A) मोहब्बत
B) स्वर्ग की झलक
C) पर्दा उठाओ
D) बहू की विदा।

47. 'बेईमानी की परत' के लेखक कौन हैं?
A) बालकृष्ण भट्ट
B) रामचंद्र शुक्ल
C) हरिशंकर परसाई
D) हरिशंकर गुप्ता।

48. हिंदी का प्रथम दुखान्त नाटक इनमें से कौन है?
A) तप्ता संवरण
B) भारत दुर्दशा
C) सती प्रताप
D) इनमें से कोई नही।

49. 'कामधेनु' निबंध संग्रह के लेखक इनमें से कौन हैं?
A) कुबेरनाथ राय
B) हरिशंकर परसाई
C) भारतेंदु हरिशचंद्र
D) जयशंकर प्रसाद।

50. 'राष्ट्र का स्वरूप' नामक निबंध के लेखक कौन हैं?
A) वासुदेव शरण अग्रवाल
B) डॉ नागेंद्र
C) कुबेर नाथ राय
D) बाबू श्याम सुन्दर दास।

उत्तरमाला

1. C,	2. D,	3. C,	4. B,
5. C,	6. C,	7. C,	8. A,
9. C,	10. D,	11. D,	12. C,
13. D,	14. B,	15. B,	16. A,
17. D,	18. D,	19. A,	20. A,
21. C,	22. A,	23. B,	24. A,
25. D,	26. A,	27. D,	28. D,
29. B,	30. A,	31. B,	32. A,
33. A,	34. A,	35. B,	36. B,
37. D,	38. A,	39. B,	40. A,
41. A,	42. A,	43. A,	44. D,
45. B,	46. C,	47. C,	48. A,
49. A,	50. A,		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

सबसे बड़ी सीख वही है, जो बताये कि नया काम कैसे सीखा जाये – चार्ल्स वेवरली

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

प्रश्न (1-5) निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

सात मित्र G, J, U, L, E, N और S एक ही इमारत की सात अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। उस इमारत में केवल यही व्यक्ति रहते हैं। इमारात में दस मंजिल हैं। सबसे नीचे वाली मंजिल की संख्या एक है, उससे ऊपर वाले की दो और इसी क्रम से सबसे ऊपर वाली मंजिल की संख्या दस है। ये सभी मित्र अलग-अलग जानवर को पसंद करते हैं जैसे चिड़िया, कबूतर, गिलहरी, हिरण, चूहा, खरगोश और ऊँट। N जो चिड़िया को पसंद करता है वह न तो पाँचवीं और न ही नौवीं मंजिल पर रहता है। S ऊँट को पसंद करता है और विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। J सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है। U सातवीं मंजिल पर रहता है तथा वह न तो खरगोश और न ही चिड़िया को पसंद करता है। गिलहरी पसंद करने वाले व्यक्ति की मंजिल के नीचे केवल चार मंजिल हैं। L के नीचे केवल चार व्यक्ति रहते हैं। L को हिरण पसंद है। चूहा पसंद करने वाले व्यक्ति के नीचे आठ से अधिक मंजिलें हैं। G की मंजिल के नीचे की सभी तीन मंजिलें खाली हैं। खरगोश पसंद करने वाला व्यक्ति सम संख्या पर रहता है। N, J की मंजिल के ठीक ऊपर रहता है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 1. S के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?
(A) 3 (B) 5
(C) 4 (D) 2

प्र 2. J को कौन सा जानवर पसंद है?
(A) गिलहरी (B) हिरण
(C) कबूतर (D) चिड़िया

प्र 3. G को कौन सा जानवर पसंद है?
(A) कबूतर (B) गिलहरी
(C) खरगोश (D) चूहा

प्र 4. N के नीचे कितनी मंजिल हैं?
(A) 4 (B) 2
(C) 3 (D) 5

प्र 5. दसवें फ्लोर (मंजिल) पर कौन रहता है?
(A) E (B) L
(C) N (D) S

उत्तर (1-5)
(1) (B) 5
(2) (A) गिलहरी
(3) (C) खरगोश
(4) (D) 5
(5) (A) E

व्याख्या (1-5) प्रश्नानुसार,

फ्लोर	व्यक्ति	जानवर
10	E	चूहा
9	S	ऊँट
8	L	हिरण
7	U	कबूतर
6	N	चिड़िया
5	J	गिलहरी
4	G	खरगोश
3	-	-
2	-	-
1	-	-

प्र 6. कथन →
कुछ cotton, silk हैं।
सभी silk, rayon हैं।
कोई silk, polyester नहीं है।
निष्कर्ष →
(i) सभी polyester के cotton होने की संभावना है।
(ii) कोई rayon, polyester नहीं है।

उत्तर 6 केवल (i) निष्कर्ष अनुसरण करता है।

व्याख्या प्रश्नानुसार,



अतः (i) ✓ (ii) ✗

प्र 7. कथन →
कुछ Game, Hobby हैं।
कोई Hobby, Cricket नहीं हैं।
सभी Player, Cricket हैं।
निष्कर्ष →
(i) सभी Hobby के Game होने की संभावना है।
(ii) कोई Player, Hobby नहीं है।

उत्तर 7 दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

व्याख्या कथनानुसार,



अतः (i) ✓ (ii) ✓

प्र 8. कथन →
केवल अमरूद, सेब हैं।
केवल कुछ अमरूद चेरी हैं।
कोई चेरी, आम नहीं हैं।
निष्कर्ष →
(i) कोई आम, अमरूद नहीं हैं।
(ii) कुछ अमरूद के आम न होने की संभावना है।

उत्तर 8 दोनों निष्कर्ष गलत हैं।

व्याख्या



अतः (i) ✗ (ii) ✗

प्र 9. कथन →
कुछ Brown, Green हैं।
कुछ Green, Yellow हैं।
कुछ Yellow, White हैं।
निष्कर्ष →
(i) कुछ White, Brown हैं।
(ii) कोई Brown, White नहीं हैं।

उत्तर 9 या तो (i) या (ii) अनुसरण करता है।

व्याख्या कथनानुसार,

अतः (i) ✗ (ii) ✗
लेकिन या (i) सही होगा या (ii)

प्र 10. कथन →
कुछ Bunny, Easter हैं।
कोई Easter, Egg नहीं हैं।
कुछ Egg, Hidden हैं।
निष्कर्ष →
(i) सभी Hidden के Easter होने की संभावना है।
(ii) कुछ Bunny के Hidden होने की संभावना है।

उत्तर 10 केवल (ii) अनुसरण करता है।

व्याख्या



(i) ✗ (ii) ✓

प्रश्न (11-15) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

आठ कर्मचारी B, D, L, K, P, H, R और G कॉल सेंटर में कार्य करते हैं और एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं। उन्हें प्रतिदिन अलग-अलग फोन कॉल प्राप्त होती है। मेज के कोने पर बैठे व्यक्ति 2 के गुणज में फोन कॉल प्राप्त करते हैं और भुजा के मध्य पर बैठे व्यक्ति 3 के गुणज में फोन कॉल प्राप्त करते हैं। R के ठीक दायें ओर बैठा व्यक्ति 46 कॉल प्राप्त करता है। R, 15 कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्ति की ओर मुख करके बैठा है। 39 कॉल प्राप्त करने वाला व्यक्ति, L के बायें ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। L जो 46 कॉल प्राप्त नहीं करता है। D , 15 कॉल प्राप्त करने वाले व्यक्ति के ठीक बायें ओर बैठे व्यक्ति के ठीक बायें बैठा है। L, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G, P के विपरीत बैठा है। P, 14 कॉल प्राप्त करता है। 21 कॉल प्राप्त करने वाला व्यक्ति, 14 कॉल प्राप्त करने वाले के ठीक बायें बैठा है। K, G का निकटतम पड़ोसी है। H, 46 कॉल प्राप्त नहीं करता। H का निकटतम पड़ोसी 20 कॉल प्राप्त करता है। 27 कॉल प्राप्त करने वाला व्यक्ति, H के दायें दूसरे स्थान पर है। G और D द्वारा प्राप्त कॉल की संख्या का योग 61 है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 11. D के दायें ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(A) P (B) H
(C) K (D) R

प्र 12. किसको 46 कॉल प्राप्त होती हैं?
(A) B (B) L
(C) D (D) H

प्र 13. L के सामने कौन बैठा है?
(A) D (B) B
(C) G (D) R

प्र 14. इनमें से कौन भुजा के मध्य बैठा है?
(A) K (B) G
(C) P (D) L

प्र 15. R के ठीक दायें कौन बैठा है?
(A) P (B) L
(C) D (D) B

उत्तर (11-15)
(11) (C) K
(12) (A) B
(13) (B) B
(14) (A) K
(15) (D) B

व्याख्या (11-15) प्रश्नानुसार,



प्रश्न (16-20) निम्नलिखित coding-decoding के प्रश्न को हल करके पूछे हुए प्रश्नों का उत्तर दें -

"round to cancel stop" का कोड "gs hr te rt" है।
"cancel turn in even"का कोड "eh da oo hr" है।
"turn to push bring" का कोड "te fv eh ii" है।
"push prove in cancel" का कोड "oo ii hr au" है।

तो बताइए -

प्र 16. "even" का क्या कोड है?
(A) hr (B) oo
(C) da (D) eh

प्र 17. "rt" किसका कोड है?
(A) cancel
(B) stop
(C) to
(D) तय नहीं कर सकते

प्र 18. "cancel plan" का क्या कोड है?
(A) oo au (B) gs hr
(C) gs te (D) te fd

प्र 19. "to" का कोड क्या है?
(A) rt (B) fv
(C) te (D) eh

प्र 20. "bring" का कोड क्या है?
(A) da (B) fv
(C) rt (D) eh

उत्तर (16-20)
(16) (C) da
(17) (D) तय नहीं कर सकते
(18) (B) gs hr
(19) (C) te
(20) (B) fv

व्याख्या (16-20) प्रश्नानुसार,

round (to) cancel stop → gs hr (te) rt
cancel turn in even → eh da oo hr
turn (to) push bring → (te) fv eh ii
push prove in cancel → oo ii hr au

round/stop → gs/rt
bring → fv
prove → au
to → te
cancel → hr
turn → eh
in → oo
even → da
push → ii

प्र 21. कथन → U < B = T ≤ Q
निष्कर्ष → (i) U<Q
(ii) U = T

उत्तर 21 केवल (i) निष्कर्ष सही है।

प्र 22. कथन → J>U>S, U<T<J, N<F<U
निष्कर्ष → (i) J ≥ F
(ii) T>N

उत्तर 22 केवल (ii) निष्कर्ष सही है।

व्याख्या (i) ✗ (ii) ✓
∵ T>U>F>N
अतः T>N (✓)

प्र 23. कथन → A<N<D>R; E>D<W
निष्कर्ष → (i) W>A
(ii) A=W

उत्तर 23 केवल (i) निष्कर्ष सही है।

व्याख्या (i) ✓ (ii) ✗
A<N<D<W
अतः W>A (✓)

प्र 24. कथन → P<O<L<E = S>A
निष्कर्ष → (i) A<O
(ii) S>P

उत्तर 24 केवल (ii) निष्कर्ष सही है।

व्याख्या (i) ✗ (ii) ✓

प्र 25. कथन → A<N<D>R; E>D<W
निष्कर्ष → (i) E>N
(ii) R<W

उत्तर 25 दोनों निष्कर्ष सही हैं।

व्याख्या E>D>N
∵ E>N (✓)
W>D>R
∵ R<W (✓)

प्र 26. P, Q, R, S और T में T, P और S से लंबा है लेकिन R और Q से छोटा है। P सबसे छोटा नहीं है। तो सबसे लंबा कौन है?
(A) A
(B) Q
(C) P
(D) जानकारी अधूरी है

उत्तर 26 (D) जानकारी अधूरी है

व्याख्या प्रश्नानुसार,

1. T 2. R|Q
P|S T

∵ R|Q
T
P
S

अतः, तय नहीं कर सकते कि सबसे लंबा कौन है।

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

ई-मेल : sepheprocgwl@gmail.com, दूरभाष क्रमांक : 0751-2365438, 4031502
(पानी की टंकी के नीचे, मुरार, ग्वालियर)

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 28.07.2020 से दिनांक 11.08.2020 सायं 5.30 बजे तक** क्रय तथा **दिनांक 28.07.2020 से दिनांक 11.08.2020 सायं 5.30 बजे तक** ऑनलाइन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। बिड खोलने का दिनांक 13.08.2020 है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्य का संक्षिप्त विवरण - विकासखण्ड मेहगांव के ग्राम अमायन की नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी 500 कि.ली. 15 मीटर स्टेजिंग एवं आर.सी.सी. सम्प वैल 65 कि.ली. सहित अन्य विभिन्न सहायक कार्यों की निविदा।

स. क्र.	नि.आ. सू. क्र./दि.	टेण्डर आई. डी.	जिला	अनु. लागत (PAC) (रु. लाख में)	धरोहर राशि (EMD) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	अमंत्रण की संख्या	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	19/ 27.07.2020	2020_PHED_ 99500_1	भिण्ड	196.88 लाख	रु. 1,96,880/-	रु. 12500/-	तृतीय	180 दिन वर्षाकाल छोड़कर

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट), कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्वालियर परिक्षेत्र, ग्वालियर

जी-12828/44171/2020

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) यदि दो संख्याओं का योग 820 और उनका ल.स.प. 4059 है, तो उन संख्याओं के वर्ग के बीच अंतर ज्ञात कीजिए -

(a) 67240
(b) 67440
(c) 67160
(d) 66640

उत्तर :- (a) 67240

व्याख्या - माना म.स.प. H और संख्याएं aH और bH हैं

प्रश्नानुसार,

$\Rightarrow aH + bH = 820$

$\Rightarrow (a+b) H = 820$.....(1)

$\Rightarrow abH = 4059$.....(2)

(1)/(2) से

$\Rightarrow \frac{a+b}{ab} = \frac{820}{4059}$

$\Rightarrow \frac{a+b}{ab} = \frac{20\times41}{99\times41}$

$\Rightarrow \frac{a+b}{ab} = \frac{20}{99}$

$\Rightarrow a = 11, b = 9$ और $H = 41$

$\Rightarrow$ पहली संख्या $= aH = 11 \times 41 = 451$

दूसरी संख्या $= bH = 9 \times 41 = 369$

इन संख्याओं के वर्ग के बीच का अंतर $= (451 + 369)(451 - 369)$

$\Rightarrow$ इन संख्याओं के वर्ग के बीच का अंतर $= 820 \times 82 = 67240$

$\therefore$ अभीष्ट उत्तर 67240 है।

(2) 15 सेमी चौड़े बगीचे का एक खोखला रोलर बनाने के लिए प्रयुक्त धातु का आयतन ज्ञात कीजिये जहां उसकी मोटाई 7 सेमी और आंतरिक पृष्ठीय क्षेत्रफल 150 π है।

(a) 4610 सेमी³
(b) 5610 सेमी³
(c) 4410 सेमी³
(d) 4210 सेमी³

उत्तर :- (b) 5610 सेमी³

व्याख्या - बगीचे का एक खोखला रोलर 15 सेमी. चौड़ा है।

रोलर की मोटाई = 7 सेमी

माना कि रोलर की आंतरिक और बाहरी त्रिज्या r और R हैं

प्रश्नानुसार,

$R - r = 7$..... (i)

और $2\pi rh = 150\pi$

$\Rightarrow 2\times\pi\times r\times15 = 150\pi$

तो, $r = 5$ सेमी

अब (i) से

$R = 7 + 5 = 12$

तो रोलर बनाने के लिए प्रयुक्त धातु का आयतन

$= \pi(R^2 - r^2)h$

$\Rightarrow 22/7\times(12^2 - 5^2)\times15$

$\therefore$ 5610 सेमी³

(3) कार्यालय में एक दिन के लिए एक पुरुष का वेतन महिला की संख्या का 13/5 गुना है। पुरुषों और महिलाओं की कुल संख्या 375 है। कार्यालय में पुरुषों और महिलाओं का अनुपात 8:7 है। कार्यालय में एक दिन के लिए पुरुषों का कुल वेतन ज्ञात कीजिये -

(a) 61,000
(b) 75,000
(c) 85,000
(d) 91,000

उत्तर :- (d) 91,000

व्याख्या - कार्यालय में कुल पुरुष और महिलाएं = 375

पुरुषों की संख्या : महिलाओं की संख्या = 8 : 7

कार्यालय में एक दिन के लिए पुरुष का औसत वेतन = (13/5) x महिलाओं की संख्या

$\Rightarrow$ कार्यालय में एक दिन के लिए पुरुषों का औसत वेतन (13/5) x 175

$\Rightarrow 13 \times 35 = 455$

$\Rightarrow$ कार्यालय में पुरुषों का कुल वेतन = कार्यालय में एक दिन के लिए पुरुषों का औसत वेतन x पुरुषों की संख्या

$\Rightarrow$ कार्यालय में एक दिन के लिए पुरुषों का कुल वेतन = $455 \times 200 = 91,000$

$\therefore$ कार्यालय से एक दिन के लिए पुरुषों का कुल वेतन 91,000 है।

(4) दो शंकु के आधारों के व्यास बराबर हैं और उनकी तिर्यक ऊंचाई का अनुपात 5:4 है। यदि छोटे शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 200 सेमी² है, तो बड़े शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए -

(a) 200 सेमी²
(b) 400 सेमी²
(c) 250 सेमी²
(d) 500 सेमी²

उत्तर :- (c) 250 सेमी²

व्याख्या - दिया हुआ :

दो शंकु के आधारों के व्यास बराबर हैं।

उनकी तिर्यक ऊंचाई का अनुपात 5:4 है।

छोटे शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 200 सेमी² है।

प्रश्नानुसार,

दो शंकु के आधार की त्रिज्या बराबर है (माना r)

माना अनुपात x है।

तो, बड़े शंकु की तिर्यक ऊंचाई $= 5x$

और छोटे शंकु की तिर्यक ऊंचाई $= 4x$

अब प्रश्नानुसार,

$\pi r(4x) = 200$

$\Rightarrow rx = 50/\pi$

तो वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $= \pi\times r\times5x = 5\pi\times rx$

तो वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 5\pi\times50/\pi$

$\therefore$ 250 सेमी²

(5) एक परीक्षा में अमन, अमित से 20% कम अंक प्राप्त करता है और अमर, अमन से 20% अधिक अंक प्राप्त करता है। यदि अमर और अमन के प्राप्तांक के बीच का अंतर 48 है, तो अमित के द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिये, जबकि परीक्षा के अधिकतम अंक 500 हैं।

(a) 65%
(b) 55%
(c) 60%
(d) 75%

उत्तर :- (c) 60%

व्याख्या - दिया है :

अमन, अमित से 20% कम अंक प्राप्त करता है।

अमर, अमन से 20% अधिक अंक प्राप्त करता है।

अमन और अमर के प्राप्तांक के बीच का अंतर 48 है।

परीक्षा के अधिकतम अंक 500 हैं।

माना अमित के द्वारा प्राप्त अंक x हैं।

अतः अमन के द्वारा प्राप्त अंक $x \times 80\% = 4x/5$

और अमर के द्वारा प्राप्त अंक $4x/5 \times 120\% = 24x/25$ है।

प्रश्नानुसार,

$24x/25 - 4x/5 = 48$

$\Rightarrow 4x/25 = 48$

इसलिए, $x = 300$

अतः अमित के द्वारा प्राप्त अंक $= 300$

अतः अभीष्ट प्रतिशत $= (300/500) \times 100\%$

$\therefore 60\%$

(6) यदि एक त्रिभुज का परिमाप 20 और इसकी तीनों भुजाएं पूर्णांक हैं, तो ऐसे कितने विभिन्न त्रिभुज संभव हैं -

(a) 5
(b) 6
(c) 7
(d) 8

उत्तर :- (d) 8

व्याख्या - किसी त्रिभुज के लिए आवश्यक शर्त यह है कि इसकी तीन भुजाएं a, b और c इस प्रकार हों कि, $a + b > c$ जहां c सबसे बड़ी भुजा है।

$\Rightarrow$ परिमाप 20 होने के लिए भुजाओं (a, b, c) का समूह (5, 6, 9), (4, 7, 9), (3, 8, 9), (5, 7, 8), (6, 6, 8), (4, 8, 8), (6, 7, 7) तथा (2, 9, 9) हो सकता है।

$\therefore$ 8 ऐसे त्रिभुज संभव हैं।

(7) एक बल्लेबाज दसवें मैच में 111 रन बनाता है और इस प्रकार प्रति मैच अपना औसत 5 रन से बढ़ाता है। दसवें मैच के बाद उसका औसत क्या होगा -

(a) 66
(b) 61
(c) 62
(d) 64

उत्तर :- (a) 66

व्याख्या - माना कि औसत रन x हैं।

9 मैचों में कुल रन $= 9x$

दसवें मैच के बाद औसत रन $= (9x + 111)/10 = x + 5$ (दिया गया है)

$\Rightarrow 9x + 111 = 10x + 50$

$\Rightarrow x = 61$

$\therefore$ दसवें मैच के बाद औसत रन $= 61+5 = 66$

(8) यदि 2A = 3B और 3A = 5C है, तो A : B : C ज्ञात करें -

(a) 9 : 10 : 15
(b) 10 : 15 : 9
(c) 15 : 10 : 9
(d) 15 : 9 : 10

उत्तर :- (c) 15 : 10 : 9

व्याख्या - दिया गया है

$2A = 3B$

$\Rightarrow A : B = 3 : 2 = 15 : 10$

और, $3A = 5C$

$\Rightarrow A : C = 5 : 3 = 15 : 9$

अतः, $A : B : C = 15 : 10 : 9$

(9) एक छात्र एक संख्या को 5/4 के बजाय 4/5 से गुणा कर देता है। तो गिनती में प्रतिशत त्रुटि क्या है -

(a) 16
(b) 25
(c) 36
(d) 20

उत्तर :- (c) 36

व्याख्या - माना कि गुणा की गयी संख्या x है

अनुमानित परिणाम $= 5/4 \times x = 1.25x$

गलत गिनती से प्राप्त परिणाम $= 4/5 \times x = 0.8x$

त्रुटि = (अनुमानित परिणाम - गलत उत्तर)/(अनुमानित परिणाम) x 100

$\therefore 0.45/1.25 \times 100 = 36\%$

(10) 8961 में कौन सी सबसे छोटी संख्या जोड़ी जाये ताकि यह 84 से पूर्णतः विभाजित हो जाये -

(a) 25
(b) 32
(c) 33
(d) 27

उत्तर :- (d) 27

व्याख्या - जब 8961 को 84 से विभाजित किया जाता है, तो हमें 106 भागफल और 57 शेषफल प्राप्त होता है। जो कि $8961 = 106 \times 84 + 57$ इसलिए इसे 84 से पूर्णतः विभाजित करने के लिए $84 - 57 = 27$ जोड़ना चाहिए।

(11) यदि $x^2 - 3x + 1 = 0$ हो, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान क्या है -

(a) 11
(b) 18
(c) 47
(d) 51

उत्तर :- (c) 47

व्याख्या - $x^2 - 3x + 1 = 0$

उपरोक्त समीकरण में x से भाग देने पर, हमें ज्ञात होता है,

$x - 3 + 1/x = 0$

$x + 1/x = 3$

यदि $x + 1/x = n$

$x^4 + 1/x^4 = (n^2 - 2)^2 - 2$

यहां, $n = 3$

$x^4 + 1/x^4 = (9-2)^2 - 2 = 47$

(12) निम्न प्रश्न में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या अनुमानित मान आना चाहिए -

$$\frac{7^5\times8^5\times36^2}{49^2\times2^8\times3^4} = ?$$

(a) 43008
(b) 3584
(c) 14336
(d) 2048

उत्तर :- (c) 14336

व्याख्या - $\frac{7^5\times8^5\times36^2}{49^2\times2^8\times3^4}$ का भाग

$\Rightarrow \frac{7^5\times(2^3)^5\times(6^2)^2}{(7^2)^2\times2^8\times3^4}$

$\Rightarrow \frac{7^5\times2^{15}\times3^4\times2^4}{7^4\times2^8\times3^4}$

$\Rightarrow 7 \times 2^{11}$

$\Rightarrow 14336$

(13) दो परीक्षा कक्ष A और B हैं। यदि 15 उम्मीदवारों को A से B में भेजा जाता है, तो प्रत्येक कक्ष में छात्रों की संख्या समान होगी। यदि 25 उम्मीदवार B से A में भेजे जाते हैं, तो A में छात्रों की संख्या B से दोगुनी हो जाती है। प्रत्येक कक्ष में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए -

(a) A में 100 और B में 102
(b) A में 135 और B में 105
(c) A में 125 और B में 100
(d) A में 105 और B में 120

उत्तर :- (b) A में 135 और B में 105

व्याख्या - माना कि कक्ष A और B में छात्रों की संख्या क्रमशः x और y है।

$\Rightarrow x - 15 = y + 15$

$\Rightarrow x - y = 30$....समीकरण (i)

दी गई जानकारी से

$\Rightarrow x + 25 = 2(y - 25)$

$\Rightarrow x + 25 = 2y - 50$

$\Rightarrow x - 2y = -75$...समीकरण (ii)

समीकरण 1 और समीकरण 2 से, हम प्राप्त करते हैं

$\Rightarrow$ समीकरण 1 - समीकरण 2 से, हमें $y = 105$ मिलता है

समीकरण 1 में $y = 105$ रखने पर हम प्राप्त करते हैं

$\Rightarrow x = 135$

$\therefore$ कक्ष A और B में छात्रों की संख्या क्रमशः 135 और 105 है।

(14) एक दुकानदार एक शर्ट के अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है और फिर से दुकानदार नए मूल्य पर 15% की छूट देता है। यदि शर्ट का अंकित मूल्य 500 रुपये है, तो शर्ट का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिये -

(a) 340
(b) 320
(c) 360
(d) 380

उत्तर :- (a) 340

व्याख्या - दिया है :

अंकित मूल्य = 500 रुपये

क्रमिक छूट 20% और 15% हैं

कुल छूट $= (x+y-xy/100)$, जहां x और y छूट प्रतिशत हैं

S.P. = M.P. x (100 - छूट %)/100

कुल छूट = [20 + 15 - (20 x 15)/100]

कुल छूट = 32%

इसलिए, S.P. = M.P. x (100 - छूट %)/100

S.P. = 500 x (100 - 32)/100

$\therefore$ S.P. = 340 रुपये

(15) 16 सेमी² पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल वाले कितने छोटे घन एक घनाभ बॉक्स से बनाए जा सकते हैं जिसकी लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई का अनुपात 15:12:8 है और घनाभ के पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल 432 सेमी² है।

(a) 160
(b) 165
(c) 175
(d) 180

उत्तर :- (d) 180

व्याख्या - माना कि अनुपात x है।

तो लंबाई $= 15x$

चौड़ाई $= 12x$ और ऊंचाई $= 8x$

प्रश्नानुसार,

पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल = 432 सेमी²

$2(l + b) \times h = 432$

$2(15x + 12x) \times 8x = 432$

$432x^2 = 432$

तो, $x = 1$

तो घनाभ का आयतन $= 15x \times 12x \times 8x = 1440x^3 = 1440$

अब घन क्षेत्रफल = 16 सेमी²

$4a^2 = 16$

$\Rightarrow a = 2$

घन का आयतन $= 2^3 = 8$ सेमी³

तो छोटे घनों की कुल संख्या = 1440/8

अतः, 180

(16) यदि सात - अंकों वाली संख्या 5x634y2, 88 से इस प्रकार विभाज्य है कि $x \neq y$, तो (2y -3x) का मान क्या है -

(a) 13
(b) 8
(c) 15
(d) 6

उत्तर :- (d) 6

व्याख्या - सात-अंकों वाली संख्या 5x634y2, 88 से विभाज्य है।

अतः हम कह सकते हैं कि संख्या 11 और 8 से भी विभाज्य है।

7 - अंकों वाली संख्या 5x634y2, 8 से विभाज्य होगी यदि इसका अंतिम अंक 4y2, 8 से विभाज्य होगा

4y2, 8 से विभाज्य हो यदि $y = 7$ या $y = 3$

यदि $y = 3$ तो

7 - अंकों वाली संख्या 5x63432, 11 से विभाज्य है, तो

$(5 + 6 + 4 + 2) - (x + 3 + 3) = 11$

$17 - x - 6 = 11$

$x = 0$

यदि $y = 7$, तो,

7 - अंकों वाली संख्या 5x63472, 11 से विभाज्य है, तो

$(5 + 6 + 4 + 2) - (x + 3 + 7) = 0$

$17 - x - 10 = 0$

$x = 7$

$\therefore x \neq y$

इसलिए

$y = 3$ और $x = 0$ तो

$(2y - 3x)$

$2 \times 3 - 3 \times 0 = 6$

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए

सामान्य ज्ञान

1. भारत द्वारा ओलिम्पिक में पहला स्वर्ण पदक किस वर्ष प्राप्त किया गया था?
A. 1980 में
B. 1928 में
C. 1900 में
D. 1936 में
उत्तर- B. 1928 में
व्याख्या- भारत ने 1928 में एम्सटर्डम में आयोजित खेलों में पहला स्वर्ण पदक हॉकी में जीता था।

2. निम्नांकित सूची I को सूची II से सुमेलित कर दिये गये कूट के आधार पर सही उत्तर दीजिये?

सूची I (संस्था)	सूची II (स्थापना वर्ष)
a. साहित्य अकादमी	1. 1953
b. संगीत नाटक अकादमी	2. 1784
c. एशियाटिक समाज	3. 1861
d. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	4. 1954

	a.	b.	c.	d.
A	1	4	3	2
B.	1	2	3	4
C.	4	1	2	3
D.	4	3	2	1

उत्तर- C. 4 1 2 3

3. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में कौन सा एक शब्द 42वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 द्वारा नहीं जोड़ा गया था?
A. समाजवादी
B. अखण्डता
C. पंथ निरपेक्ष
D. गुट निरपेक्ष
उत्तर- D. गुट निरपेक्ष

4. संविधान की छठी अनुसूची किस राज्य में लागू नहीं होती है?
A. मणिपुर
B. मेघालय
C. असम
D. मिजोरम
उत्तर- A. मणिपुर

5. निम्नलिखित क्रान्तिकारियों में से कौन से एक प्रसिद्ध दार्शनिक एवं योगी बन गये थे?
A. लाला लाजपत राय
B. अरविंद घोष
C. मोतीलाल नेहरू
D. सुभाष चन्द्र बोस
उत्तर- B. अरविंद घोष

6. प्रसिद्ध छठ पूजा का अर्घ्य किस देवता को दिया जाता है?
A. सूर्य
B. वायु
C. अग्नि
D. वरुण
उत्तर- A. सूर्य

7. बर्फ के पानी में पिघलने पर क्या प्रभाव पड़ता है?
A. आयतन बढ़ता है।
B. द्रव्यमान बढ़ता है।
C. आयतन घटता है।
D. द्रव्यमान घटता है।
उत्तर- C. आयतन घटता है।

8. विश्व का कौन सा देश "चीनी का कटोरा" कहलाता है?
A. स्वीडन
B. सिंगापुर
C. ब्राजील
D. क्यूबा
उत्तर- D. क्यूबा

9. हमारे सौरमण्डल का कौनसा ग्रह अपने अक्ष पर सबसे तेजी से घूमता है?
A. शुक्र
B. बृहस्पति
C. शनि
D. मंगल
उत्तर- B. बृहस्पति

10. सरस्वती सम्मान के बारे में सत्य कथन कौनसा है?
A. वार्षिक साहित्य सम्मान है।
B. के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है।
C. अनुसूची 8 में वर्णित भाषाओं की उत्कृष्ट कृति को दिया जाता है।
D. सभी कथन सत्य हैं।
उत्तर- D. सभी कथन सत्य हैं।

11. प्रसिद्ध भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये .....' की रचना किसके द्वारा की गयी थी?
A. रामानंद
B. नरसिंह मेहता
C. दादू दयाल
D. चैतन्य स्वामी
उत्तर- B. नरसिंह मेहता

12. हवा महल एवं नौ-खण्डा महल अवस्थित हैं?
A. चंदेरी में
B. माण्डू में
C. भोपाल में
D. ग्वालियर में
उत्तर- A. चंदेरी में

13. गुरूनानक देव का जन्म स्थान कौन सा है?
A. नांदेड
B. अमृतसर
C. तलवंडी
D. आनंदपुर
उत्तर- C. तलवंडी

14. सिंधु घाटी से प्राप्त मुहर में कौन से भगवान की प्रतिकृति का मुद्रण था?
A. अग्नि
B. इन्द्र
C. वरुण
D. पशुपति
उत्तर- D. पशुपति

15. भारत में पारसियों के मशहूर पर्व नवरोज का प्रारम्भ किसने किया था?
A. बलबन
B. इल्तुतमिश
C. मोहम्मद बिन तुगलक
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- A. बलबन

16. किस भारतीय ने सर्वप्रथम इंडियन सिविल सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण की थी?
A. सुभाष चन्द्र बोस
B. लाला लाजपत राय
C. सुरेन्द्र बनर्जी
D. सत्येन्द्र नाथ टैगोर
उत्तर- D. सत्येन्द्र नाथ टैगोर

17. मध्यप्रदेश में ग्रीष्म ऋतु को किस नाम से जाना जाता है?
A. चौमासा
B. युनाला
C. सियाला
D. त्रिमासा
उत्तर- B. युनाला

18. भारत में सर्वप्रथम कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कहां पर की गयी थी?
A. पंतनगर
B. हैदराबाद
C. जबलपुर
D. लखनऊ
उत्तर- A. पंतनगर

19. विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?
A. 5 जून
B. 22 अप्रैल
C. 24 अक्टूबर
D. 16 सितम्बर
उत्तर- D. 16 सितम्बर

20. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?
A. 1986 में
B. 1974 में
C. 1972 में
D. 1981 में
उत्तर- C. 1972 में

21. 'वामनावतार' सम्बंधी ऐतिहासिक उल्लेख किस वेद से ज्ञात होते हैं?
A. ऋग्वेद
B. अथर्ववेद
C. सामवेद
D. यजुर्वेद
उत्तर- A. ऋग्वेद

22. भारतवर्ष के इतिहास में तुगलमा युद्ध नीति का उपयोग सर्वप्रथम किस युद्ध में किया गया था?
A. घाघरा के युद्ध में
B. पानीपत के प्रथम युद्ध में
C. चौसा के युद्ध में
D. सामूगढ़ के युद्ध में
उत्तर- B. पानीपत के प्रथम युद्ध में

23. 'काठी नृत्य' मध्यप्रदेश के किस भाग का प्रमुख नृत्य है?
A. मालवा
B. बुंदेलखण्ड
C. निमाड़
D. बघेलखण्ड
उत्तर- C. निमाड़

24. मध्यप्रदेश वित्त निगम की स्थापना किस वर्ष की गयी थी?
A. 1955 में
B. 1975 में
C. 1965 में
D. 1985 में
उत्तर- A. 1955 में

25. प्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये 'ऑपरेशन फेथ' का सम्बंध है?
A. ओलिम्पिक में पदक प्राप्त करने हेतु एक कार्यक्रम।
B. जनजातीय क्षेत्रों में शासन के प्रति भरोसा बढ़ाने का कार्यक्रम।
C. विदेशी निवेशकों को प्रदेश में निवेश करने हेतु आमंत्रण।
D. भोपाल गैस त्रासदी में शेष रही गैसों को हटाने से।
उत्तर- D. भोपाल गैस त्रासदी में शेष रही गैसों को हटाने से।

26. नासा का 'कैसिनी मिशन' किस ग्रह से सम्बंधित है?
A. मंगल
B. शनि
C. अरुण
D. वरुण
उत्तर- B. शनि
व्याख्या- कैसिनी मिशन को 15 अक्टूबर 1997 को लॉन्च किया गया था। यह शनि ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्षयान था।

27. 'एशियाई विकास बैंक' की स्थापना किस वर्ष की गयी थी?
A. 1966 में
B. 1961 में
C. 1985 में
D. 1963 में
उत्तर- A. 1966 में

28. डेविड डिक्सन पुरस्कार किससे सम्बंधित है?
A. ओलिम्पिक खेलों से
B. राष्ट्रमण्डल खेलों से
C. एशियाई खेलों से
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- B. राष्ट्रमण्डल खेलों से
व्याख्या- यह पुरस्कार राष्ट्रमण्डल खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को प्रदान किया जाता है। 2002 से इस सम्मान का आरम्भ किया गया।

29. लिटमस पेपर किससे बना होता है?
A. लाइकेन
B. विषाणु
C. जीवाणु
D. कवक
उत्तर- A. लाइकेन

30. एक स्वस्थ व्यस्क पुरुष में रक्त लगभग कितना होता है?
A. 2-3 लीटर
B. 4-5 लीटर
C. 5-6 लीटर
D. 7-8 लीटर
उत्तर- C. 5-6 लीटर

31. किस मध्यकालीन सुल्तान ने स्वयं को 'सिकन्दर-ए-सानी' घोषित किया था?
A. फिरोज तुगलक
B. बलबन
C. सिकन्दर लोधी
D. अलाउद्दीन खिलजी
उत्तर- D. अलाउद्दीन खिलजी

32. प्रकाश संश्लेषण हेतु सर्वाधिक क्रियाशील प्रकाश कौन सा होता है?
A. हरा प्रकाश
B. लाल प्रकाश
C. नारंगी प्रकाश
D. पीला प्रकाश
उत्तर- B. लाल प्रकाश

33. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?
A. उड़ीसा
B. महाराष्ट्र
C. पश्चिम बंगाल
D. छत्तीसगढ़
उत्तर- A. उड़ीसा

34. वह नदी कौन सी है जो समुद्र में मिलने से पहले एक विस्तृत मरुस्थल से होकर गुजरती है?
A. मिसीसिपी
B. वोल्गा
C. कोलॉरिडो
D. अमेजन
उत्तर- C. कोलॉरिडो

35. सूर्य का व्यास, पृथ्वी के व्यास का लगभग कितने गुना है?
A. 400 गुना
B. 109 गुना
C. 1300 गुना
D. 20 गुना
उत्तर- B. 109 गुना (लगभग)

36. पारिस्थितिक तन्त्र का 10% का नियम किसके द्वारा दिया गया था?
A. मेण्डल
B. ओड़म
C. डाल्टन
D. लिण्डमैन
उत्तर- D. लिण्डमैन

37. निम्न में से कौन सा एक युग्म सुमेलित है?
i. हॉर्टीकल्चर - बागवानी
ii. एपीकल्चर - मधुमक्खी पालन
iii. पोमोलॉजी - कीटों का अध्ययन
iv. सॉरोलाजी - सर्पो का अध्ययन
कूट:- A. केवल i
B. केवल i और ii
C. केवल i, ii और iii
D. सभी सही हैं
उत्तर- B. केवल i और ii

38. अमेरिगो वेस्पूची जिसके नाम पर अमेरिका का नाम अमेरिका पड़ा था, किस देश के नागरिक थे?
A. इटली
B. पुर्तगाल
C. स्पेन
D. फ्रान्स
उत्तर- A. इटली

39. हाथी महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष कहां किया जाता है?
A. मैसूर
B. जयपुर
C. चेन्नई
D. देहरादून
उत्तर- B. जयपुर

40. एजुथचान पुराकरम, किस भारतीय राज्य का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है?
A. तमिलनाडु
B. मेघालय
C. केरल
D. पश्चिम बंगाल
उत्तर- C. केरल

41. किला राज पिथौरा कहां अवस्थित है?
A. लखनऊ
B. जयपुर
C. भोपाल
D. नई दिल्ली
उत्तर- D. नई दिल्ली

42. द्वितीय बुद्ध की संज्ञा किसे दी जाती है?
A. अश्वघोष
B. नागार्जुन
C. पद्मसंभव
D. अशोक
उत्तर- C. पद्मसंभव

- सुजय जैन
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

आत्मनिर्भर भारत के लिए उद्योग एवं खनिज को बढ़ावा देना आवश्यक

भोपाल, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रदेश में उद्योग और खनिज को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाएगा। उद्योगों को आकर्षित करने एवं निवेश के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बहुत आवश्यक है, परंतु अक्सर इसका दिखावा होता है। हम सुनिश्चित करेंगे कि मध्यप्रदेश में 'रियल ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' हो जिससे निवेशक यहां बिना किसी परेशानी के अपने उद्योग स्थापित कर सकें, सरकार उन्हें पूरा सहयोग देगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पैकेज-4 के संबंध में औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग तथा खनिज साधन विभाग की बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत अब कमर्शियल माइनिंग का प्रावधान किया गया है, जो कि उद्योग एवं व्यवसाय के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। मध्यप्रदेश में कोयले के साथ ही बॉक्साइट भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। कोयला खदानों के साथ बॉक्साइट की संयुक्त नीलामी उद्योगों को बढ़ावा देने में अत्यंत सहायक होगी। हम अपनी खनिज संपदा के दोहन में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। गत वर्षों में यह कार्य धीमा रहा है, परंतु भविष्य में तेजी लाई जाएगी। इससे शासन को राजस्व तो प्राप्त होगा ही, रोज़गार के बड़े अवसर सृजित होंगे। संबंधित विभाग इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से कार्य करें।

11 कोयला खदानों की नीलामी की सूचना जारी

कोयला क्षेत्र में सुधार की नीति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा अब कमर्शियल माइनिंग का प्रावधान किया गया है। इससे अब कोई भी पार्टी कोल ब्लॉक के लिए बोली लगा सकेगी तथा कोयला खुले मार्केट में विक्रय किया जा सकेगा। प्रतियोगिता बढ़ने से बंद पड़ी खदानें चालू होंगी, नई खदानें शुरू होंगी तथा कोयले के दाम कम होने से पावर, एल्युमिनियम एवं स्टील सेक्टर को लाभ होगा। भारत सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई कोल खदानों की नीलामी सूचना में देश की 41 कोयला खदानों को शामिल किया गया है जिनमें प्रदेश की 11 कोयला खदानें सम्मिलित की गई हैं। इसकी ड्यू डेट 18 अगस्त रखी गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि समय अवधि में सारी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

खनिज राजस्व में होगी ढाई गुना वृद्धि

भारत सरकार की इस नई नीति के चलते मध्यप्रदेश की खनिज आय में लगभग ढाई गुना तक वृद्धि होगी। अभी यह लगभग 5 हजार करोड़ रुपये है जो बढ़कर 12 हजार करोड़ रुपये के लगभग हो जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि न केवल कोयला, बल्कि अन्य खनिजों के उत्खनन संबंधी ऐसी कार्यप्रणाली बनाई जाए, जिससे प्रदेश को अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके और अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार मिल सके।

13 खनिज ब्लॉक की नीलामी पूर्ण

प्रदेश के 13 खनिज ब्लॉक की नीलामी पूर्ण कर ली गई है। इनसे प्रदेश को 600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। अन्य 17 खनिज ब्लॉक की नीलामी 3 माह बाद होगी तथा 66 खनिज ब्लॉक में पूर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है।

कोल-बैड मीथेन के दोहन की नीति बनेगी

आगामी समय में कोल बैड मीथेन के दोहन की भी नीति बनाई जाएगी। इसके साथ ही कोयले के गैसीकरण एवं तरलीकरण के उद्योग लगाने के क्षेत्र में भी कार्य होंगे। इससे जहां एक ओर पर्यावरण को हानि नहीं होती है, वहीं दूसरी ओर इसका परिवहन भी आसान होता है।

औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों के उन्नयन के कार्य

बैठक में प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्रों/पार्कों के उन्नयन के प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं। अगले 4-5 वर्षों में लगभग 10 हजार हेक्टेयर भूमि विकसित करने का प्रस्ताव है। इनमें चंबल प्रोग्रेस-वे तथा इंदौर-भोपाल इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के आसपास 2-2 हजार हेक्टेयर तथा 19 नये चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में 1910 हेक्टेयर भूमि के विकास के प्रस्ताव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अधोसंरचना उन्नयन के क्षेत्र में पीथमपुर में सेक्टर 4 व 5 में 587 हेक्टेयर क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया जारी है।

फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निवेश

आत्मनिर्भर भारत के लिये भारत सरकार द्वारा फार्मास्युटिकल क्षेत्र में निवेश के लिये नई गाइडलाइन जारी की गई है। इस गाइडलाइन के आधार पर मध्यप्रदेश में फार्मा पार्क की स्थापना हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी गई है। फार्मास्युटिकल, ड्रग और उपकरण निर्माताओं से चर्चा कर निवेश हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। फार्मा पार्क की स्थापना के लिये 1500 से 2000 हेक्टेयर भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही भी की जा रही है। इस उद्योग से प्रदेश के लगभग 40 से 50 हजार व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना के लिए प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को समय सीमा में भिजवाया जाये।

पर्यटन निगम के होटल्स बनेंगे क्वारंटीन सेंटर

भोपाल, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के होटल्स को अब पेड क्वारंटीन सेंटर के रूप में भी उपयोग किया जायेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन के अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केशरी ने बताया कि पर्यटन निगम के प्रदेश के अनेक शहरों में होटल्स संचालित हैं, जिन्हें अब पेड क्वारंटीन सेंटर के रूप में उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। क्वारंटीन होने की सलाह वाले व्यक्तियों की सुविधा के दृष्टिगत निगम प्रबंधन ने निगम की पांच होटल्स को क्वारंटीन सेंटर के रूप में स्थापित करने का फ़ैसला लिया है।

राजधानी भोपाल में स्थित होटल लेक व्यू अशोका, जबलपुर में होटल कलचुरी रेसीडेंसी, ग्वालियर में होटल तानसेन रेसीडेंसी, उज्जैन में होटल उज्जैयिनी एवं रीवा में विंध्या रिट्रीट को क्वारंटीन सेंटर बनाया जा रहा है। इन होटल्स में क्वारंटीन के तौर पर रहने के लिये 14 अथवा 7 दिवस की क्वारंटीन अवधि में खान-पान एवं ठहरने हेतु यह सुविधा सशुल्क उपलब्ध होगी।

विदेशों से स्वदेश वापस आने वाले तथा प्रदेश के बाहर से आने वाले व्यक्तियों/यात्रियों को भी इन सुविधाजनक क्वारंटीन सेंटर्स में क्वारंटीन किया जा सकता है। उक्त क्वारंटीन सेंटर्स की अधिक जानकारी के लिये टोल-फ्री नंबर 18002337777 पर संपर्क किया जा सकता है।

कोरोना संक्रमित बंदियों के लिये चौदह जिलों में अस्थाई जेल

भोपाल, गृह एवं जेल मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि जेलों में कोरोना संक्रमण प्रसार को रोकने के लिये कैदियों के कोरोना टेस्ट के बाद ही उन्हें जेल की बैरकों में रखा जायेगा। कोरोना संक्रमण अथवा कोरोना के लक्षण पाये जाने पर उन्हें प्रथक से तैयार की गई अस्थाई जेल में रखा जायेगा। प्रदेश में इंदौर के अतिरिक्त अन्य 13 जिलों में अस्थाई जेल बनाने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि इंदौर में शासकीय पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास ग्राम असरावद खुर्द को अस्थाई जेल घोषित किया गया है। इस प्रकार की अस्थाई जेल ग्वालियर, छिंदवाडा, रतलाम, रीवा, शहडोल, सागर, सतना, होशंगाबाद, छतरपुर, बड़वानी, नरसिंहपुर, खंडवा और दतिया में भी बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि नवीन आमद के बंदियों तथा अग्रिम जमानत पर रिहा बंदियों के जेलों में दाखिल होने से प्रदेश की जेलों में काफी संख्या में बंदियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की आशंका के दृष्टिगत ये निर्देश जारी किये गये हैं।

महानिदेशक जेल श्री संजय चौधरी ने अस्थाई जेल के प्रबंध करने के लिये संबंधित जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि वे अपने जिले के किसी सुरक्षित एवं सुविधायुक्त शासकीय भवन को अस्थाई कारागार घोषित करें। अस्थाई कारागार में समुचित उपचार की सुविधा, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ सहित उपलब्ध करवायी जाए।

डी.जी. जेल श्री चौधरी ने अस्थाई कारागार की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था हेतु जेल बल तैनात करने तथा बाह्य सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिये हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना की टीम के कप्तान हैं?**
(अ) नेमार जूनियर
(ब) लियोनेल मेसी
(स) लुईस सुआरेज
(द) फ्रैंक लेंपार्ड

2. **अमेरिकी टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीते हैं?**
(अ) 17
(ब) 20
(स) 21
(द) 23

3. **वन-डे क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं?**
(अ) रोहित शर्मा
(ब) वीरेन्द्र सहवाग
(स) सौरव गांगुली
(द) के.एल. राहुल

4. **वर्ष 2023 में फीफा महिला फुटबॉल वर्ल्डकप कहां आयोजित किया जायेगा?**
(अ) फ्रांस - इंग्लैंड
(ब) मलेशिया - सिंगापुर
(स) ऑस्ट्रेलिया - न्यूजीलैंड
(द) इनमें से कोई नहीं।

5. **वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन का मुख्यालय कहां स्थित है?**
(अ) क्वालालंपुर
(ब) नई दिल्ली
(स) टोक्यो
(द) सियोल

6. **लुईस हेमिल्टन ने अब तक कितनी बार हंगेरियन ग्रांप्री रेस जीती है?**
(अ) सात
(ब) आठ
(स) छह
(द) दस

7. **इनमें से किस क्रिकेटर ने लगातार चार वन-डे मैचों में मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड बनाया है?**
(अ) कुमार संगाकारा
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) क्रिस गेल
(द) सौरव गांगुली

8. **इनमें से कौन टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज का सबसे सफल कप्तान हैं?**
(अ) क्लाइव लॉयड
(ब) ब्रायन लारा
(स) विवियन रिचर्ड्स
(द) जेसन होल्डर

9. **वर्ष 2022 में एशियाई खेल चीन के किस शहर में आयोजित किए जायेंगे?**
(अ) बीजिंग
(ब) हांगझाऊ
(स) शंघाई
(द) गुआंगझाऊ

10. **वर्ष 2006 में इटली ने फाइनल में किस देश को हराकर फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप जीता था?**
(अ) जर्मनी
(ब) स्पेन
(स) फ्रांस
(द) अर्जेंटीना

11. **हाल ही में किस फुटबॉल क्लब ने ला लीगा का खिताब जीता है?**
(अ) रियल मैड्रिड
(ब) बार्सिलोना
(स) रियल सोसिएदाद
(द) लेवांते

12. **भारतीय पहलवान सुशील कुमार ने वर्ष 2012 के लंदन ओलिंपिक में कौन-सा पदक जीता था?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

13. **दक्षिण अफ्रीका के लिए वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) डेल स्टेन
(ब) मोर्ने मोर्केल
(स) जैक कैलिस
(द) शॉन पोलक

14. **रोदेक स्टेपानेक किस खेल से संबंधित खिलाड़ी हैं?**
(अ) टेनिस
(ब) बैडमिंटन
(स) एथेलेटिक्स
(द) गोल्फ

15. **अगला अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप किस देश में आयोजित होगा?**
(अ) भारत
(ब) पाकिस्तान
(स) वेस्टइंडीज
(द) मलेशिया

16. **वर्ष 2015 में एएफसी एशियन कप का खिताब किस देश ने जीता है?**
(अ) कतर
(ब) जापान
(स) ईरान
(द) ऑस्ट्रेलिया

17. **इनमें से किस खिलाड़ी को इस वर्ष ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया सम्मान से नवाजा गया है?**
(अ) जेमी ड्वायर
(ब) माइकल क्लार्क
(स) लिटन हैविट
(द) इनमें से कोई नहीं

18. **अमांडा नुनेस किस खेल में ब्राजील का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) कुश्ती
(ब) बॉक्सिंग
(स) मिक्स्ड मार्शल आर्ट
(द) कराटे

19. **संजीता चानू ने वर्ष 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन स्पर्धा में कौन-सा पदक जीता है?**
(अ) स्वर्ण पदक
(ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

20. **हाल ही में इनमें से किस एथलीट को डोप टेस्ट नहीं कराने के कारण सस्पेंड किया गया है?**
(अ) जस्टिन गेटलिन
(ब) असाफा पावेल
(स) क्रिस्टियन कोलमैन
(द) इलियुड किपचोगे

21. **अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक दिवस कब मनाया जाता है?**
(अ) 20 जून
(ब) 23 जून
(स) 02 जुलाई
(द) 23 जुलाई

22. **इस वर्ष कोपा इटेलियन कप का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(अ) ए.सी. मिलान
(ब) लेजियो
(स) नेपोली
(द) जुवेंटस

23. **डस्टिन जॉनसन किस देश के लिए गोल्फ खेलते हैं?**
(अ) इटली
(ब) मैक्सिको
(स) रूस
(द) अमेरिका

24. **हाल ही में इनमें से किस फुटबॉलर ने संन्यास लेने का ऐलान किया है?**
(अ) थॉमस मुलर
(ब) मारियो गोमेज
(स) रोनाल्डिनो
(द) वैन रूनी

25. **इनमें से किसने हाल ही में आईसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है?**
(अ) शशांक मनोहर
(ब) एहसान मनी
(स) इमरान ख्वाजा
(द) मनु स्वाहने

उत्तरमाला

1. (ब),	2. (द),	3. (अ),
4. (स),	5. (अ),	6. (ब),
7. (द),	8. (अ),	9. (ब),
10. (स),	11. (अ),	12. (ब),
13. (द),	14. (अ),	15. (स),
16. (द),	17. (ब),	18. (स),
19. (अ),	20. (स),	21. (ब),
22. (स),	23. (द),	24. (ब),
25. (अ)		

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेलचर्चा

एशियाई खेल-2018

भारतीय मिक्स्ड रिले टीम का रजत पदक स्वर्ण में बदला

जकार्ता, भारतीय चार गुणा चार सौ मीटर मिश्रित रिले टीम ने एशियाई खेल-2018 में रजत पदक जीता था, अब यह पदक अपग्रेड होकर स्वर्ण पदक में तब्दील हो गया है। इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली बहरीन की रिले टीम की सदस्य केमी एडेकोया को डोपिंग मामले में प्रतिबंधित होने के कारण अयोग्य घोषित किया गया तथा स्वर्ण पदक वापस लिया गया है। एडेकोया को एथेलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने डोपिंग के कारण चार वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया है। एडेकोया ने एशियाई खेलों में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में भी स्वर्ण पदक जीता था, इस पदक को भी वापस लिया गया है।

बीडब्ल्यूएफ ने अध्यक्ष पद के लिए सीमित किए चार कार्यकाल

क्वालालंपुर, विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने अपने अध्यक्ष के कार्यकाल को अधिकतम चार बार के लिए सीमित कर दिया है। बीडब्ल्यूएफ सदस्यों की ऑनलाइन एजीएम बैठक के दौरान संविधान में बदलाव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में परिषद में भौगोलिक और लैंगिक प्रतिनिधित्व को लागू करने की स्वीकृति भी दी गई। इसके तहत परिषद में महाद्वीपीय क्षेत्र से एक प्रतिनिधि चुना जाना तय किया गया है।

बीसीसीआई ने महाप्रबंधक पद के लिए आमंत्रित किए आवेदन

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल विकास महाप्रबंधक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस आवेदन की अंतिम तिथि सात अगस्त है। बीसीसीआई की वेबसाइट के अनुसार खेल विकास महाप्रबंधक मैच खेलने के नियमों, पिच और आउटफील्ड सहित घरेलू मैचों के दौरान कार्यक्रम को निर्धारित करने और उनकी निगरानी के लिए जिम्मेदार होगा।

तीरंदाजी विश्वकप और विश्व चैम्पियनशिप की अस्थाई तिथियां घोषित

लुसाने, विश्व तीरंदाजी संघ ने वर्ष 2021 के विश्वकप चरणों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए अस्थाई तिथियां और स्थल घोषित किए हैं। नए कार्यक्रम के तहत विश्व तीरंदाजी चैम्पियनशिप 2021 अमेरिका के यांकटन में 19 से 26 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी, जबकि विश्वकप के चरणों की शुरुआत 19 अप्रैल से ग्वाटेमाला सिटी से होगी। इसके बाद शंघाई में 17 से 23 मई तथा पेरिस में 22 से 27 जून के बीच विश्वकप के चरण आयोजित किए जाएंगे।

टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल हो सकता है री-शेड्यूल

दुबई, आईसीसी ने कहा कि अगले वर्ष जून माह में होने वाला आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला री-शेड्यूल हो सकता है। आईसीसी के क्रिकेट ऑपरेशंस के महाप्रबंधक ज्यॉफ एलार्डिस ने कहा कि फाइनल मुकाबला इस बात पर निर्भर करता है कि जो टेस्ट सीरीज कोरोना महामारी के कारण स्थगित हो गई है वो कब री-शेड्यूल होगी।

आईसीसी ने शुरू की क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक तौर पर पहली आईसीसी क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग शुरू करने का ऐलान किया है। आईसीसी ने एक प्रेस रिलीज जारी कर इस लीग को लॉन्च किया। यह लीग वर्ष 2023 में भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के क्वालिफायर मैच के तौर पर भी होगी।

वनडे क्रिकेट का बढ़ेगा महत्व

आईसीसी के महाप्रबंधक ज्यॉफ एलार्डिस ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग का लक्ष्य 50 ओवर क्रिकेट के प्रारूप को अधिक प्रासंगिक बनाना है। यह लीग अगले तीन वर्षों में वन-डे क्रिकेट को सार्थकता देगी और इसके महत्व को बढ़ायेगी। इस लीग में आईसीसी क्रिकेट विश्वकप-2023 का क्वालिफिकेशन दांव पर होगा। एलार्डिस ने कहा कि यह लीग निश्चित रूप से दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को अपनी तरफ आकर्षित करेगी।

लीग की शीर्ष सात टीमों को मिलेगी विश्वकप में जगह

आईसीसी ने कहा कि आईसीसी क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग के जरिए ही अब टीमों को वन-डे क्रिकेट विश्वकप में जगह मिलेगी। मेजबान होने के नाते भारत को वर्ष 2023 में आयोजित होने वाले आईसीसी वन-डे क्रिकेट विश्वकप में डायरेक्ट एंट्री मिलेगी। इस विश्वकप में विश्व की शीर्ष-10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत को छोड़कर लीग की शीर्ष-7 टीमों को विश्वकप में जगह मिलेगी। वहीं दो टीमों का चयन क्रिकेट विश्वकप क्वालिफायर के जरिए होगा।

- इंग्लैंड ने वर्ष 2019 में आईसीसी क्रिकेट विश्वकप का खिताब जीता था।
- वर्ष 2023 में भारत में आयोजित किया जाएगा आईसीसी क्रिकेट विश्वकप।
- यह पहला अवसर होगा जब भारत अकेले ही विश्वकप की मेजबानी करेगा।
- इससे पहले वर्ष 1987 में भारत-पाकिस्तान, वर्ष 1996 में भारत- श्रीलंका-पाकिस्तान तथा वर्ष 2011 में भारत-श्रीलंका-बांग्लादेश संयुक्त रूप से विश्वकप की मेजबानी कर चुके हैं।

आईसीसी क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग में विश्व क्रिकेट की 13 टीमें हिस्सा लेंगी, इनमें 12 टीमें आईसीसी की पूर्ण सदस्य हैं, जबकि एक अन्य टीम के रूप में नीदरलैंड शामिल है। नीदरलैंड्स ने विश्व क्रिकेट सुपर लीग 2015-17 जीतकर सुपर लीग में जगह बनाई है।

लीग का फॉर्मेट

आईसीसी क्रिकेट विश्वकप सुपर लीग में प्रत्येक टीम तीन मैचों की चार सीरीज में अपने घर में तथा चार सीरीज विदेशी सरजमीं पर खेलेंगी। प्रत्येक टीम को जीत के लिए 10 अंक मिलेंगे। जबकि ड्रा या ट्राई होने वाले मैचों के लिए प्रत्येक टीम को 5-5 अंक मिलेंगे।

हार के लिए किसी भी टीम को कोई अंक नहीं मिलेगा। टीमों की रैंकिंग आठ सीरीज से मिले अंकों के आधार पर की जाएगी। लीग में निचले क्रम की पांच टीमें जो विश्वकप के लिए सीधे क्वालिफाई नहीं कर पाएंगी, उन्हें विश्वकप क्वालिफायर में 5 एसोसिएट टीमों के साथ खेलना होगा।

हरियाणा करेगा खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 की मेजबानी

नई दिल्ली, वर्ष 2021 में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी हरियाणा राज्य को सौंपी गई है। केंद्रीय खेल मंत्री श्री किरण रिजिजू ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का चौथा सत्र हरियाणा में आयोजित होगा। इन खेलों का आयोजन टोक्यो ओलिंपिक के बाद पंचकुला में होगा। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि आमतौर पर खेलो इंडिया यूथ गेम्स प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होते हैं, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे आगे बढ़ाया गया है।

आईसीसी चेयरमैन पद

संगाकारा ने किया गांगुली के नाम का समर्थन

नई दिल्ली, श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कुमार संगाकारा ने आईसीसी के चेयरमैन पद के लिए बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली के नाम का समर्थन किया है। संगाकारा ने कहा कि गांगुली का कुशाग्र क्रिकेट दिमाग और बीसीसीआई प्रशासक के रूप में अनुभव उन्हें इस भूमिका के लिए काफी उपयुक्त दावेदार बनाता है। संगाकारा ने कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की मानसिकता अंतर्राष्ट्रीय स्तर की है, जो महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पक्षपात रहित रहने के लिए जरूरी है।

संगकारा ने कहा कि गांगुली दिल से क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ हित के बारे में सोचते हैं, वे क्रिकेट में बदलाव लाने में सक्षम हैं। उल्लेखनीय है कि संगाकारा से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक ग्रीम स्मिथ भी सौरव गांगुली को आईसीसी का चेयरमैन बनाने की मांग कर चुके हैं।

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर जीती टेस्ट सीरीज

मेनचेस्टर, तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 269 रनों से हराया।

मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 369 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए रॉरी बर्न्स (57), ओली पोप (91), जोस बटलर (67) और स्टुअर्ट ब्रॉड (62) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाए। स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन की अगुआई वाले इंग्लिश तेज गेंदबाजी आक्रमण ने वेस्टइंडीज की पारी को तहस-नहस कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में महज 197 रनों पर सिमट गई। पहली पारी में ब्रॉड ने 6, एंडरसन ने 2 तथा जोफ्रा आर्चर एवं क्रिस वोक्स ने 1-1 विकेट लिए।

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर 226 रन बनाकर पारी घोषित की और वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 399 रनों का लक्ष्य दिया। इस विशाल लक्ष्य के सामने कैरेबियाई टीम पूरी तरह दबाव में नजर आई। वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज टिक कर बल्लेबाजी करने में सफल नहीं रहा। वेस्टइंडीज की टीम 129 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

- मैच के दौरान स्टुअर्ट ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे किए।
- टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले विश्व के सातवें गेंदबाज हैं ब्रॉड।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सीईओ स्टेनिकजई को किया बर्खास्त

काबुल, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) लुतुफुल्लाह स्टेनिकजई को खराब प्रबंधन, असंतोषजनक प्रदर्शन और प्रबंधकों के साथ दुर्व्यवहार के कारण पद से बर्खास्त कर दिया है।

स्टेनिकजई को जुलाई 2019 में सीईओ नियुक्त किया गया था। स्टेनिकजई का एसीबी के साथ तीन वर्षों का अनुबंध था। आईसीसी वन-डे क्रिकेट विश्वकप-2019 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लचर प्रदर्शन को देखते हुये स्टेनिकजई को सीईओ बनाया गया था।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन फरहान युसुफजई ने स्टेनिकजई को भेजे गये पत्र में लिखा कि आपको सूचित किया जाता है कि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के तौर पर आपका अनुबंध समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि आपके अनुबंध को बीच में समाप्त करने का कारण असंतोषजनक प्रदर्शन और खराब प्रबंधन है। एसीबी ने कहा कि स्टेनिकजई को इससे पहले कई बार मौखिक और लिखित चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन स्टेनिकजई के प्रदर्शन और व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया।

पद से हटाये जाने के बाद स्टेनिकजई ने कहा कि इस घटनाक्रम से पूरी तरह अचंभित हूं, उन्हें सबसे पहले हटाये जाने की जानकारी बोर्ड से नहीं, बल्कि सोशल मीडिया से मिली है।

फ्रेंच कप

पेरिस सेंट जर्मेन ने 13वीं बार जीता खिताब

पेरिस, फ्रांस की सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल लीग फ्रेंच कप का खिताब पेरिस सेंट जर्मेन ने जीत लिया है। पेरिस सेंट जर्मेन ने 13वीं बार यह खिताब अपने नाम किया है। फ्रेंच कप के फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन ने सेंट एटिने को 1-0 से हराया।

फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। मैच के 14वें मिनट में पेरिस सेंट जर्मेन को गोल करने का मौका मिला। पेरिस सेंट जर्मेन के किलियन एमबाप्पे ने शानदार किक लगाकर गोल करने का प्रयास किया। सेंट एटिने के गोलकीपर जेसी मौलिन ने इस प्रयास को विफल कर दिया, लेकिन गेंद उनके

हाथ से छिटक गई। इस मौके का लाभ उठाते हुए नेमार रिबाउंड पर गोल करने में सफल रहे। पेरिस सेंट जर्मेन की टीम ने अपनी इस बढ़त को पूरे समय बरकरार रखा। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन कोई भी खिलाड़ी कामयाब नहीं हो पाया।

एमबाप्पे हुए चोटिल

पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे मैच के दौरान चोटिल हो गए। मैच के 30वें मिनट में सेंट एटिने के कप्तान लोइच पेरिन ने एमबाप्पे को टक्कर मार दी, जिससे एमबाप्पे का टखना चोटिल हो गया। इसके बाद रेफरी ने पेरिन को रेड कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया।

- पेरिस सेंट जर्मेन ने सर्वाधिक 13 बार फ्रेंच कप का खिताब जीता है। इसके अलावा पांच बार उपविजेता भी रहा है।
- पेरिस सेंट जर्मेन को अगले महीने यूएफा चैम्पियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में अटलांटा के खिलाफ मैच खेलना है।
- कोरोना महामारी के दौरान यूरोप में पहली बार किसी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल को 5 हजार दर्शकों ने देखा।

टोक्यो ओलिंपिक का काउंटडाउन फिर हुआ शुरू

टोक्यो, जापान में अगले वर्ष आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों का काउंटडाउन एक बार फिर शुरू हो गया है। कोराना महामारी के व्यापक असर को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने इस वर्ष ओलिंपिक खेलों को एक वर्ष के लिए स्थगित किया है। अब ओलिंपिक खेल 23 जुलाई 2021 से आयोजित होंगे। पिछले वर्ष भी इन ओलिंपिक खेलों का काउंटडाउन हुआ था। यह काउंटडाउन 1 वर्ष यानि 365 दिन का होता है। पिछले वर्ष ओलिंपिक काउंटडाउन की शुरुआत के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, लेकिन इस बार काउंटडाउन कार्यक्रम सादगी के साथ किया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

अमेरिका में हन्ना तूफान ने मचाया घमासान

अमेरिका में हन्ना तूफान ने जोर पकड़ लिया है। अमेरिका के उत्तरी राज्यों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। 180

किलोमीटर की रफ्तार से आई तेज हवाओं ने सड़कों पर वाहनों को पलटा दिया है। टैक्सास और उसके आसपास के स्थानों में कई मकान ढह गये। सबसे ज्यादा असर संचार के साधनों पर हुआ। गौरतलब है कि हन्ना के आने से तूफानी हवाओं की गति में तेजी देखी गई है। राज्य सरकार तूफान से हुये नुकसान का आकलन करा रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

चौंतीस वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जगह लेगी 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दे दी है। इस नीति से स्कूली और उच्च शिक्षा दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रूपांतरकारी सुधार के रास्ते खुल गए हैं। यह 21वीं सदी की पहली शिक्षा नीति है और यह 34 साल पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनपीई), 1986 की जगह लेगी। सबके लिए आसान पहुंच, इक्विटी, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही के आधारभूत स्तंभों पर निर्मित यह नई शिक्षा नीति सतत विकास के लिए एजेंडा 2030 के अनुकूल है और इसका उद्देश्य 21वीं सदी की जरूरतों के अनुकूल स्कूल और कॉलेज की शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला बनाते हुए भारत को एक ज्ञान आधारित जीवंत समाज और ज्ञान की वैश्विक महाशक्ति में बदलना और प्रत्येक छात्र में निहित अद्वितीय क्षमताओं को सामने लाना है।

- **एनईपी 2020 स्कूल से दूर रह रहे 2 करोड़ बच्चों को फिर से मुख्य धारा में लाएगी।**
- **12 साल की स्कूली शिक्षा और 3 साल की आंगनवाड़ी/प्री-स्कूलिंग के साथ नए 5+3+3+4 स्कूली पाठ्यक्रम।**
- **कम से कम 5वीं कक्षा तक मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई।**
- **नई शिक्षा नीति स्कूली और उच्च शिक्षा दोनों में बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है। पाली, फारसी और प्राकृत के लिए राष्ट्रीय संस्थान, भारतीय अनुवाद और व्याख्या संस्थान की स्थापना की जाएगी।**
- **प्रख्यात वैज्ञानिक, पद्म विभूषण डॉ. के कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मसौदे के लिए एक समिति का किया गया था गठन।**

नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण बातें

- **स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सबकी एकसमान पहुंच सुनिश्चित करना :** एनईपी 2020 स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों की प्री-स्कूल से माध्यमिक स्तर तक सबके लिए एक समान पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर देती है। स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से मुख्य धारा में शामिल करने के लिए स्कूल के बुनियादी ढांचे का विकास और नवीन शिक्षा केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- **नए पाठ्यक्रम और शैक्षणिक संरचना के साथ प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा:** 10+2 ढांचे की जगह 5+3+3+4 की नयी पाठ्यक्रम संरचना लागू की जायेगी जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14, और 14-18 उम्र के बच्चों के लिए है। नई प्रणाली में तीन साल की आंगनवाड़ी/प्री स्कूलिंग के साथ 12 साल की स्कूली शिक्षा होगी।
- **बच्चों के लिए प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा :** एनसीईआरटी 8 वर्ष की आयु तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (एनसीपीएफईसीसीई) के लिए एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शैक्षणिक ढांचा विकसित करेगा। एक विस्तृत और मजबूत संस्थान प्रणाली के माध्यम से प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मुहैया कराई जाएगी।
- **बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करना :** बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान की प्राप्ति को सही ढंग से सीखने के लिए अत्यंत जरूरी एवं पहली आवश्यकता मानते हुए 'एनईपी 2020' में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन' की स्थापना किए जाने पर विशेष जोर दिया गया है।
- **स्कूल के पाठ्यक्रम और अध्यापन-कला में सुधार :** स्कूल के पाठ्यक्रम और अध्यापन-कला का लक्ष्य यह होगा कि 21वीं सदी के प्रमुख कौशल या व्यावहारिक जानकारियों से विद्यार्थियों को लैस करके उनका समग्र विकास किया जाए। विद्यार्थियों को पसंदीदा विषय चुनने के लिए कई विकल्प दिए जाएंगे। एक नई एवं व्यापक स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा 'एनसीएफएसई 2020-21' एनसीईआरटी द्वारा विकसित की जाएगी।
- **बहुभाषावाद और भाषा की ताकत :** नीति में कम से कम ग्रेड 5 तक, अच्छा हो कि ग्रेड 8 तक और उससे आगे भी मातृभाषा/स्थानीय भाषा/क्षेत्रीय भाषा को ही शिक्षा का माध्यम रखने पर विशेष जोर दिया गया है। विद्यार्थियों को स्कूल के सभी स्तरों और उच्च शिक्षा में संस्कृत को एक विकल्प के रूप में चुनने का अवसर दिया जाएगा। किसी भी विद्यार्थी पर कोई भी भाषा नहीं थोपी जाएगी।

बुकर पुरस्कार

भारतीय मूल की अवनि नामित

दुबई में रहने वाली भारतवंशी लेखिका अवनि दोशी सहित 13 लेखकों के नाम 2020 के बुकर पुरस्कार के लिये शामिल किये गये हैं। इस सूची में दो बार बुकर पुरस्कार जीत चुकीं हिलेरी मेंटल का भी नाम शामिल है।

चयन समिति ने लेखकों की सूची अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 के बीच में प्रकाशित 162 उपन्यासों के आधार पर तैयार की है। इनमें से 6 लेखकों के नाम की घोषणा सितंबर में होगी और विजेता को अक्टूबर नवंबर में पुरस्कार

प्रदान किये जायेंगे। अवनि को उनके उपन्यास बर्न्ट शुगर के लिये चयनित किया गया है।

रूस को जी-7 में शामिल करने पर जर्मनी असहमत

रूस को जी-7 ग्रुप में शामिल करने को लेकर जर्मनी ने अपनी असहमति जताई है। जर्मनी के विदेश मंत्री हेइको मास ने कहा है कि यूक्रेन संकट का समाधान निकलने से पहले रूस को जी-7 ग्रुप में शामिल करना अनुचित है। मास ने एक समाचार पत्र को दिये इंटरव्यू में कहा कि रूस को क्रीमिया में उथल-पुथल मचाने और पूर्वी यूक्रेन में हस्तक्षेप के मद्देनजर जी-8 रोस्टर से बाहर किया गया था। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और भारत जी-7 में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव

डोनाल्ड ट्रंप और जो बिडेन के बीच पहली बहस

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच पहली बहस के लिये क्लीवलैंड में 29 सितम्बर की तारीख तय

- **कमीशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स ने बहस का शेड्यूल जारी किया है।**
- **दूसरी बहस 15 अक्टूबर को मियामी में होगी।**
- **उप-राष्ट्रपति पद के लिये 7 अक्टूबर को सॉल्ट लेक सिटी में डिबेट होगी।**

की गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पूर्व उप-राष्ट्रपति एवं डेमोक्रेट्स उम्मीदवार जो बिडेन के बीच यह बहस

होगी।

क्लीवलैंड की केस वेस्टर्न रिजर्व यूनिवर्सिटी और क्लीवलैंड क्लिनिक इस डिबेट को होस्ट करेंगे। 90 मिनट की इस बहस का लाइव टेलीकॉस्ट किया जायेगा।

आर्मी 2020 अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग फोरम

ब्राजील का प्रतिनिधिमंडल फोरम में हिस्सा लेगा

ब्राजील सरकार ने कहा है कि उनके देश का प्रतिनिधिमंडल अगस्त 2020 के अंत में मॉस्को में आयोजित होने वाले आर्मी 2020 अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग फोरम में हिस्सा लेगा। आर्मी 2020 अंतर्राष्ट्रीय रक्षा उद्योग मंच 23-29 अगस्त 2020 को आयोजित किया जायेगा। इसकी अवधि पहली बार 6 से 7 दिन के लिये बढ़ा दी गई है। फोरम का मुख्य कार्यक्रम पेट्रियट कांग्रेस और प्रदर्शनी केंद्र, कुबिन्का हवाई क्षेत्र, अलबिनो प्रशिक्षण मैदान और कोम्सोमोल्स्कोय झील के पास होगा।

संयुक्त राष्ट्र

महासभा के वार्षिक अधिवेशन में रिकॉर्डेड संदेश भेजेंगे वैश्विक नेता

संयुक्त राष्ट्र के 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि विभिन्न देशों के नेता कोरोना के कारण महासभा के वार्षिक

- **संयुक्त राष्ट्र का 75वां सत्र 15 सितंबर से शुरू होगा।**
- **इसमें यूएन के 193 सदस्य देशों के नेता दुनिया को संबोधित करेंगे।**

अधिवेशन में शामिल होने न्यूयॉर्क नहीं जायेंगे, बल्कि रिकॉर्डेड वीडियो मैसेज भेजेंगे। सत्र की शुरुआत में 'आम चर्चा' आयोजित की जाती है, जो आम तौर पर एक सप्ताह तक चलती है।

22 जुलाई को यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सदस्य देश, पर्यवेक्षक देश और यूरोपीय संघ अपने राष्ट्राध्यक्ष, उपराष्ट्रपति, युवराज या राजकुमारी,

शासन प्रमुख मंत्री या उपमंत्री के बयान का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो भेजेंगे, जिसे संयुक्त राष्ट्र के 75वें वर्षगांठ सत्र में आम चर्चा के दौरान असेम्बली हाल में उनके प्रतिनिधियों के परिचय के बाद प्रसारित किया जायेगा।

एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम चीन को देने पर रूस ने लगाई रोक

चीन की उम्मीद के विपरीत रूस ने चीन को एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम की आपूर्ति पर तत्काल रोक लगा दी है।

इस मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति रोकने से पहले मॉस्को ने बीजिंग पर जासूसी करने का आरोप लगाया था। रूस के अधिकारियों ने अपने सेंट पीटर्सबर्ग आर्कटिक सोशल साइंसेज अकादमी के अध्यक्ष वालेरीमिट्को को चीन को गोपनीय सामग्री सौंपने का दोषी

पाया है और संभवतः इसी कारण रूस ने अपना मन बदल लिया।

- **एस-400 मिसाइल सिस्टम, एस-300 का अपडेटेड वर्जन है। यह 400 किलोमीटर के दायरे में आने वाली मिसाइलों को खत्म कर सकता है।**
- **एस-400 डिफेंस सिस्टम एक तरह से मिसाइल शील्ड का काम करेगा।**
- **यह सिस्टम एक बार में 72 मिसाइल दाग सकता है।**
- **यह सिस्टम अमेरिका के एडवांस्ड फाइटर जेट एफ-35 को भी गिरा सकता है।**

ईरान ने समुद्र में उतारा नकली एयरक्राफ्ट कैरियर

अमेरिका से जारी तनाव के बीच ईरान ने हरमुज जलसंधि इलाके में अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर निमित्ज की एक प्रतिकृति को उतारा है। उपग्रह से ली गई तस्वीरों से संकेत मिलता है कि जल्द ही ईरान इस प्रतिकृति का इस्तेमाल किसी सैन्याभ्यास में कर सकता है।

मैक्सार टेक्नोलॉजीज द्वारा ली गई तस्वीर में ईरान की एक तेज रफ्तार नौका इस पोत की ओर जाती दिखाई दी जिसे पहले ही ईरानी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास से समुद्र में उतारा गया था। हालांकि ईरान ने अभी तक इस खबर की न तो पुष्टि की है

न ही खंडन किया है। सैटेलाइट तस्वीरों के अनुसार 200 मीटर लंबे और 50 मीटर चौड़े इस पोत पर 16 लड़ाकू विमानों की प्रतिकृति बनायी गई है। असली निमित्ज वास्तव में 300 मीटर लंबा और 75 मीटर चौड़ा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमसे पूछिये स्तंभ में 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं। इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

'रोज़गार और निर्माण' के हमसे पूछिये स्तंभ में प्रकाशित होने वाले सवाल-जवाब पाठकों की सुविधा के लिये हैं। समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों और पदों की अर्हताओं में बदलाव होते रहते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुये विभिन्न कोर्स, संस्थान और अन्य संबंधित जानकारी के लिये कृपया संबंधित विभाग/संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय में संपर्क करें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश, पिनकोड-462 011

मैंने दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण की है। मैं फार्मेसी में कॅरियर बनाने की रुचि रखता हूँ। इसमें कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं और मुझे क्या करना चाहिए?

- भारतसिंह चौहान, खरगोन

● यकीनन कोविड-19 के दौर में देश में फार्मेसी उद्योग छलांगे लगाकर तेजी से

आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। कोरोना संकट के समय भारत का फॉर्मा उद्योग पूरी दुनिया के लिए एक संपत्ति की तरह दिखाई दिया है। कोरोना संकट में भारत ने अमेरिका, रूस, जर्मनी, इंग्लैंड और ब्राजील सहित दुनिया के कई देशों को हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन जैसी कई दवाइयों का निर्यात करके दुनिया की नई फॉर्मेसी के रूप में पहचान बनाई है।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारतीय दवा उद्योग मात्रा के आधार पर दुनिया के शीर्ष सबसे बड़े बाजारों में एक है। एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में भारतीय फॉर्मा उद्योग का कारोबार करीब 40 अरब डॉलर से अधिक का है।

यदि हम फार्मेसी में कॅरियर के मौकों के विभिन्न क्षेत्रों की ओर देखें तो पाते हैं कि ये मौके ड्रग मेन्युफैक्चरिंग, ड्रग रिसर्च, ड्रग मार्केटिंग, फार्माकोविजिलेंस, हॉस्पिटल फार्मेसी और रिसोर्स मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के तहत नई-नई दवाइयों की खोज व विकास संबंधी कार्य हैं। ड्रग मेन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में मॉलिक्युलर बायोलॉजिस्ट, टॉक्सिकोलॉजिस्ट या मेडिकल इंवेस्टिगेटर जैसे कार्य हैं। हॉस्पिटल फार्मासिस्ट्स के तहत दवाइयों और चिकित्सा संबंधी अन्य सहायक सामग्रियों के भंडारण, स्टॉकिंग और वितरण के कार्य हैं। क्लिनिकल रिसर्च के तहत नई लॉन्च मेडिसिन के बारे में क्लिनिकल ट्रॉयल व रिसर्च के कार्य हैं। फार्मेसी क्वॉलिटी कंट्रोल के तहत दवाइयों के नतीजे संबंधी सुरक्षा और आशा के अनुरूप उपयोगिता संबंधी नियंत्रण के कार्य हैं। ब्रांडिंग एंड सेल्स के तहत ड्रग्स व मेडिसिन के सेल्स एंव मार्केटिंग संबंधी कार्य हैं। मेडिकल इन्वेस्टिगेटर के तहत नई दवाइयों के टेस्टिंग व डेवलपमेंट की प्रक्रिया से संबंधी कॅरियर के मौके हैं। दवाई की दुकान शुरू करने और उसे चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने हेतु फार्मेसी की डिग्री जरूरी है। इन सबके अलावा सरकारी सेक्टर में ड्रग इंस्पेक्टर जैसी कई नौकरियों के लिए भी फार्मेसी की डिग्री अहमियत रखती है।

निश्चित रूप से फार्मेसी की अच्छी डिग्री और फॉर्मा सेक्टर में दक्षता के बाद देश ही नहीं, दुनियाभर में कॅरियर बनाया जा सकता है। फार्मेसी में कॅरियर बनाने के लिए स्टूडेंट के द्वारा 10वीं के बाद बायोलॉजी, फिजिक्स, केमेस्ट्री ग्रुप या मैथ्स, फिजिक्स, केमेस्ट्री का ग्रुप लिया जाना चाहिए। इसके बाद दो वर्ष का फार्मेसी में डिप्लोमा (डी फार्मा) या फिर चार वर्ष का बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी फार्मा) किया जा सकता है। इसके बाद दो वर्ष का मास्टर इन फार्मेसी (एम फार्मा) किया जा सकता है। मध्यप्रदेश के सभी विश्व-विद्यालयों में फार्मेसी के कोर्स उपलब्ध हैं।

कोविड-19 की चुनौतियों के बीच शेयर बाजार के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएँ क्या हैं? स्टॉक मार्केट में किस तरह कॅरियर बनाया जा सकता है?

- गिरीश महेश्वरी, धार

● यद्यपि कोविड-19 ने देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाला

है, लेकिन भारत का स्टॉक मार्केट यानी शेयर बाजार कोविड-19 की प्रतिकूलताओं के बीच भी उपयुक्त स्थिति में बना हुआ है। दुनिया के दूसरे देशों के शेयर बाजार की तुलना में भारत का शेयर बाजार संतोषजनक स्थिति में है और इसके ऊंचाई पर पहुँचने की पूरी संभावनाएँ हैं। अतएव स्टॉक मार्केट में कॅरियर संबंधी रुचि, योग्यता एवं क्षमता होने पर इसमें कॅरियर बनाना उपयुक्त होगा। बदलते परिवेश में अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर शेयर बाजार अर्थात स्टॉक मार्केट का प्रभाव नजर आने लगा है। अगर देखा जाए तो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का अंदाजा मौजूदा समय में उसके शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव के आधार पर लगाया जा सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आईना है। यही वजह है कि आज यह क्षेत्र रोज़गार के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। शेयर बाजार के क्षेत्र में कंसल्टेंसी के रूप में सर्वाधिक रोज़गार के अवसर हैं। इसके अलावा मार्केट एनालिस्ट, रिसर्च एनालिस्ट या इक्विटी रिसर्चर के तौर पर भी रोज़गार के अवसर हैं। तमाम इंवेस्टमेंट बैंक, म्यूचुअल फंड कंपनियाँ, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट, फाइनेंशियल वेबसाइट, स्टॉक ब्रोकिंग फर्म, फाइनेंशियन न्यूज पेपर्स आदि में भी भरपूर रोज़गार उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में इकोनॉमिस्ट, अकाउंटेंट, फाइनेंशियल एनालिस्ट एंड स्पेशलिस्ट, इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट, कैपिटल मार्केट स्पेशलिस्ट, इन्वेस्टमेंट एंड फायनेंशियल प्लानर्स और ब्रोकर जैसा कॅरियर प्राप्त किया जा सकता है। शेयर बाजार में कॅरियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थी मुख्य रूप से कैपिटल मार्केट (डीलर मॉड्यूल व डैरिवेटिव्स मॉड्यूल), सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन कैपिटल मार्केट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सर्टिफिकेट इंटरनेशनल इंवेस्टमेंट एनालिस्ट व कैपिटल मार्केट में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा कर सकते हैं। शेयर बाजार से संबंधित विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थी का स्नातक होना अनिवार्य है। कुछ संस्थानों में स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए एक व दो वर्षीय डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। विभिन्न संस्थानों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के अलावा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा संचालित किया जाने वाला एनसीएफएम टेस्ट उत्तीर्ण कर विभिन्न फर्मों में नियुक्ति पा सकते हैं। शेयर बाजार से संबंधित कोर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, दलाल स्ट्रीट, मुंबई, द इंस्टीट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट डेवलपमेंट, नई दिल्ली आदि से किया जा सकता है।

मैं लाख प्रशोधन यूनिट शुरू करना चाहता हूँ। प्रारंभिक मार्गदर्शन दें?

- कमलसिंह भुरिया, जोबट

● तेजी से बढ़ रहे लाख के उपयोग और लाख से संबंधित नए-नए अनुसंधानों की वजह से लाख का प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ता ही जा रहा है। विद्युतरोधी क्षमता, गर्म अवस्था में ढालने पर किसी भी प्रकार का आकार ग्रहण करने की क्षमता, गंधहीनता आदि गुणों के कारण लाख का उपयोग तथा खपत बढ़ने की संभावनाएँ बढ़ रही हैं। लाख का उपयोग कई प्रकार से किया जाता है। जैसे- दवाओं और खाद्य सामग्रियों के संरक्षण में, वार्निश-पेंट और लेप बनाने में, लाख-मोम, लाख रंग, लाख मोहर का निर्माण, विद्युत अवरोधक, सौंदर्य प्रसाधन, सौर ऊर्जा सेल, बूट पॉलिश व बम निर्माण आदि विभिन्न उद्योगों में लाख का उपयोग किया जाता है। अतः इसका एक विस्तृत बाजार देश तथा विदेश दोनों में ही उपलब्ध है। लाख के प्रमुख निर्यातक बाजारों में अमेरिका, जर्मनी, इंडोनेशिया, इंग्लैंड एवं सऊदी अरब आदि देश शामिल हैं। लाख प्रशोधन के कार्य में कोई विशिष्ट प्रकार की तकनीक वाली मशीनरी जरूरी नहीं होती है। इसकी प्रशोधन प्रक्रिया कई चरणों से होकर गुजरती है, जिसे मुख्यतः हाथों से और साधारण सी मशीनों जैसे- भट्टी, पल्वराईजर, गोल पत्थर के मटके, पोर्सलीन रोलर्स आदि के द्वारा इसे प्रशोधित किया जाता है। प्रशोधन इकाई की लागत भी अधिक नहीं होती है। इतना ही नहीं भारतीय लाख अनुसंधान संस्थान, रांची (झारखण्ड) के द्वारा लाख के क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को सहायता भी प्रदान की जाती है। यहाँ पर लाख उत्पादन तकनीक, लाख प्रसंस्करण और उत्पाद विकास पर प्रशिक्षण व परामर्श, विपणन आदि के लिए भी मार्गदर्शन दिया जाता है। यह भी जरूरी है कि इस इकाई को शुरू करने के पहले पर्याप्त अनुभव लिया जाए।

मैं डबल रोटी निर्माण की इकाई शुरू करना चाहता हूँ। इससे संबंधित जानकारी दीजिए?

- रविकुमार शर्मा, बुरहानपुर

● कोविड-19 के बीच बेकरी उद्योग तेजी से आगे बढ़ा है। अब देश में खाद्य संसाधन उद्योग में डबल रोटी निर्माण की इकाई की अहमियत बढ़ गई है। यह उद्योग शहरों, कस्बों के परिवारों को पौष्टिक अल्पाहार तथा भोजन प्रदान करता है। इस इकाई में जो सामान लगता है, उसमें आटा-मैदा, शक्कर, नमक, वनस्पति घी, खनिज, यीस्ट, डफ कंडीशनर, कैमिकल्स, दूध, विटामिन, ग्लूकोज आदि शामिल हैं। इसकी निर्माण विधि के अन्तर्गत डबल रोटी निर्माण से संबंधित सभी पदार्थों को मिक्सर में डालकर पानी से गूंथ लिया जाता है। गूंथे हुये मिश्रण को सांचे में डालकर ओवन में सेका जाता है। सिके हुए टुकड़ों को ठण्डा होने के बाद स्लाइसिंग मशीन से काटा जाता है। इसके बाद इन्हें पोलीथीन में पैक कर बाजार में बेचने के लिए प्रस्तुत कर दिया जाता है। कुछ योजना के अन्तर्गत इसकी इकाई लगाने हेतु ऋण दिया जाता है। योजना के विस्तृत विवरण के लिए जिले में स्थित जिला उद्योग केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। यह भी जरूरी है कि इस इकाई को शुरू करने के पहले पर्याप्त अनुभव लिया जाए।

तार की टोकरी एवं अन्य सामान बनाने की इकाई बनाने संबंधी इकाई शुरू करना चाहता हूँ। क्या मैकेनिकल सब्जेक्ट का कोई डिप्लोमा कोर्स इसमें उपयोगी होगा? मार्गदर्शन दें।

- सलीम खान, विदिशा

● घरों, होटलों और दुकानों में कई तरह का सामान रखने के लिए तार के वास्केट का इस्तेमाल काफी होता है। तार के बने कॅरियर स्टैंड से दुपहिया वाहनों में सामान लाने ले जाने का काम काफी सुविधाजनक होता है। इसकी उत्पादन प्रक्रिया के तहत सबसे पहले तार से संबंधित जो भी सामान बनाना होता है, उस सामान का डिजाइन और साइज का ले-आउट बनाया जाता है। उसके बाद 8 और 10 गेज के तार को काटकर जरूरत के हिसाब से उन्हें डाइयों की सहायता से आपस में जोड़ा जाता है । इन बने हुए आकारों के ऊपर तकनीकी का ध्यान रखते हुए प्लास्टिक कोटिंग पावडर चढ़ाया जाता है। इससे तार सुरक्षित रहता है और देखने में सुन्दर भी दिखता है। यह पॉलिश लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। तार की टोकरी और अन्य सामान बनाने की इकाई के लिए जो मशीनरी एवं उपकरण आवश्यक होते हैं, उनमें स्पॉट वेल्डिंग मशीन, वायर स्ट्रेटनिंग और कटिंग मशीन, विभिन्न साइजों के डाइ सेट, इलेक्ट्रिक ओवन, हैंड टूल्स आदि शामिल हैं। इस इकाई को लगाने के लिए कुछ योजना के तहत बैंक से ऋण व सहायता हासिल हो जाती है। इस बारे में विस्तृत जानकारी के लिए जिले में स्थित जिला उद्योग और व्यापार केंद्र से सम्पर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि तार की टोकरी एवं अन्य सामान बनाने की इकाई बनाने संबंधी यूनिट वे स्टूडेंट बहुत अच्छी तरह से चला सकते हैं, जिन्होंने आईटीआई, पॉलिटेक्निक या इंजीनियरिंग कॉलेज से मैकेनिकल विषय में कोई डिप्लोमा का शिक्षण प्राप्त किया है। यह भी जरूरी है कि इस इकाई को शुरू करने के पहले पर्याप्त अनुभव लिया जाए।

फॉरेन लैंग्वेजेस के क्षेत्र में कौन-कौन से कॅरियर बनाए जा सकते हैं। इस क्षेत्र में कॅरियर के लिए क्या किया जाना उपयुक्त होगा?

- संगीता अग्रवाल, इंदौर

● निसंदेह कोविड-19 के बाद फॉरेन लैंग्वेजेस सेक्टर में कॅरियर के मौके



बढ़ेंगे। खासतौर से कोविड-19 के बीच भारत के सहयोगात्मक रवैये के कारण दुनिया के अधिकांश देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध विकसित हुए हैं। अतएव दुनिया भर के देशों के साथ भारत के उद्योग-कारोबार और सांस्कृतिक संबंधों के बढ़ने के मद्देनजर फॉरेन लैंग्वेजेस की अहमियत बढ़ेगी। ज्ञातव्य है कि वैश्वीकरण के वर्तमान दौर में जब विभिन्न देशों के बीच की दूरियाँ और सीमाएँ सिमटकर रह गई हैं, तब विदेशी भाषाओं (फॉरेन लैंग्वेजेस) की जानकारी रोज़गार के बेहतरीन अवसर मुहैया करा रही है। विदेशी भाषा में रोज़गार की संभावना इस बात पर ज्यादा निर्भर करती है कि आपके भीतर अभिव्यक्ति की क्षमता कितनी है?

विदेशी भाषा सीखकर आप अनुवादक या दुभाषिया बन सकती हैं। विदेशी भाषा की पढ़ाई करने के बाद छात्र टूरिस्ट गाइड, अध्यापन, विभिन्न एयरलाइंस में भी कॅरियर बना सकते हैं। इसके अलावा आप स्वतंत्र लेखन, अनुवाद संस्थाओं, शोध संस्थाओं, अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, बैंकों विदेशी कंपनियों व पुस्तक प्रकाशन में पर्याप्त रोज़गार प्राप्त कर सकती हैं। आप होटल और पर्यटन उद्योग, जनसंचार और मनोरंजन, वाणिज्य, व्यापार और औद्योगिक घराने, दूतावास और राजनयिक क्षेत्र में भी अच्छा कॅरियर प्राप्त कर सकती हैं। विदेशी भाषा कोर्स करने के उपरांत विदेशों में भी कॅरियर के काफी अवसर विद्यमान हैं।

विदेशी भाषा से संबंधित पाठ्यक्रम मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं- प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, डिप्लोमा पाठ्यक्रम और डिग्री पाठ्यक्रम। प्रमाणपत्र और डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता मापदंड संबद्ध भाषा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम है। विदेशी भाषा का पाठ्यक्रम करने के लिए संबंधित संस्थानों द्वारा अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में चयनित होकर आप विदेशी भाषा का पाठ्यक्रम कराने वाले उपयुक्त शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकती हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।